वर्ष-31, अंक- 349, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 01, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
08 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### हिमाचल में भूस्खलन की चपेट में आई बस, 15 शव बरामद

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में हो रही मूसलाधार वर्षा के बीच बिलासपुर जिले से मंगलवार शाम दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। घटना झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में भल्लू पुल के समीप एक निजी बस के भूस्खलन की चपेट में आने से हुई है। भारी बारिश के बाद अचानक पहाड़ी से मलबा और बड़े-बड़े पत्थर बस पर आ गिरे, जिससे बस पूरी तरह मलबे में दब गई। हादसे के समय बस में करीब 30 से 35 यात्री सवार थे। अब तक 15 शव बरामद होने की खबर सामने आई है, जबकि कई यात्री लापता बताए जा रहे हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोग लगातार रेस्क्यू अभियान में जुटे हैं। अब तक दो बच्चियों को जीवित बाहर निकाला गया है। कई यात्रियों को अचेत अवस्था में निकालकर अस्पताल भेजा गया है। यह संतोषी नामक निजी बस मरोतन से घुमारवीं जा रही थी और अचानक भूस्खलन की चपेट में आ गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस कठिन घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने और घायलों को तुरंत उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

सतत विकास पर मंथन: वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया नौवीं नागी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

# रांची विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय सम्मेलन में संसाधनों के उपयोग व प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों पर होगी चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग और नेशनल एसोसिएशन ऑफ जियोग्राफर्स, इंडिया (नागी) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नौवीं नागी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का शुभारंभ किया गया। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन समारोह में भाग लिया और सम्मेलन के सफल आयोजन पर रांची विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। तीन दिवसीय इस



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय "सस्टेनेबल फ्यूचर अर्थः संसाधनों के उपयोग एवं प्रबंधन में उभरते प्रश्न और चुनौतियां" निर्धारित है। सम्मेलन में देश-विदेश के भूगोलविद, शिक्षाविद तथा शोधार्थी भाग ले रहे हैं, जो पृथ्वी के सतत भविष्य और संसाधनों के संतुलित उपयोग से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों पर अपने विचार साझा करेंगे। अपने संबोधन में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सतत विकास आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण राज्य है, और यदि हम इन संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें तो विकास और पर्यावरण दोनों के बीच संतुलन बनाए रखा शेष पेज 11 पर...

# माओवादी के प्रतिरोध सप्ताह और बंद के ऐलान पर पुलिस हाई अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन ने 8 से 14 अक्टूबर तक प्रतिरोध सप्ताह और 15 अक्टूबर को एक दिवसीय बंद का आह्वान किया है। इस दौरान नक्सलियों के दस्ते गड़बड़ी फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। इसके मद्देनजर झारखंड पुलिस ने पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। झारखंड पुलिस के आईजी (अभियान) माइकल राज ने बताया कि माओवादियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सभी जिलों में सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है। संवेदनशील स्थानों, सरकारी प्रतिष्ठानों, रेल और सड़क



मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं, ताकि जनजीवन सामान्य बना रहे। आईजी ने कहा कि प्रस्तावित प्रतिरोध सप्ताह और बंद का असर झारखंड के अलावा बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम जैसे पड़ोसी राज्यों में भी देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से 15 अक्टूबर को होने वाले बंद को ध्यान में रखते हुए सूचना तंत्र को और सक्रिय किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और निर्भीक होकर रोजमर्रा की गतिविधियां संचालित करें। भाकपा माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के प्रवक्ता संकेत ने प्रेस रिलीज जारी कर 15 अक्टूबर को बिहार, झारखंड, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम बंद का ऐलान किया था। प्रेस रिलीज में कहा गया है कि 15 सितंबर को केंद्रीय कमेटी और आईआरबी सदस्य कॉमरेड सहदेव सोरेन उर्फ अनुज, बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य कॉमरेड शेष पेज 11 पर...

# आदिवासी छात्रों को अब नि:शुल्क मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी का मिलेगा अवसर : चमरा लिंडा

- हिंदपीढ़ी स्थित कल्याण विभाग के भवन में कोचिंग का संचालन किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक पहल की गई है। कोटा के प्रतिष्ठित मोशन एजुकेशन संस्थान के सहयोग से अब झारखंड के विद्यार्थियों को नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग राज्य में ही उपलब्ध कराई जाएगी। रांची के हिंदपीढ़ी स्थित कल्याण विभाग के भवन में कोचिंग का संचालन किया जाएगा।

इस योजना के संचालन एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को सौंपी गई है। मंगलवार को विभाग ने कोचिंग संस्थान को कार्य आदेश निर्गत किया। इसमें राज्य के लगभग 300 विद्यार्थियों को पहले चरण में इस योजना का लाभ मिलेगा, जिनका चयन शैक्षणिक योग्यता और निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया गया है।

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थियों को अवसर और मंच मिलना अत्यंत आवश्यक है। झारखंड के बच्चे भी आईआईटी, एम्स और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में जाएँ इसके लिए उन्हें उचित संसाधन और वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों की कमी और उचित मार्गदर्शन के अभाव में पिछड़ जाते हैं। हमारा प्रयास है कि झारखंड का कोई भी गरीब विद्यार्थी बेरोजगार होकर न लौटे, बल्कि कुछ बनकर, आत्मविश्वास के साथ लौटे। सरकार की यह पहल हमारे युवाओं को नई दिशा और ऊर्जा देगी।

मंत्री चमरा लिंडा ने कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी के साथ छात्रावास, पुस्तकालय और भोजनालय का निरीक्षण किया तथा सभी आवश्यक सुधार और सुविधाओं के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजना है कि आने वाले चरणों में यूपीएससी, सिविल सर्विस जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी झारखंड के विद्यार्थियों को दिल्ली भेजा जाएगा। पहले चरण में एसटी वर्ग, दूसरे चरण में एससी और बाद में ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि झारखंड के प्रत्येक मेधावी विद्यार्थी को अपनी प्रतिभा निखारने का समान अवसर मिले। झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें दिशा, अवसर और संसाधन देने की। आज का युग तेज़ प्रतिस्पर्धा का है, और हमें अपने विद्यार्थियों को संसाधनों व मार्गदर्शन से सशक्त बनाना होगा।



### झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाना है : हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे हैं। इसके लिए राज्य के कई स्कूलों को अपग्रेड कर अंग्रेजी माध्यम में किया है। वे हमेशा यह कहते हैं कि झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाना है। इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

पीएमएलए ट्रिब्यूनल का आदेश

# हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से जब्त कार वापस करे ईडी



**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित पीएमएलए अपीलीय ट्रिब्यूनल ने ईडी को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से जब्त की गई बीएमडब्ल्यू कार को रिलीज करने का आदेश दिया है। यह कार 29 जनवरी, 2024 को उस वक्त जब्त की गई थी, जब ईडी की टीम ने झारखंड भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के दौरान उनके दिल्ली स्थित आवास की तलाशी ली थी।

बीएमडब्ल्यू की 2021 मॉडल वाली यह कार भगवानदास होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड थी। कंपनी ने इस जब्ती को चुनौती दी। कंपनी ने कहा कि 21 महीने बीत जाने के बाद भी ईडी ने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया, जिसके आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग के कथित मामले से इसका कोई संबंध हो।

अपील पर सुनवाई के बाद ट्रिब्यूनल ने कहा कि कार ऐसी वस्तु है जिसकी कीमत समय के साथ तेजी से घटती है। जब तक यह साबित न हो कि जब्त कार मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए खरीदी गई है या फिर ऐसे किसी अपराध में इसका इस्तेमाल हुआ है, तब तक इसे अनिश्चितकाल तक जब्त किए रखना ठीक नहीं है। ट्रिब्यूनल ने ईडी को छह सप्ताह के अंदर कार रिलीज करने का निर्देश दिया है।

कंपनी के वकील रोहित शर्मा और राजेश इनामदार ने ट्रिब्यूनल में तर्क दिया कि न तो उनकी कंपनी और न ही उसके निदेशक ईसीआईआर या ईडी की अभियोजन शिकायतों में आरोपी बनाए गए। ट्रिब्यूनल ने भी माना कि ईडी ने जब्ती को सही ठहराने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं पेश किया। इसलिए ट्रिब्यूनल ने ईडी के तर्कों को अस्वीकृत कर कार को याचिकाकर्ता को लौटाने का आदेश दिया।

हालांकि, ट्रिब्यूनल ने कार लौटाते समय शर्त रखी है कि याचिकाकर्ता अगले एक साल तक कार को न तो बेचेगा और न ही उसे डिस्पोज करेगा, बल्कि इसे चालू हालत में रखेगा। भविष्य में अगर कोई सबूत मिलता है, तो ईडी के पास फिर कार्रवाई करने का अधिकार रहेगा। ट्रिब्यूनल ने यह आदेश 25 सितंबर को दिया, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। इससे पहले, इस मामले में जब्त अन्य वस्तुएं, जिनमें डिजिटल उपकरण भी शामिल थे, याचिकाकर्ता को पहले ही लौटा दी गई हैं।

## आज / कल




# अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों को फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार

- क्वांटम टनलिंग की खोज की थी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** स्वीडन में आज फिजिक्स के नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो गई। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने दोपहर 3:15 बजे विजेताओं के नाम का ऐलान किया। इस साल फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार अमेरिका के जॉन क्लार्क, माइकल डेवोरेट, जॉन मार्टिनिस को मिला है। पुरस्कार की घोषणा करते हुए क्वांटम मैकेनिज्म के प्रभावों को समझाया गया। इस वर्ष के नोबेल पुरस्कार विजेताओं



ने एक इलेक्ट्रिकल सर्किट के साथ प्रयोग किए, जिसमें उन्होंने एक ऐसी प्रणाली में क्वांटम मैकेनिकल टनलिंग और क्वांटाइज्ड एनर्जी लेवल, दोनों का प्रदर्शन किया जो हाथ में पकड़ने लायक थी। ये खोज क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, क्वांटम कंप्यूटर और क्वांटम सेंसर सहित क्वांटम तकनीक को और समझने में मदद करेगी। आमतौर पर क्वांटम मैकेनिक्स के नियम बहुत छोटे कणों (इलेक्ट्रॉन) पर लागू होते हैं। इनके व्यवहार को माइक्रोस्कोपिक कहा जाता है, शेष पेज 11 पर...

# कैबिनेट ने 24,634 करोड़ रुपए के 4 मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को चार राज्यों में चार मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इसमें 24,634 करोड़ रुपए की लागत आएगी। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों को कवर करने वाले ये चार प्रोजेक्ट्स भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 894 किलोमीटर बढ़ाएंगे।

सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन प्रोजेक्ट्स में महाराष्ट्र के वर्धा-भुसावल के बीच 314 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के गोंदिया-डोंगरगढ़ के बीच 84 किलोमीटर लंबी चौथी लाइन, गुजरात और मध्य प्रदेश के बड़ौदा-रतलाम के बीच 259 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन और मध्य प्रदेश के इटारसी-भोपाल के बीच 237 किलोमीटर लंबी बीना चौथी लाइन शामिल हैं।

यह प्रोजेक्ट्स लगभग 85.84 लाख की आबादी वाले लगभग 3,633 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे और इनमें विदिशा और राजनांदगांव के दो आकांक्षी जिले शामिल हैं। नई लाइनें लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार करेंगी। यह मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स भारतीय रेलवे नेटवर्क पर परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने में मदद करेगा। बयान में आगे कहा गया है कि ये प्रोजेक्ट्स प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को "आत्मनिर्भर" बनाएगा और उनके रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा। इन प्रोजेक्ट्स की योजना प्रधानमंत्री-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुसार बनाई गई है, जिसमें एकीकृत योजना और सभी पक्षकारों से परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## इंडिया

# कफ सिरप तो बहाना है नकली दवाओं का बाजार पुराना है

राजस्थान और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दूषित कफ सिरप पीने से कम से कम 14 बच्चों की मौत की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर इस याचिका में देश भर में सभी दूषित कफ सिरप बैचों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें वापस मंगाने तथा सभी सिरप-आधारित फ़ॉर्मूलेशनों की अनिवार्य जांच की भी मांग की गई है। अन्य राज्यों में हुई ऐसी ही घटनाओं का हवाला देते हुए, तिवारी ने आग्रह किया कि जांच सर्वोच्च न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए। याचिका में शोक संतप्त परिवारों को मुआवज़ा देने और दवा सुरक्षा अलर्ट की वास्तविक समय पर निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस पोर्टल बनाने की मांग की गई है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का भी हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है यह अधिकार सुनिश्चित करता है कि उपचार के लिए बनाई गई कोई भी दवा मौत का कारण न बने। परीक्षणों में पाया गया कि तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) पाया गया था - एक ज़हरीला औद्योगिक विलायक जो दवाइयों में इस्तेमाल के लिए प्रतिबंधित है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला कि सिरप पीने के बाद कई बच्चों को गंभीर गुर्दे की विफलता का सामना करना पड़ा और कुछ ही दिनों में मरने वालों की संख्या चौदह हो गई। बाद में महाराष्ट्र के नागपुर से भी इसी तरह के मामले सामने आए। याचिका में केंद्र सरकार और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की निष्क्रियता पर सवाल उठाया गया है और आरोप लगाया गया है कि दूषित पदार्थों की पुष्टि होने के बावजूद कोई प्रतिबंध या चेतावनी जारी नहीं की गई। वैश्विक स्तर पर, हर देश घटिया या नकली दवाओं का शिकार है, जिसके परिणामस्वरूप जीवन के लिए खतरा पैदा होता है, उपभोक्ता और निर्माता को वित्तीय नुकसान होता है और स्वास्थ्य प्रणाली पर विश्वास में कमी आती है। भारत में दवाओं की गुणवत्ता पर कोई बड़ा अध्ययन नहीं किया गया है ।वर्ष 2000 में एक रिपोर्ट थी कि नकली दवाओं की लगभग 35.0, 23.1 और 13.3% वैश्विक बिक्री क्रमशः भारत, नाइजीरिया और पाकिस्तान से होती है और जालसाजी में सभी चिकित्सीय वर्ग की दवाएं और मुख्य रूप से एंटीबायोटिक्स शामिल हैं। समस्या के खिलाफ अधिक कड़े विनियमन और कानूनी कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। हालांकि, भारत ने सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा और संवर्धन के लिए खराब गुणवत्ता वाली दवाओं से लड़ने के लिए देश में कुछ निवारक कदम उठाए हैं। झारखंड भी नकली दवाओं से अछूता नहीं है रांची के पिस्का मोड़ के पास एक बड़ा रैकेट पकड़ा गया था और काफ सिरप का नशे की तरह दुरुपयोग भी होता है। पर सवाल उठता है कि क्या हमने उससे कुछ सीखा? ऐसी घटनाएं देश की दवा-नियामक व्यवस्था पर गहरे सवाल खड़े करती हैं।हर राज्य में ड्रग कंट्रोलर दवा के प्रत्येक बैच की जांच के लिए जिम्मेदार होता है, परंतु जमीनी हकीकत यह है कि निरीक्षण औपचारिकता बनकर रह गया है। ऐसे भी दृष्टांत हैं, जिनमें गुणवत्ता परीक्षण में विफल रही दवाएं सरकारी योजना के तहत वितरित की गई हैं। यह तंत्रगत भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता की ओर इशारा करता है। त्रासदी के बाद विवादित सिरपों पर राज्यों ने प्रतिबंध लगाया है और जांच के आदेश दिए हैं। केंद्र सरकार ने भी एडवाइजरी जारी की है और जांच के लिए एक समिति भी गठित की है पर कार्रवाई सिर्फ प्रतीकात्मक न हो अन्यथा कोरोना के समय बनी अग्रणी ड्रग हब की वैश्विक छवि पर आंच आ सकती है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक




केंद्र सरकार ने नए फीचर को दी मंजूरी

# अब फेस, फिंगरप्रिंट से भी करें यूपीआई पेमेंट

**मुंबई (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को डिवाइस पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के साथ यूपीआई, यूपीआई में आधार-आधारित चेहरा प्रमाणीकरण और यूपीआई कैश पॉइंट्स पर यूपीआई का इस्तेमाल कर माइक्रो-एटीएम के माध्यम से नकद निकासी जैसे सुविधाओं को पेश किया। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, श्री एम. नागराजू, ने आज ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल (जीएफएफ) 2025 में तीन नए डिजिटल फीचर लॉन्च करने की घोषणा की। डीएफएस सचिव एम. नागराजू द्वारा लॉन्च किया गया, यूपीआई के लिए ऑन-डिवाइस प्रमाणीकरण ग्राहकों को यूपीआई पिन मैन्युअल रूप से दर्ज करने के




विकल्प के रूप में अपने स्मार्टफोन के अंतर्निहित सुरक्षा विकल्पों जैसे फिंगरप्रिंट या फेस अनलॉक के माध्यम से सीधे यूपीआई पेमेंट को प्रमाणित करने में सक्षम बनाता है। यह सुविधा उन ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी जो इसे चुनना चाहते हैं, जिससे उन्हें प्रमाणीकरण के अपने पसंदीदा तरीके पर नियंत्रण मिलेगा। इसका उद्देश्य बार-बार पिन दर्ज करने की आवश्यकता को कम कर भुगतानों शेष पेज 11 पर...

## सामाजिक कार्यकर्ता को फोन से मिली जान से मारने की धमकी

**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर जान से मारने की धमकी मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पोंची गांव निवासी 42 वर्षीय आशीष कुमार सिन्हा को 6 अक्टूबर 2025 की सुबह करीब 9 बजे उनके मोबाइल नंबर 9142447205 पर 8084125747 नंबर से कॉल आया। शुरुआत में कॉल करने वाले ने सामान्य बातचीत का आभास दिया, लेकिन कुछ ही क्षणों बाद उसने अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आशीष कुमार ने बताया कि जब उन्होंने बार-बार कॉलर से उसकी पहचान पूछी, तो उसने बताने से साफ इनकार कर दिया। बाद में ट्रू कॉलर ऐप पर उक्त नंबर "नितिन गुप्ता" के नाम से प्रदर्शित हुआ। पीड़ित ने इस पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत थाना प्रभारी, सतबरवा को सौंपी है और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जल–जंगल संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों का ऐतिहासिक धरना, कहा –

# जंगल आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवित रहे

- पेड़ों की छांव छिनेगी तो जीवन भी सूख जाएगा
- हमारा जंगल, हमारी जान सतबरवा में गूंजा आदिवासी अस्मिता का स्वर

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** मंगलवार को पर्यावरण, परंपरा और अस्तित्व की लड़ाई का प्रतीक बन गया। रेवारातू पंचायत के कोटया, सप्तमी (सतनी) और लकड़ाही पहाड़–जंगल को बचाने की मांग को लेकर जल–जंगल संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में ऐतिहासिक धरना–प्रदर्शन किया। सरना झंडा थामे पुरुष–महिलाओं ने पारंपरिक नारों और गीतों के साथ प्रशासन से जंगल को ग्राम समाज के नियंत्रण में रखने की मांग की। धरना का संचालन समाजसेवी आशीष कुमार सिन्हा ने किया। धरने की अगुवाई कर रहे 81 वर्षीय वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह ने भावनात्मक संबोधन में कहा कि यह जंगल हमारे पुरखों की धरोहर है। हमने पीढ़ियों से इसकी रखवाली की है। अब जब जीवन की संध्या आ गई है, मैं यही चाहता हूं कि यह जंगल आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवित रहे। अगर यह जंगल गया, तो हमारी पहचान, हमारी संस्कृति, सब कुछ खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जंगल गांव की आत्मा है, जहां से पानी, हवा और जीवन की धारा बहती है। हम इसे किसी भी कीमत पर उजड़ने नहीं देंगे। जरूरत पड़ी तो आंदोलन की आग पूरे क्षेत्र में फैलेगी। पांकी विधायक के सतबरवा प्रतिनिधि सह सोशल मीडिया प्रभारी महेश यादव ने कहा कि जल, जंगल और पहाड़ हमारी जीवनरेखा हैं। कुछ लोगों ने फर्जी ग्रामसभा दिखाकर जंगल की लीज कराने की साजिश की है। इसे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। धरना में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और एक स्वर में सरकार से मांग की कि जंगलों को बाहरी ठेकेदारों या निजी कंपनियों को सौंपने की योजना तुरंत वापस ली जाए। अंत में संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह, महेश यादव, अशोक यादव, रघु साव, एतवरिया देवी और पारो देवी ने सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जंगल को ग्राम सभा के अधिकार में रखा जाए और किसी भी बाहरी दखल को रोका जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें अनसुनी रहीं, तो आंदोलन को प्रखंड से जिले तक विस्तारित किया जाएगा।

### धरना की प्रमुख बातें

सैकड़ों ग्रामीणों ने सरना झंडा लेकर जल–जंगल–जमीन बचाओ का नारा लगाया। 81 वर्षीय शिवराज सिंह ने आखिरी सांस तक जंगल बचाने की प्रतिज्ञा ली ग्राम सभा की फर्जी प्रक्रिया की जांच और लीज रद्द करने की मांग मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया संघर्ष समिति का नारा पेड़ बचाओ, पहाड़ बचाओ, यही है जीवन, यही हमारी पहचान है।

## राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर को किया ट्वीट



- काशीसोत डैम को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय नवीन मेल में मंगलवार को "काशीसोत डैम के पर्यटक स्थल निर्माण की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं" शीर्षक से प्रकाशित खबर को टैग कर सोशल साइट्स के माध्यम से युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के स्टेट कॉर्डिनेटर राहुल सिंह ने इस पर संज्ञान लेते हुए ठोस कदम उठाने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पर्यटन विकास और ग्रामीण विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू व दीपिका पांडेय सिंह से की है। इनके साथ ही एक अन्य यूजर मिस्टर तनवीर ने भी ट्विटर पर मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री को लिखा कि काशी स्रोत डैम के पर्यटन स्थल निर्माण में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। जबकि यह क्षेत्र पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की क्षमता रखता है। लेकिन इस दिशा में सरकार की ओर से पहल का अभाव खल रहा है। उनका मानना है कि यदि डैम के आसपास आधारभूत संरचनाओं का विकास कर नौका विहार जैसी गतिविधियां शुरू हो जाएं, तो यह क्षेत्र झारखंड के एक और प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बन सकता है। इससे रोजगार सृजन होने से आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

## शिक्षा के साथ सामाजिक गतिविधियों में अलख जगा रहा है पीएम श्री उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय संढा

# बीते चार वर्षों से मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राएं अनुमंडल से लेकर जिला तक लहरा रहे परचम

- शिक्षकों की कमी के बावजूद छात्रों के भविष्य सवांरने में लगे हैं शिक्षक

संजय ओझा



**हुसैनाबाद (पलामू)।** पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय संढा सीमित संसाधनों के बीच हुसैनाबाद में शिक्षा का अलख जगा रहा है। वर्ष 2016 में मिडिल स्कूल से उच्च विद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ। वर्ष 2023 में प्लस टू का दर्जा मिला। वर्ष 2016 से उत्क्रमित का दर्जा मिलने के बाद भी आज तक विद्यालय सीमित संसाधन में जिले तक अपना मुकाम हासिल करने में सफल रहा है। वर्ष 2021 से अनवरत मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राएं अनुमंडल से लेकर जिला तक परचम लहरा रहे हैं। 2025 में भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में प्रखंड से लेकर जिला तक परचम लहराने में सफल रहे। 95.6 प्रतिशत अंक लाकर छात्रा रिफत यासमीन व 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शुभम कुमार जिला टॉपर्स में अपना स्थान प्राप्त किया था। पांच शिक्षक के भरोसे विद्यालय में वर्ग 1 से लेकर 12 वीं तक के कुल 21,00 छात्र- छात्राएं अध्ययनरत हैं। इसमें कक्षा एक से 10वीं तक 850 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जबकि 11वीं व 12 वीं में कुल-1250 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। इसके लिए शिक्षक नियमित रुप से पठन-पाठन कर छात्र- छात्राओं के भविष्य को संवारने में जुटे हुए हैं। यह विद्यालय समाज में फैले डायन- बिसाही, दहेज प्रथा, अशिक्षा, नशा के खिलाफ अभियान चलाकर छात्र -छात्राओं के साथ-साथ उनके स्वजनों व ग्रामीणों को भी समय-समय पर जागरूक करने का कार्य करते रहा है। इसके साथ पर्यावरण के क्षेत्र में जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है। यही कारण है कि विद्यालय के छात्र- छात्राएं पठन-पाठन के साथ खेलकूद व सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। शिक्षक-शिक्षिका के रुप में प्रधानाध्यापक श्रीकांत पांडेय, जितेंद्र पाल, सुरेंद्र कुमार सिंह, मालविका, आईसीटी संदीप कुमार, ओंकार विश्वकर्मा व कलर्क चंदन कुमार पदस्थापित हैं, जबकि 12 वीं कक्षा के लिए एक शिक्षक पंकज कुमार सिंह को पदस्थापित किया गया है।

### विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध है संसाधन

पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय संढा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध है। विद्यालय में लाइब्रेरी, साइंस लैब, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास कंप्यूटर के साथ-साथ खेल मैदान की सुविधा है। स्कूल में सभी विषयों के साथ कंप्यूटर की शिक्षा प्रदान की जाती है। छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध है। आईसीटी लैब संसाधनों से युक्त है। विद्यालय में स्मार्ट क्लास भी चलता है जिसका लाभ विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिल रहा है। बीते चार वर्षों से मैट्रिक परीक्षा में स्कूल के छात्र-छात्राएं प्रखंड से लेकर जिला तक परचम लहरा रहे हैं। विद्यालय में शिक्षक की कमी है। बावजूद सीमित संसाधन में विद्यालय प्रबंधन छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यालय को हराभरा, स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए परिसर में वृक्षारोपण की जा रही है। विद्यार्थियों को उत्कृष्ट गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ सामाजिक व संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ समाज में फैले डायन- विसाही, दहेज प्रथा, अशिक्षा, नशा मुक्ति व वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

## स्वच्छ पटरी दिवस पर स्टेशनों के रेलवे ट्रैक की हुई सफाई

**मोहम्मदगंज।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार स्वच्छ पटरी दिवस पर विभिन्न स्टेशनों की पटरियों के किनारे और आसपास की परिधि में गहन सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ट्रैक के दोनों ओर जमा कचरे, झाड़ियों और अवांछित घास की सफाई की गई। साथ ही जल निकासी मार्गों को अवरोध मुक्त किया गया। बताया गया कि स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूक करने के साथ इन प्रयासों का उद्देश्य स्टेशन से सटे क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करना और खुले में मलत्याग जैसी अस्वच्छ प्रवृत्तियों को रोकना है। स्वच्छ पटरी दिवस की गतिविधियों के साथ-साथ मंडल क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नियमित सफाई और जागरूकता कार्यक्रम भी जारी रहा। प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, कोच शौचालय और डस्टबिन की सफाई के साथ-साथ यात्रियों को बायोटॉयलेट के समुचित उपयोग, गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण, और डस्टबिन के सही प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। घोषणाओं, पोस्टरों और संवाद सत्रों के माध्यम से स्वच्छता संदेश प्रसारित किया गया। विभिन्न स्टेशनों पर अमृत संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

# लगातार बारिश से आलू की बोवाई का काम पिछड़ा



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** अच्छी बारिश ने तो धान के बेहतर उत्पादन की उम्मीद जगा दी है। लेकिन लगातार बारिश से आलू की बोवाई के काम के करीब 15 दिन पिछड़ जाने से इसका बेहतर उत्पादन संभव नहीं रह गया, बताया जाता है। किसान रामजन्म राम, कृष्णा यादव सहित अन्य कई का कहना है कि इस वर्ष मृगडाह नक्षत्र में ही भरपूर बारिश होने से धान उत्पादन को लेकर किसानों आशान्वित कर दिया था। कुछ किसानों ने तो इसी नक्षत्र में अच्छी बारिश की संभावना का पोथी-पत्रा से पता लगने पर इससे पहले ही सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन से बिचड़ा डाल दिए थे। बाद में आर्द्रा नक्षत्र में झमाझम बारिश हुई, तो बचे खुचे किसानों ने भी बिचड़ा डाल दिए। किसानों का कहना है 15 वर्षों बाद इस वर्ष मृगडाह नक्षत्र में ही झमाझम बारिश हुई है। आर्द्रा नक्षत्र में भी समय-समय पर बारिश होने के साथ अब हथिया नक्षत्र में भी यह कम नहीं हुआ है। ऐसे में धान के बेहतर उत्पादन की उम्मीद हो गई है। हालांकि लगातार बारिश से भदई फसलों की बोवाई में मुश्किल बना रहा। जिनकी बोवाई की गई, वह सारे किस्म की फसलें खासकर, मक्का, तील, अरहर, मूंगफली अतिवृष्टि से प्रभावित हो गई। ऐसे में चावल तो उपलब्ध हो सकेगा, लेकिन आयातित दाल ही बाजार से खरीदनी पड़ेगी। जबकि मक्का की उपज नहीं मिलने से पारंपरिक भोज्य पदार्थ थाली से गायब हो गए। अब लगातार बारिश से आलू के उत्पादन को लेकर भी यही हश्र होने की वजह बन गई, लगती है। कारण की चालू नक्षत्र ही इसकी बोवाई को लेकर खेत तैयार का समय होता है मगर अभी भी बारिश थमा नहीं है। ऐसे में इसमें और विलंब होगा। तब तक मौसम सर्द हो जाएगा। जिसमें इसकी बोवाई से फसल को मौसम की मार झेलनी पड़ेगी। जैसा कि मौसम पूर्वानुमान में इस बार अधिक बारिश के कारण सर्दी भी अधिक पड़ने की संभावना जताई गई है, तब पाला गिरने की वजह से आलू अगर बोया भी जाता है, तो उसको झुलसा रोग का कोपभाजन बनना पड़ जाएगा। इससे दलहन के बाद इसकी सब्जि का भी अभाव झेलनी पड़ेगा। यह कहना गलत नहीं होगा। आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जून-जुलाई और अगस्त में कुल मिलाकर इस क्षेत्र में 1154.7 और सितंबर में 222.8 कुल 1377.5 मिलीमीटर वर्षापात दर्ज हुआ है। जो एक रिकॉर्ड स्तर है।

# रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफॉर्म एक सप्ताह से लगी है मालगाड़ी, यात्रियों को हो रही है परेशानी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरीऑन सोन रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पिछले एक सप्ताह से मालगाड़ी की खाली डब्बे के खड़ी करने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि बुजुर्ग, दिव्यांग यात्रियों को एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे नंबर प्लेटफार्म पर जाने में ज्यादा परेशानी होती है। सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव भी दो नंबर प्लेटफार्म पर ही काफी समय से कर दिया गया है। जबकि नियमतः उसे भी एक नंबर प्लेटफार्म पर लगना चाहिए। इस रेलवे की लापरवाही के कारण यात्रियों को रेलवे लाइन पार होने में दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। उधर जपला रेलवे स्टेशन के प्रबंधक संजय कुमार सिंह का कहना है कि उक्त खाली पड़े मालगाड़ी के डब्बे को क्यों लगाया गया है, इसके लिए उप र से बात कर हटाने के लिए बोला जाएगा। उसे अविलंब एक नंबर प्लेटफॉर्म से हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रियों को परेशानी होती है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। उधर ट्रेन व एक्सप्रेस को एक नंबर प्लेटफार्म पर लगाने की मांग को लेकर रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति व सदभावना चौकड़ी के सदस्यों ने दो दिन पहले डीआरएम पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल रेल महाप्रबंधक को पत्र लिखकर उक्त समस्याओं को देखते हुए इसकी निराकरण कराने की मांग की है। इसके बावजूद एक सप्ताह से मालगाड़ी खड़ी कर दी गई है।

## समाजसेवी प्रयास से ग्रामीणों को मिला 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार पंचायत अंतर्गत अंबागढ़ में समाजसेवी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता के प्रयास से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर मिल गया है। इस क्षेत्र के लोग पिछले दो माह से अंधेरे में रहने को विवश थे। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि अंबा गढ़ का 25 केवीए का ट्रांसफार्मर वज्रपात की वजह से जल गया था। 25 केवीए की जगह अब 63 केवीए का ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर विभागीय अभियंताओं से संपर्क किया गया। परंतु अभियंताओं द्वारा हमेशा टहलाया जाता रहा। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने अपने स्तर से प्रयास किया और उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। अधिकारियों ने अंबागढ़ को 25 केवीए की जगह अब 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया है।

# राजा मेदिनीराय फुटबॉल टूर्नामेंट में सखुवाटाड़ टीम की जीत

नवीन मेल संवाददाता



**सतबरवा।** प्रखंड के पोंची स्थित हलुमाड़ में मां दुर्गा फुटबॉल क्लब की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर राजा मेदिनीराय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सोमवार को हुए फाइनल मुकाबले में सखुवाटाड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हलुमाड़ को 1–0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के दूधी के पूर्व विधायक हरिराम सिंह चेरो, मनिका विधानसभा के विधायक व महासंघ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सिंह चेरो उपस्थित रहे। अपने संबोधन में हरिराम सिंह चेरो ने कहा कि खेल से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक विकास भी होता है। जीत और हार खेल का हिस्सा है, निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा बिन मनुष्य पशु के समान होता है, इसलिए अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करें और अपने पीढ़ी को मजबूत करें। विधायक रामचंद्र सिंह चेरो ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से भी सफल करियर बनाया जा सकता है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण हमारे झारखंड के महेंद्र सिंह धोनी हैं। विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति में संदीप कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, मनोज मेहता, नितेश्वर सिंह, रामलाल सिंह, सीताराम विश्वकर्मा, पूरन सिंह, लाल बिहारी सिंह, देव कुमार सिंह एवं मिंटू लाल भोजपुरी की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, जिला संयोजक कामेश सिंह चेरो, प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव, प्रताप सिंह, ईश्वरी सिंह, कमलेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह, उपेंद्र सिंह, शिवप्रसाद सिंह एवं विष्णुदेव सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मोकहर कला में वज्रपात से जला ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत सह गांव में गत 18 सितंबर को वज्रपात से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जलने से पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। पिछले कई दिनों से ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश हैं। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में लंबे समय से तकनीकी समस्या छाई थी। जिससे 11 हजार वोल्ट मेन लाइन से केवल दो फेज में ही बिजली की आपूर्ति की जा रही थी, जिससे लो वोल्टेज की भारी समस्या भी ग्रामीणों को झेलनी पड़ी है। अंततः वज्रपात की चपेट में आने से उक्त ट्रांसफार्मर जल ही गया। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई ही नहीं निजी घरों में लगे समरसेबल पंप का संचालन भी प्रभावित हो चुका है। इस समस्या को लेकर मंगलवार को समाजसेवी नवाजिश खान के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सहायक विद्युत अभियंता, जपला को आवेदन देकर अविलंब 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग है। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि पूर्व के 25 केवीए के ट्रांसफार्मर गांव की आबादी और खपत के हिसाब से अपर्याप्त है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने से ही लोगों की पीड़ा खत्म होगी।

## आस्था

## हुसैनाबाद के बराही धाम में भंडारे का आयोजन

# हजारों भक्त दूर से आते है महाप्रसाद ग्रहण करने

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर स्थित बराही धाम धार्मिक स्थल के साथ इस राज्य के लिए गौरव बन चुका है। इस धाम का एक विशेष महत्व है, यहां पर आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यहां आज भी प्रतिदिन सैकड़ों लोग पहुंचकर धाम परिसर में स्थित मां देवी, शिव, हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर मां की दरबार में माथा टेकते है, यहां पर भारत वर्ष की पहली 105 फिट दक्षिणमुखी श्री हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो इसे दर्शन के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के अलावा झारखंड राज्य के कई जिलों से लोग पहुंचकर दर्शन करते है। यहां प्रत्येक मंगलवार को शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व धर्मप्रेमियों के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। जहां इस भंडारे में हजारों लोग महाप्रसाद ग्रहण करते है। बिहार राज्य से पहुंचे एक भक्त ने बताया कि इस बराही धाम के बारे में कई लोगों से और अखबारों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से सुनते आ रहे थे। लेकिन आज मुझे पहली बार इस धाम परिसर में बने मंदिर और इस भव्य हनुमान मंदिर का दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मंगलवार को भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जपला रेलवे स्टेशन पर सिर्फ खुलता है एक टिकट काउंटर

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन में एक ही टिकट काउंटर होने के कारण यात्रियों की भीड़ व परेशानी बढ़ गयी है। स्टेशन पर सिर्फ एक टिकट काउंटर होने के कारण यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां भीड़ कम होने का बहाना बनाकर एक काउंटर को बंद कर दिया जाता है, जिसकी वजह से यात्रियों को टिकट के लिए कतार में देर तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई बार कतार लंबी होने की वजह से लोगों की ट्रेनें तक छूट जाती हैं। भीड़ के कारण अक्सर टिकट को लेकर नोक-झोंक भी होती रहती है। इससे आमजनों को और परेशानी होती है।




प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में
दक्षिण भारत के प्रमुख संतों
की
प्रतिमाओं का अनावरण




8 अक्टूबर, 2025 | अपराह्न 4:00 बजे | बृहस्पति कुण्ड स्थल, अयोध्या

द्वारा

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

निर्मला सीतारामन
मंत्री, वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य, भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

सुरेश कुमार खन्ना
मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश

सूर्य प्रताप शाही
मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश

जयवीर सिंह
मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश

रोली सिंह
अध्यक्ष, जिला पंचायत, अयोध्या

गिरीश पति त्रिपाठी
महापौर, अयोध्या

वेद प्रकाश गुप्ता
विधायक, अयोध्या

रामचन्द्र यादव
विधायक, रुदौली

चन्द्रभानु पासवान
विधायक, मिल्कीपुर

डॉ. अमित सिंह चौहान
विधायक, बीकापुर

अभय सिंह
विधायक, गोसाईगंज

हरिओम पांडेय
सदस्य, विधान परिषद

सांस्कृतिक कार्यक्रम

• दक्षिण भारत के 39 प्रसिद्ध संगीतकारों की प्रस्तुतियां • दक्षिण भारतीय भाषाओं में कर्नाटक संगीत की प्रस्तुति
• जटिल राग और ताल के मणिकांचन संयोग का अद्भुत प्रदर्शन • मृदंगम, कंजीरा, घाटम एवं मोर्सिंग का विलक्षण वाद्य संयोजन

अपराह्न 4:30 बजे | पीएफसी लॉन, श्री राम जन्मभूमि मंदिर

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh

UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# एमएमसीएच में डॉक्टरों की अस्पष्ट पर्ची से मरीज परेशान




● अस्पष्ट लिखावट के कारण दवा ना मिल पाने से मरीज भटक रहे, साफ़ नाम और दुकान का उल्लेख करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) में दवाओं की पर्ची पर डॉक्टरों की अस्पष्ट लिखावट मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। दवा लेने आए मरीज कई दवा दुकानों पर भटकते हुए भी सही दवा नहीं पा रहे हैं क्योंकि दुकानदार लिखावट को समझ नहीं पाते।

मरीजों के अनुसार कुछ दुकानदार नींद की दवा बताने लगते हैं, कुछ अन्य कुछ और, जिससे पूरी स्थिति उलझन में पड़ जाती है। समस्या यह भी है कि दवा लिखने वाले डॉक्टर उपलब्ध नहीं होते, इसलिए मरीजों को किसी से सहायता नहीं मिल पाती।

मरीजों ने डॉक्टरों से निवेदन किया है कि वे दवा के नाम को स्पष्ट रूप से लिखें या साथ ही पर्ची पर दवा की दुकान का नाम भी लिख दें, ताकि मरीजों को दवा प्राप्ति के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अस्पष्टता से मरीज मानसिक रूप से भी काफी तनाव में हैं।

एमएमसीएच में इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि मरीजों को सुविधा मिल सके और अस्पताल से जुड़ी इस समस्या का अंत हो।

## एनएच 75 फोरलेन परियोजना की धीमी प्रगति पर डीसी ने लगाई फटकार

# मुआवजा भुगतान में विलंब पर भू-अर्जन कार्यालय के लिपिकों का वेतन अस्थायी रूप से स्थगित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को एनएच 75 फोरलेन, आरओआर, आरओबी तथा राज्य सरकार के सड़क निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। एनआईसी स्थित सभागार से वर्चुअल माध्यम से हुई बैठक में डीसी ने एनएचएआई की विभिन्न परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान की स्थिति पर चर्चा की।

उपायुक्त ने पिछले तीन माह में अपेक्षित प्रगति नहीं होने और कार्य में शिथिलता के लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को चेतावनी दी। साथ ही भू-अर्जन कार्यालय के लिपिकों का अक्टूबर माह का वेतन स्थगित रखने के निर्देश दिए। समीक्षा में भोगु से शंखा तक सेक्शन-111 के भू-अर्जन पर, सदर अंचल में 60 से अधिक, नवाबजार में 100 से अधिक तथा विश्रामपुर में 20 से अधिक एलपीसी लंबित पाए गए। कई अंचलों में 60 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा अवॉर्डी को दिया जाना है।

डीसी ने संबंधित सीओ और भू-अर्जन पदाधिकारी को बेहतर समन्वय स्थापित कर मुआवजा भुगतान में तेजी लाने, एलए कोर्ट योग्य मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने और सभी अवॉर्डी को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अंचलाधिकारी की लापरवाही से निर्माण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, अतः सभी सीओ रैयतों से वार्ता कर कार्य समय पर निष्पादित करें।

बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजय केरकेट्टा, हुसैनाबाद भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित संबंधित सीओ उपस्थित रहे।

# एमएमसीएच में 6.5 करोड़ की अत्याधुनिक 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन तैयार

● 10 अक्टूबर से शुरू होगी सुविधा, गरीब-मध्यम वर्ग के मरीजों को मिलेगी राहत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) में मरीजों को अब अत्याधुनिक सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलने वाली है। लंबे इंतजार के बाद 6.5 करोड़ की लागत से लगी 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन का स्थापना कार्य पूरा कर लिया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी शुरूआत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अब तक एमएमसीएच में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं थी, जिससे मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों का सहारा लेना पड़ता था और महंगे दरों पर जांच करानी पड़ती थी। नई सुविधा शुरू होने के बाद गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल के अधीक्षक ने बताया कि मशीन उच्च गुणवत्ता की इमेजिंग सुविधा प्रदान करेगी और सिर, रीढ़, छाती व पेट संबंधी गंभीर बीमारियों की सटीक पहचान कर सकेगी, जिससे इलाज में समय की बचत और जीवनरक्षा की संभावना बढ़ेगी। एमएमसीएच में सीटी स्कैन का शुल्क न्यूनतम 880 से अधिकतम 5865 तक होगा। लाल और पिला कार्ड धारकों का सीटी स्कैन निःशुल्क किया जाएगा, जबकि अन्य मरीज नकद या यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। प्राप्त धनराशि अस्पताल प्रबंधन समिति के फंड में जमा की जाएगी। यह मशीन रांची के रेडियोलॉजी हब से कनेक्ट है, जिससे 24×7 रिपोर्ट की सुविधा रहेगी। सीटी स्कैन संचालन के लिए चार टेक्नीशियन चयनित किए गए हैं वरीय टेक्नीशियन जितेंद्र पासवान और कनिष्ठ टेक्नीशियन विकास मेहता, प्रभात कुमार व विकास कुशवाहा। रिसेप्शन के लिए चार कर्मचारी चुने गए हैं दयानंद कुमार, प्रीति कुमारी, मानसी वर्मा और मंजू कुमारी। सुविधा चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी। अस्पताल में स्थापित 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन झारखंड में केवल तीन स्थानों पर उपलब्ध है। यह मशीन एक रोटेशन में शरीर के 128 हिस्सों की क्रॉस-सेक्शनल इमेज तैयार करती है, जिससे तेज़, सटीक और कम रेडियेशन डोज के साथ जांच संभव होती है। पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि सुविधा की संभावित शुरुआत 10 अक्टूबर को होगी। इमरजेंसी विभाग के पास स्थापित होने से गंभीर मामलों में समय की बचत होगी और मरीजों को त्वरित जांच का लाभ मिलेगा।

# कुम्हार समाज ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जताई राजनीतिक एकजुटता

● औरंगाबाद जिला कमिटी ने रफीगंज प्रखंड सम्मेलन में जोरदार मौजूदगी दी, राजनीतिक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति जिला कमिटी औरंगाबाद ने 5 अक्टूबर को रफीगंज प्रखंड सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। सम्मेलन में सैकड़ों महिला और पुरूष उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज की राजनीतिक प्रतिनिधित्व और एकजुटता पर जोर दिया।

सम्मेलन में कहा गया कि आजादी के 80 साल बाद भी कुम्हार समाज का राजनीतिक प्रतिनिधित्व नगण्य है, जो चिंता का विषय है। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर समाज को एकजुट होकर राजनीतिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

समाज की कमजोरियों को दूर कर, मतभेदों को दरकिनार करते हुए समान रणनीति बनाए रखने पर जोर दिया गया। महिलाओं को भी सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया। समन्वय समिति के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में बदलाव का बयार होगा और समाज अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाएगा।

## कोल्ड चेन और टीका प्रबंधन पर जिला स्वास्थ्य समिति का रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित

# सिविल सर्जन कार्यालय में डब्ल्यूएचओ के सहयोग से हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण, स्वास्थ्यकर्मियों को दी गई तकनीकी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से जिला स्तरीय एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को कोल्ड चेन के रखरखाव और टीका प्रबंधन से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, डीआरसीएचओ डॉ. अवधेश सिंह तथा डब्ल्यूएचओ के डॉ. मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कोल्ड चेन के महत्व और टीकों के सुरक्षित भंडारण के तौर-तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रत्येक टीका को गर्मी, ठंड और प्रकाश से बचाकर रखना जरूरी है, क्योंकि अनुचित तापमान पर आने से उसकी प्रभावशीलता स्थायी रूप से समाप्त हो सकती है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिखाया गया कि जमे हुए आइस पैक को कैसे कंडीशन किया जाए, वैक्सीन कैरियर को सही तरीके से पैक कैसे किया जाए, तथा तापमान 2 से 8 सेल्सियस के बीच में विचलन आने पर टीकों की पहचान व जांच कैसे की जाए। बताया गया कि पुनर्गठित बीसीजी, खसरा और रूबैला टीके अत्यधिक गर्मी और प्रकाश-संवेदनशील होते हैं तथा इनमें संरक्षक तत्व नहीं होते, इसलिए इन्हें पुनर्गठन के चार घंटे के भीतर उपयोग करना आवश्यक है। इन टीकों की आपूर्ति नारंगी रंग की शीशियों में की जाती है। प्रशिक्षण में प्रोजेक्टर के माध्यम से चित्रों और उदाहरणों के जरिए सही और गलत प्रक्रियाओं को समझाया गया, ताकि प्रतिभागी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे, जिनमें संध्या कुमारी, संगीता कुमारी, रेखा कुमारी, रीना कुमारी, रूपांजलि कुमारी और मणि कुमारी प्रमुख थीं। समापन सत्र में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को कोल्ड चेन की नियमित निगरानी और वैक्सीन प्रबंधन में दक्षता बढ़ाने हेतु सतत अभ्यास करने की सलाह दी।

# फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा खुर्द गांव में सदर थाना के एएसआई नबी अंसारी ने फरार आरोपी जगु राम उर्फ जगा राम, पिता विजय राम के घर साटा इश्तेहार चिपकाया है। जगु राम पर वर्ष 2024 में सदर थाना में चोरी एवं लूट का मामला दर्ज है। पुलिस को उसकी तलाश लंबे समय से है। एएसआई नबी अंसारी ने बताया कि यदि फरार आरोपी 30 दिनों के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता, तो उसके घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## नशे के विरुद्ध छात्रों के बीच चलाया गया जागरूकता

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में संचालित पीएम श्री मध्य विद्यालय में मंगलवार को नशा मुक्ति के विरुध जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकार मित्र सुरेश प्रसाद राणा के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों को धूम्रपान से संबंधित नुकसान के बारे में बताया गया। साथ ही बच्चों से अपील की गई कि वे अपने अभिभावकों को भी नशे से दूर रहने की सलाह दें। अधिकार मित्र ने बच्चों को पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम निषेध कानून एवं अन्य बाल संरक्षण संबंधित कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी। पीएलभी सुरेश प्रसाद राणा ने कहा कि दिन-प्रतिदिन युवा वर्ग नशे के शिकार होते जा रहे हैं। जो समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं को एवं अपने परिवार को नशे से बचाने की दिशा में कदम उठाने होंगे।

# शहर में यातायात जांच में कई वाहन चालकों के चालान काटे गए

● सही दस्तावेज़ न होने और नियम उल्लंघन पर कुल 21,450 रुपये का जुर्माना वसूला गया

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** छः मुहान स्थित जिला परिवहन कार्यालय के कर्मचारियों एवं यातायात विभाग के जवानों ने दोपहिया वाहन, तीन पहिया टेम्पो ई-रिक्शा सहित विभिन्न सवारी गाड़ियों की जांच की। जांच के दौरान कई गाड़ियों के चालान काटे गए, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वाली गाड़ियों को सुरक्षार्थ शहर थाना परिसर में रखा गया।जांच में 11 दोपहिया वाहन चालक ट्रिपल लोडिंग और हेलमेट न पहनने जैसी पालना न करने की वजह से चालान बने। 1 ई-रिक्शा टेम्पो सहित 2 कार और 2 दोपहिया का चालान जिला परिवहन कार्यालय को भेजा गया है।दिनांक 7 अक्टूबर 2025 को जिला परिवहन कार्यालय में कुल 7 दोपहिया गाड़ियों का 10,150 रुपये का चालान जमा हुआ जबकि 1 ई-रिक्शा टेम्पो का 1,150 रुपये का चालान, 1 ट्रक का नो एंट्री उल्लंघन पर 6,150 रुपये का चालान, 2 मोटरसाइकिल का 2,000 रुपये और 2 कार गाड़ियों का 2,000 रुपये चालान ऑनलाइन फाइन के रूप में मिला।कुल मिलाकर इस कार्रवाई से 21,450 रुपये का चालान फाइन राशि वसूली गई है। ऐसी सख्ती से वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, जिससे सड़क सुरक्षा में सुधार होगा।

## रानी मिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

**चतरा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), चतरा में मंगलवार को रानी मिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त कीर्तिश्री जी एवं उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, डीपीएम, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चतरा, आरसेटी चतरा के निदेशक, श्रम विभाग, चतरा के प्रतिनिधि सहित संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाना है। रानी मिस्त्री प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को निर्माण क्षेत्र में आवश्यक कौशल सिखाकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान अतिथियों ने प्रतिभागी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ महिला सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करते हैं।

# एनपीयू गोल्ड मेडलिस्ट रंजन यादव ने मुसहर टोली में बांटी खुशियां



● सफलता का जश्न गरीब बच्चों संग मिठाई खिलाकर मनाया, शिक्षा के लिए किया प्रेरित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के तृतीय दीक्षांत समारोह में झारखण्ड के राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से जी.एल.ए. कॉलेज, हिंदी स्नातकोत्तर के गोल्ड मेडलिस्ट रंजन कुमार यादव ने स्वर्ण पदक और उपाधि प्रमाण पत्र प्राप्त किया। समारोह के अगले ही दिन मंगलवार को रंजन कुमार यादव ने अपनी सफलता की खुशी समाज के सबसे वंचित वर्ग के साथ साझा की। वे चियांकी पहाड़ी के पीछे स्थित झुग्गी-झोपड़ी मुसहर टोली पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों और उनके परिजनों को मिठाई वितरित कर खुशी का क्षण बांटा। इस अवसर पर रंजन कुमार यादव ने मुसहर टोली के लोगों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से नजदीकी स्कूल या आंगनवाड़ी केंद्र भेजने का आह्वान किया, ताकि बच्चे शिक्षित होकर आगे बढ़ सकें और सरकारी योजनाओं के लाभ ले सकें। गोल्ड मेडलिस्ट रंजन ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का सबसे मजबूत आधार है और सभी का प्रयास होना चाहिए कि बच्चे आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करें।

## दुकानदारों व ऑटो चालकों को थाना प्रभारी का निर्देश

# जाम लगा तो होगी कार्रवाई, दुकानदार साफ-सफाई की खुद लें जिम्मेदारी

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** पुलिस ने हंटरगंज थाना क्षेत्र के कौलेश्वरी मेनरोड स्थित टोटो स्टैंड में जाम और दुकानदारों व टोटो अतिक्रमण किये जाने के खिलाफ अभियान चलाया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार टोटो चालको व दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि मेनरोड में वाहन खड़ा करने और अतिक्रमण के कारण जाम लगी तो वैसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी ने दुकानदारों से कहा कि अपने दुकान के सामने सड़क पर बाइक ना लगने दें। उन्होंने कड़े शब्दों में दुकानदारों व टोटो चालकों को हिदायत देते हुए कहा कि अगर मना करने के बाद भी कोई बीच सड़क पर बाइक या टोटो लगता है तो बाइक का फोटो नंबर के साथ खींचकर हंटरगंज थाना को दें। उन लोगों के ऊपर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान थाना प्रभारी ने देखा कि टोटो स्टैंड के पीछे कचरा का अंबार है, इस पर दुख प्रकट करते हुए वहां मौजूद दुकानदारों तथा टोटो एव ऑटो चालक के साथ वार्ता कर सभी को सख्त हिदायत देते हुए सभी को आसपास के स्थल को साफ सुथरा रखने, टोटो एवं ऑटो को क्रमबद्ध से स्टैंड में लगाने एवं आपस में समन्वय स्थापित कर टोटो तथा ऑटो परिचालन की बात कही।

## संत मरियम स्कूल के विद्यार्थी 9वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में प्रतिनिधित्व करेंगे

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में उतरेंगे

● प्रतियोगिता में सब-जूनियर और जूनियर वर्ग (बालक व बालिका) के बीच मुकाबले होंगे

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थी अतुल सिंह और पुष्कर कुमार दिल्ली में 10 से 12 अक्टूबर तक होने वाली 9वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप 2025 में भाग लेंगे। यह चैम्पियनशिप श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित है।

प्रतियोगिता में सब-जूनियर और जूनियर वर्ग (बालक एवं बालिका) के बीच मुकाबले होंगे। आयोजन गटका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है, और दिल्ली गतका एसोसिएशन इसकी मेजबानी कर रहा है। कार्यक्रम का सहयोगी संगठन दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति है।

संत मरियम स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं0 दीं और कहा कि उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व है। सभी खिलाड़ी स्कूल के शारीरिक प्रशिक्षक सुमित बर्मन के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डाहा गांव में एक महिला ने घर में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। मृतका की पहचान डाहा निवासी सुरेन्द्र यादव के 22 वर्षीय पत्नी नेहा कुमारी के रूप में हुई। वह पिछले दो माह से मानसिक बीमारी से पीड़ित थी। घटना के समय नेहा कुमारी घर पर अकेली थी और मायके से 2 अक्टूबर को अपने ससुराल आई थी। पति सुरेन्द्र यादव औरुगेरुआ स्कूल बच्चों को पढ़ाने गए हुए थे। जब लौटा तो पत्नी को कमरे में मृत अवस्था में देखा और पंखा में एक रब्बर की रस्सी लटका हुआ है। उसके बाद तुरंत हंटरगंज थाने को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा और सब इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम अग्निहोत्री दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतिका के पिता बिहार के गया जिला के आमस थाना क्षेत्र के छोटका बहेरा निवासी दूधेश्वर यादव का कहना है कि मृतिका नेहा की पिछले दो माह से दिमागी हालत ठीक नहीं थी।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष ई. औबेदुल्लाह हक अंसारी का भव्य स्वागत



**गढ़वा।** जिला कांग्रेस कमेटी के नव-निर्वाचित अध्यक्ष ई. औबेदुल्लाह हक अंसारी का गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र नाथ तिवारी, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी गई और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं। सभी नेताओं ने आशा जताई कि ई. औबेदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन जिले में नई ऊर्जा और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। नेताओं ने संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने की कामना करते हुए अध्यक्ष को आशीर्वाद दिया। स्वागत कार्यक्रम में जिले के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेन्द्र नाथ तिवारी, उदय नारायण तिवारी, प्रदेश सचिव प्रभात कुमार दुबे, वरिष्ठ नेता परमा पांडेय, शशि द्विवेदी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्रनाथ चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बजेन्द्र चौधरी, त्रिपुरारी सिंह, अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष खुर्शीद आलम, ऋषभ चंद्रवंशी, मंसूर अंसारी, सोशल मीडिया प्रभारी मोसाहिद हुसैन, आलोक यादव, कियामुद्दीन अंसारी, प्रियरंजन दास, मिथलेश समेत कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## हज यात्रा पर रवाना हुए भवनाथपुर क्षेत्र के जायरीन



**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों से लगभग आधा दर्जन जायरीन पवित्र हज यात्रा के लिए मक्का-मदीना रवाना हुए। इस अवसर पर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मुखिया संघ अध्यक्ष एवं कधवन पंचायत के मुखिया फ़िरदौस अंसारी के नेतृत्व में हज यात्रियों का स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमारे क्षेत्र के लोग इस पवित्र यात्रा के लिए मक्का मदीना जा रहे हैं। हम अल्लाह से उनके सफल, सुरक्षित और मुकम्मल हज की दुआ करते हैं। फ़िरदौस अंसारी ने अपील की कि जायरीन अपने वतन में अमन-चैन, हिंदू-मुस्लिम भाईचारे और समाज में सौहार्द के लिए विशेष दुआ करें। हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों में प्रमुख रूप से मोहम्मद रुस्तम शेख,मो. इस्लाम अंसारी,ईदनी बीबी, मो. रईस शाह, हाफिज सुलेमान का नाम शामिल है। इस अवसर पर हाजी समसुद्दीन अंसारी, अहमद अंसारी, चंगेज अंसारी, जफरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद हनीफ अंसारी,कलीम अंसारी, सहारे आलम, मजीद अंसारी, मुजफ्फर अंसारी सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एससी- एसटी कर्मचारी संघ ने की घटना की निंदा



**मेराल।** एससी एसटी कर्मचारी संघ के जिला इकाई गढ़वा के आपात बैठक में रघुराई राम की अध्यक्षता में भारत के प्रथम न्यायाधीश बी गवई के साथ कोर्ट में सुनवाई के दौरान 6 अक्टूबर .2025 को हुई जूता चला कर अभद्रता करने की कोशिश की गई थी। जिसको लेकर रघुराई राम ने कहा कि ऐसी घटना अत्यंत ही निंदनीय एवं पूरे देश के लिए शर्मनाक है। इस घटना कि जितना भी निंदा की जाए कम है। सभी देशवासियों को इसका समुचित संज्ञान लेने की जरूरत है। आज भी इस देश में इतनी घटिया मानसिकता के लोग हैं जिन्हें एक कमजोर वर्ग का प्रधान न्यायाधीश स्वीकार नहीं है। इस देश में कमजोर वर्ग से प्रधानमंत्री कैसे बर्दाश्त होगा। यही कारण है कि देश के दलित वर्ग के लोगों से हजारों संगठन बनवाकर उन्हें अलग-अलग रखने की कोशिश है ऐसी मानसिकता के लोगों द्वारा की जा रही है। ताकि पिछड़ी दलित लोगों के हाथों में राजनीतिक सत्ता ना आए। उन्होंने कहा, हालांकि बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया ने हमलावर अधिवक्ता को निलंबित कर दिया है। जो काफी नहीं है इस घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कठोरता से सजा दिलाने की जरूरत है एससी एसटी कर्मचारी संघ गढ़वा के आपात बैठक कर शर्मनाक घटना की निंदा की है। बैठक में रघुराई राम के अलावा शिवनाथ राम, गौतम कुमार, विद्यार्थी कुमार, सुरेंद्र राम, निरंजन कुमार, दिलीप कुमार, संतोष राम, अनुज सिंह, मोतीराम आदि लोग उपस्थित थे।

# बांसडीह गांव में पंडा नदी पुल व एप्रोच सड़क बदहाल, प्रशासन फेल

## अधिकारियों की उदासीनता से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** प्रखंड के बांसडीह कलां गांव के लगभग 10 साल पुराने पंडा नदी पर बने पुल और उसकी एप्रोच सड़क बाढ़ के पानी से पूरी तरह टूट-फूट का शिकार हो गई है। सड़क टूटने के कारण बड़ी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है और पुल के एक हिस्से में दरारें पड़ चुकी हैं। लेकिन प्रशासन की यह तमन्ना है कि इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि पुल की ऊंचाई कम होने की वजह से बाढ़ का पानी पुल के ऊपर से गुजरता है, जिससे सड़क और पुल को गंभीर खतरा बना रहता है। बाढ़ आने पर यह पुल और सड़क दोनों असुरक्षित हो जाते हैं, जिससे गांववासियों की आवाजाही ठप्प हो जाती है। 300 से अधिक परिवारों वाले इस गांव में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जिम्मेदार अधिकारी दशकों से इस समस्या को अनदेखा करते आ रहे हैं। उप मुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र गुप्ता, मोती यादव, दिनेश यादव, प्रभू राम, अभय कुमार, विश्वनाथ यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जितनी बार भी समस्या उठाई गई, हर बार सिर्फ आश्वासन दिए गए, हालांकि कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गांव के लोग बीमार, बुजुर्ग और इमरजेंसी जैसी स्थिति में फंसे जा रहे हैं और प्रशासन इस तरफ आंख मूंदे बैठा है। ग्रामीणों ने तत्काल पुल की मरम्मत और सड़क किनारे गार्डरॉल निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में बाढ़ से सुरक्षा मिल सके। नाकारा प्रशासन और अधिकारियों की उदासीनता से ग्रामीणों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। यह स्पष्ट है कि बांसडीह गांव की आवाजाही और सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार कोई प्रभावित नहीं हो रहा। ग्रामीण आश्वस्त हैं कि जब तक सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक इनका खोया हुआ हक वापस नहीं मिलेगा। यह स्थिति साफ संदेश देती है कि शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं और उनकी जान-माल का खतरा बढ़ता जा रहा है। यह एक प्रशासनिक नाकामी है जिसका खमियाजा सीधे गांव वाले भुगत रहे हैं।

## छठ घाटों की सफाई व समतलीकरण को लेकर निवर्तमान अध्यक्ष ने दिया आवेदन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र में लोक आस्था के छठ महापर्व को लेकर छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो जिसको लेकर नगर पंचायत मझिआंव की निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को आवेदन देकर विशेष पहल की मांग की है। नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में छठ घाट, तालाब, नदी किनारे एवं पहुंच पथ की साफ-सफाई और समतलीकरण कराया जाए। साथ ही घाटों की मजबूती, गंदगी की सफाई, टूटी सड़कों की मरम्मत और प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता हैं। सुमित्रा देवी ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और विश्वास का पर्व है, इसलिए व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। नगर पंचायत प्रशासन समय रहते छठ घाटों की तैयारी सुनिश्चित करे, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में उत्सव का आनंद ले सकें।

## पुत्री व नवजात के हत्या का आरोपी पिता को भेजा गया जेल

**मेराल।** पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के औरईया गांव निवासी अनिल चौधरी द्वारा 18 वर्षीय अपनी पुत्री सहित उसके नवजात शिशु के हत्या कर दफनाने के आरोपी को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अनिल चौधरी अपने पुत्री के साथ नवजात शिशु मां बेटे को 3 अक्टूबर को हत्या कर जमीन में दफना दिया था। पुलिस प्रेमिका रूपन चौधरी के आवेदन पर मामले की छानबीन के लिए लड़की के पिता अनिल चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद मामला उजागर हुआ। इसके बाद मजिस्ट्रेट सीओ सह बीडीओ यशवंत नायक के उपस्थिति में फुलवरिया नदी के पास से दफनाया गया शव को निकाल कर मामला का उद्वेदन कर दिया गया। इसके बाद पुलिस अनिल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया और मंगलवार को जेल भेज दिया। आरोपी अनिल चौधरी के खिलाफ थाने में 219/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि इस मामले में अनिल चौधरी एवं अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले का अनुसंधान जारी है।

## झगड़ा रोकने की कोशिश पड़ी भारी, पिता-पुत्र समेत तीन घायल



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव में मंगलवार को पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, एक मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा था। इसी दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे रामप्रवेश गुप्ता (62), उनके पुत्र वीरेंद्र गुप्ता (35) और सोनू गुप्ता (29) पर ही हमलावर पक्ष ने टांगी और हसुआ से हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को धुरकी स्वास्थ्य उपकेंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया। घायल वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि झगड़ा परिवार के ही लोगों के बीच हो रहा था और जब वे शांत कराने पहुंचे तो मुकेश कुमार गुप्ता, राजपति देवी, बच्चा साह समेत अन्य चार लोगों ने मिलकर हमला कर दिया। घायलों का कहना है कि वे मामले की लिखित शिकायत धुरकी थाना में दर्ज कराने जा रहे हैं।

### चिनियां में जंगली हाथियों का आतंक जारी

## देर रात 4 एकड़ में लगे धान के फसल व आम के पेड़ों को किया बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता



**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। सोमवार की रात्रि करीब 10:30 बजे से लेकर मंगलवार की रात्रि सुबह 4:00 बजे अहले सुबह तक करीब में 25 से 30 हाथियों के झुंड ने महमूद अंसारी और अजमल अंसारी के खेतों में धावा बोलते हुए 4 एकड़ धान की फसल को खाकर और रौंदकर बर्बाद कर दिया। वहीं महमूद अंसारी के आम बगवानी के 38 पेड़ टूटकर कबाड़ हो गए, जिसमें 20 आम और 18 सागवान के पेड़ शामिल हैं। हाथियों ने पानी पटवाने के लिए खेत में बिछाई गई 300 फीट मोटरपंप की डिलीवरी पाइप भी तोड़ दी। हाथियों का करीब 2 घंटे तक आतंक चलता रहा, सुबह होते ही सभी हाथी का जंगल की ओर निकल गए। पीड़ित को कुल 2 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। किसान महमूद अंसारी ने बताया कि जब हाथियों को देखा गया तो उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के कर्मियों और ग्रामीणों ने हाथियों को जंगल की ओर भगाने का प्रयास किया, लेकिन हाथियों की बड़ी संख्या के कारण भोंपू और पटाखों के बावजूद भी वे नहीं रुके। जाते-जाते हाथियों ने जानकी सिंह, ब्रमदेव सिंह और सुरज देव के खेतों की धान की फसल को भी बर्बाद कर दिया। सुबह वन विभाग के प्रभारी अनिमेष कुमार और वन रक्षी हेमंत तिर्की घटना स्थल पर पहुंचे और मुआवजे का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि सिर्फ धान फसल का मुआवजा दिया जाएगा, जबकि पेड़-पौधों का नुकसान वन विभाग के प्रावधानों में शामिल नहीं है। वहीं बीते देर शाम भी चिनियां के सेमराटांड टोला निवासी कलिम अंसारी को हाथी ने पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिनका इलाज गढ़वा में चल रहा है। ग्रामीण दहशत में हैं और हाथियों के लगातार हमलों से इलाके में भय का माहौल कायम है।

## बीडीओ ने 11 अक्टूबर बुलाई बैठक

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने 11 अक्टूबर को प्रखंड स्तरीय समिति की बैठक बुलाई है। यह बैठक वित्तिय वर्ष 2025- 26 के लिए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए प्राप्त आवेदनों के निष्पादन और अनुशंसा के लिए है। इस बैठक में प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि और प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त बैठक में पशुधन योजना के लिए योग्य लाभुकों का चयन किया जाएगा।

## खरौंधी के सभी सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट रेल परीक्षा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में सोमवार और मंगलवार को प्रोजेक्ट रेल परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में अपनी योग्यता दिखाई। इस आयोजन की जानकारी बीपीएम नवीन प्रकाश ने दी। छात्रों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया और विभिन्न विषयों के सवालों का समाधान किया। परीक्षा में हिंदी और अंग्रेजी भाषा कौशल, गणितीय और तार्किक प्रश्न, विज्ञान के प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक सवाल और सामाजिक विज्ञान से जुड़े तथ्य शामिल थे। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य छात्रों में ज्ञान का समग्र विकास करना और उनकी सोचने-सुलझाने की क्षमता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से न केवल छात्रों का अकादमिक प्रदर्शन सुधरता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और समस्या समाधान की क्षमता भी बढ़ती है। परीक्षा के दौरान छात्रों ने समय प्रबंधन और विश्लेषण की क्षमता का अभ्यास किया। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों ने परीक्षा में अच्छे प्रयास किए और विभिन्न विषयों में नई सोच प्रदर्शित की इस आयोजन से स्पष्ट हुआ कि खरौंधी प्रखंड में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण हैं।

## पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने शोकाकुल परिवार से मिलकर दी सांत्वना

**खरौंधी(गढ़वा)।** भाजपा नेता सह पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही मंगलवार को खरौंधी पहुंचे। उन्होंने भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास की माता प्रभावती देवी के असामयिक निधन पर शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।


कार्यालय जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू
(महात्मा गाँधी नरेगा कोषांग)
Phone No. 06562-295137 , Email. ID - ddc-pal@nic.in

**मनरेगा अंतर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के पद पर लिखित परीक्षा से संबंधी सूचना।**

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 4729 दिनांक 04.06.2007, संकल्प 7646 दिनांक 23.10.2009 एवं संकल्प 6440 दिनांक 17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त कर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली 2012 एवं ज्ञापांक 848 दिनांक 21.03.2017 के आलोक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अंतर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु पलामू जिला में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के पद पर योग्य अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 17.10.2025 एवं 18.10.2025 को गिरिवर +2 हाई स्कूल, मेदिनीनगर, पलामू में निर्धारित है।

उक्त लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 09.10.2025 से दिनांक 16.10.2025 (कार्यालय अवधी) तक मनरेगा, कोषांग, ब्लॉक 'सी', पलामू से प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र प्राप्त करने हेतु अपने साथ एक नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो लाना सुनिश्चित करेंगे। प्राप्त प्रवेश पत्र पर भी एक नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ चस्पा करेंगे।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,पलामू

PR 363472 District(25-26).D


## कार्यक्रम: उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# बीमारियों से बचाव के लिए नियमित सफाई व पौष्टिक भोजन जरूरी : डॉ. भारती

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के डॉक्टर नीतीश भारती के नेतृत्व में एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. भारती ने बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आंख, दांत, त्वचा एवं पोषण संबंधी समस्याओं की भी जांच की। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में बताया। डॉ. भारती ने कहा कि बदलते मौसम में बच्चों को सर्दी-जुकाम, पेट दर्द और त्वचा रोग जैसी बीमारियों से बचाव के लिए नियमित सफाई और पौष्टिक भोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को समय पर टीकाकरण कराने और साफ पानी पीने की भी सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने डॉक्टर भारती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मिलती है और समय पर उपचार संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे, जिन्होंने डॉक्टर के साथ मिलकर सहयोग किया।दर्जनों बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक दवा भी प्रदान की गई।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में सराहनीय कदम हैं।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा
Email:- rdsd.chatra@rediffmail.com, Tel:- 06541-296126

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा मेसर्स सहाय कन्सट्रक्शन, पता–अव्वल मोहल्ला, चतरा को सूचित किया जाता है कि **प्रखण्ड–लावालौंग में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी आवास, सुपरवाईजर आवास, तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास नव निर्माण कार्य** जिसका एकरारनामा संख्या–03F2 (SBD)/2019-20 दिनांक–25.01.2020 है। एकरारनामा के अनुसार दिनांक–23.01.2021 तक आवासीय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना था। परन्तु कार्य समाप्ति की तिथि समाप्त होने के लगभग 04 वर्श 08 माह बीत जाने के बावजूद भी निर्माण कार्य को बंद रखते हुए अबतक अपूर्ण रखा गया है। कई बार आपको कार्य शुरू करने हेतु निदेशित किया गया परन्तु आपके द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इस कार्यालय के पत्रांक–817 दिनांक–20.08.2025, पत्रांक–861 दिनांक–02.09.2025 एवं प्रेस विज्ञप्ति PR 362561 (Rural Development) 25-26 (D) के द्वारा आपको कार्य अपूर्ण रहने एवं कार्य को बंद रखने तथा राशि वसूली के संबंध में स्पश्टीकरण की मांग की गई परन्तु आपके द्वारा न तो स्पश्टीकरण का जवाब दिया जा रहा है और ना ही निर्माण कार्य शुरू किया गया।

अतः पुनः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति कि माध्यम से अंतिम मौका देते हुए निर्देशित किया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन से एक सप्ताह के अंदर इस आशय का स्पश्टीकरण दे की सरकारी निर्माण कार्य अपूर्ण रखने के लिये क्यों नहीं आपके निबंधन को कालीसूची/डीबार करते हुए व्यय की गई राशि की वसूली की जाय।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा

PR 363396 (Rural Development)25-26*D

# न्यूज बॉक्स

## सीएम से मिले पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू



**लोहरदगा।** पूर्व राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता धीरज प्रसाद साहू ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक झारखंड के विकास, राजनीतिक साझेदारी सहित कई आ मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने विकास की गति को तेज करने को लेकर आपस में चर्चा की। दोनों नेताओं की मुलाकात पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के दिल्ली जाने के क्रम में रांची एयरपोर्ट में हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने धीरज प्रसाद साहू के साथ कई विषयों को लेकर चर्चा की। जिसमें प्रमुख रूप से झारखंड के विकास, यहां की आवश्यकताओं, जनजातीय समुदाय के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विषयों को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस, झामुमो मिलकर बेहतर ढंग से सरकार चला रहे हैं। उनकी नजर सभी विभागों पर रहती है। जनता की जरूरत को वह ध्यान में रख रहे हैं। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हेमंत सोरेन एक सुलझे हुए नेता हैं। वह जनता से जुड़े हुए नेता हैं। जनता की आवश्यकताओं को अच्छी तरह समझते हैं। क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य पर सबसे अधिक ध्यान दिया जा रहा है। दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक कई हम विषयों को लेकर बातचीत होती रही। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, अधिवक्ता सचितानंद चौधरी मौजूद थे।

## भंडरा प्रखंड शिक्षा समिति की बैठक



**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड शिक्षा समिति की बैठक बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मध्याह्न भोजन योजना सुचारू रूप से चलाने, बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए अभिभावक संपर्क अभियान चलाने, शिक्षकों के समय पर विद्यालय आने-जाने, रसोईया की बहाली, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं के अनुपात में शिक्षकों की कमी दूर करने व रसोई घर का निर्माण सहित अन्य कई विन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इन सभी बिदुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी लिया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की अनुपात में शिक्षक नहीं होने से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है, यह चिता का विषय है। उन्होंने कहा कि कई विद्यालय का सबसे पुराना भवन काफी जर्जर हो चुका है। आयोजित बैठक के दौरान सदस्यों ने शिकायत किया कि विद्यालय में विशिस की बैठक नियमित रूप से नहीं हो रहा है। जबकि नियमानुसार प्रत्येक माह बैठक होना चाहिए। बीडीओ ने शिक्षा कर्मियों को प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू, लाल विजय चौहान, बीपीओ रामविजय खलखो, निशांत कुमार, महाबीर साहू, अनिसूल अंसारी, अंगद गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## कुम्हरिया गांव में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित



**भंडरा।** पशुपालन विभाग की ओर से प्रखंड के आकाशी पंचायत अंतर्गत कुम्हरिया गांव में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल. 28 पशुपालकों के 129 पशुओं की जांच कर दवाईयां वितरित की गई। विशेषज्ञों ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, मौसमी बीमारियों से बचाव एवं पशुपालन की उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं जैसे राज्य पशुधन मिशन की जानकारी दी गई। इसके अलावे विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की विस्तार से समझाया कि इन योजनाओं से पशुपालकों को आर्थिक लाभ मिल सकता है और पशुपालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर पशुपालक किसान उपस्थित थे।

### खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

# बालू का अवैध परिवहन रोकें, करें कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा सहायक जिला खनन पदाधिकारी को जब्त किये गये बालू की निलामी नियमानुसार कराने का निर्देश दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बीते तीन माह में जिला में अवैध रूप से बालू का भण्डारण व परिवहन के मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में एनजीटी के आदेश लागू हैं जिसका अक्षरशः पालन किया जाना है। किसी भी परिस्थिति में एनजीटी आदेशों का उल्लंघन ना हो। इस दौरान किसी भी तरीके से बालू का उठाव, परिवहन नहीं हो, इसका पालन करायें। सभी अंचलाधिकारियों व संबंधित थाना प्रभारियों को भी बालू का उठाव व परिवहन रोकने के सख्त निर्देश दिये गये। हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज को शहर में वायु की गुणवत्ता दर्शाने वाले डिसप्ले स्क्रीन लगाये जाने के पूर्व निर्देश का जल्द पालन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, बॉक्साइट परिवहन में अवैध रूप से वाहनों का इस्तेमाल की जांच का भी निर्देश दिया गया। साथ ही, अवैध रूप से संचालित बॉक्साइट डंपिंग यार्ड की भी जांच करने का निर्देश सहायक जिला खनन पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू, सहायक जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी, सभी संबंधित थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

## सामाजिक सुरक्षा की बैठक में डीसी ने दिए निर्देश

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा अन्तर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं का भुगतान से संबंधित उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी। इस क्रम में सहायक निदेशक,सामाजिक सुरक्षा द्वारा जानकारी दी गयी कि केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं के लाभुकों का माह अगस्त 2025 तक का भुगतान हो गया है तथा माह सितम्बर 2025 के भुगतान हेतु अधिसीमा राशि अप्राप्त है। बैठक में उपायुक्त द्वारा राज्य संचालित पेंशन योजनाओं का भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा यह बतलाया गया कि राज्य संचालित पेंशन योजनाओं के लाभुकों का माह सितम्बर 2025 तक का भुगतान हो गया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजनाओं के लाभुकों का भुगतान के संबंध सहायक निदेशक द्वारा बताया गया कि लोहरदगा जिला में कुल 91993 लाभुकों का माह सितम्बर 2025 तक का भुगतान उनके आधार लिंक खाते में कर दिया गया है।

## अथक प्रयास करने से सफलता मिलती है : उपायुक्त

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत अरु ग्राम स्थित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु के खेल प्रांगण में आयोजित नन्दलाल प्रसाद स्मारक फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन किया गया। आयोजित टूर्नामेंट में बालक वर्ग में 32 टीम व बालिका वर्ग में 8 टीम भाग ली थी। वही फाइनल मैच के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ। कुमार ताराचन्द व विशिष्ट अतिथि दुर्गेश प्रसाद साहू द्वारा महात्मा गांधी व स्व। नन्दलाल प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ कराया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचन्द ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा की अथक प्रयास और लगातार परिश्रम करने से सफलता मिलती है।आप सभी खिलाड़ी होनहार और प्रतिभावान हैं।खेल को खेल के नियमानुसार खेलें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपना खेल प्रतिभा को निखारने के प्रयास करें विशिष्ट अतिथि दुर्गेश प्रसाद ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना का समय को छोड़ कर यह टूर्नामेंट लगातार 1992 से आयोजित होते आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ने के लिये यह मंच तैयार किया गया है।बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला ब्लैक डायमंड तिगरा व एफसी राँची के बीच खेला गया। जिसमे एफसी राँची की टीम एक गोल से जीत कर विजेता बनी तथा बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला ग्रीन आर्मी राँची और ब्लैक डायमंड तिगरा के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी सूटआउट में ग्रीन आर्मी की टीम ब्लैक डायमंड तिगरा को 4-2 से हरा कर खिताब पर क जा जमाया। वही विजेता उपविजेता और तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ठ, सप्तम और अष्टम स्थान प्राप्त सभी टीमो को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार स्वरुप नगद राशि दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर सूखैर भगत, संदीप गुप्ता, कामेश्वर सिंह, प्रकाश उरांव, नन्दकिशोर शुक्ला, अनिल उरांव, शौकत अंसारी, विजय पाठक, फज्जल अब्बास, नेसार अहमद, बुदु भगत, गौतम प्रसाद, तबारक हुसैन समेत सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## दुर्गा बाड़ी में पारंपरिक रूप से हुई मां लक्ष्मी की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार की देर शाम को दुर्गा बाड़ी समेत कई स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर सार्वजनिक लक्खी पूजा आयोजित की गई। वहीं बंगाली समाज द्वारा अपने निजी घरों में भी मां लक्खी की पूजा की गई। दुर्गा बाड़ी में पुरोहित जाधव राय द्वारा धार्मिक अनुष्ठान बिधिवत संपन्न कराया गया वहीं पूजा के उपरांत भव्य भण्डारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि इस दिन धन की देवी लक्ष्मी घरों में प्रवेश करती हैं। इसलिए बंग समाज की महिलाओं द्वारा अपने-अपने घरों को सुंदर रंगोली और अल्पना से सजाया गया था, साथ ही मां लक्ष्मी के पैरों के छाप उकेरे गए थे। पूजा के दौरान मंत्र और भजन-कीर्तन के द्वारा लक्ष्मी के घर आने का आह्वान किया गया। पूजा को ले बंग समाज द्वारा सुबह से ही तैयारी की जा रही थी वहीं शाम होते ही पूजा का विधान शुरू हो गया। पूजा स्थान में धान की बालियां रखी गई। पूजा के दौरान देवी को नारियल का लड्डू, तिल का लड्डू, अन्न, सब्जी, भुजिया, चटनी, खीर, मिठाई, फल आदि का भोग लगाया गया। पंडितों के मंत्रोच्चार के बाद महिलाएं कथा का भी श्रवण किया।शारदीय नवरात्र के बाद आने वाले शरद पूर्णिमा के मौके पर बंगाली समाज के लोग लक्खी पूजा करते हैं। दुर्गा बाड़ी में पूजा के अवसर पर विजय गोपाल दत्ता, देवाशीष कार, भास्कर दासगुप्ता, सपन दत्ता, तापस रॉय नयन रंजन दत्ता, समित डे, सपन दास, दीनबंधु डे, सोमनाथ दत्ता सुदेब दत्ता, तन्मय दत्ता, निखिल सर्राफ, मिनमोई दास, तुला समेत बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# चुनाव आयोग जनता के वोट का अधिकार को चोरी कर रहा है : धीरज प्रसाद साहू

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि चुनाव आयोग जनता का अधिकार वोट की चोरी कर रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित किया जा रहा है। संविधान के अधिकारों का हनन हो रहा है। लोगों का अधिकार छीना जा रहा है। जब इसके खिलाफ आवाज उठाई जा रही है तो चुनाव आयोग बेतुका तर्क दे रहा है। जनता सब देख और समझ रही है। चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। रांची में प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित वोट कर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की कई दिग्गज नेता शामिल हुए। नेताओं ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में वहां के मतदाता चुनाव आयोग के साजिश को बेनकाब करेंगे। केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। जनता का हक छीना जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इस वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन चल रही है। हम किसी भी तरह के इस काम को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हर हाल में इसका विरोध करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने भी वोट चोरी के अभियान को लेकर जनता से सीधे जोड़ने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी कहा कि वह लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने, वोट चोरी की जानकारी उन्हें देने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि चुनाव आयोग की यह साजिश बेनकाब होगी। जनता सब कुछ जान और समझ रही है। कार्यक्रम में कई बड़े नेताओं की उपस्थित रही।

### छठ पूजा समिति की बैठक आयोजित

## पूजा समिति के अध्यक्ष बने आशीष



**लोहरदगा।** छठ पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर छठ पूजा समिति संगम घाट हरमू की बैठक सुरेंद्रनाथ शाह के आवासीय परिसर में रखा गया। जिसकी अध्यक्षता सूरज कुमार मिस्त्री ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुरानी कमेटी को यथावत रखते हुए नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें आजीवन संरक्षक राजेंद्र वर्मा, भैया सुरेंद्र नाथ, उदय सिंह, राकेश ठाकुर अभिषेक मिश्रा कमलेश कुमार, दिनेश राम, सूरज मिस्त्री, सत्यजीत सिंह ( बाबु ) नरेश दसौंधी, गौतम वर्मा, अरुण प्रजापति, भरत साहू ,जगन्नाथ साहू, अवनी वर्मा, राकेश सिन्हा( गुड्डन जी) सागर वर्मा, संदीप उरॉव( नन्दु) लालु उरांव, घनश्याम साहू( पप्पु) बजरंग यादव कैलाश दशौन्धी, अमित साहू, परेश कुँवर, प्रदीप साहू, अमित लोहारा, अध्यक्षः आशीष कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष कुणाल साहू, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, अमन लकड़ा, रॉबिन साहू, रोहित द शौन्धी, संदीप साहू, महासचिव लक्ष्मी नारायण साहू, सचिवः-करण विश्वकर्मा, अंकित वर्मा, संदीप उरांव, प्रिंस कुमार, कोषाध्यक्षः-दीपक कुमार राम, सह कोषाध्यक्षः-चंदन साहू, विद्युत सज्जा प्रभारीः-अरुण प्रजापति, चंदन साहू, संदीप उरांव, मीडिया प्रभारीः-अवनी वर्मा, राकेश सिन्हा, सह मीडिया प्रभारीः-कैलाश दशौन्धी, शौर्य कुमार साहू, कार्यकारिणी सदस्य :-सूरज राम, प्रियांशु साहू, संदीप साहू, विश्वजीत ठाकुर, कमलेश साहू, पुरोहितः-प्रणव पाठक, ठाकुरः- विक्रांत ठाकुर को मनोनीत किया गया। इस वर्ष संगम घाट हरमु में छठ व्रतियो का विशेष व्यवस्था किया जाएगा। जिसके लिए आकर्षक विद्युत सज्जा एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाया जाएगा ।


## कार्यालय -अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू

Email- supt.pmchpalamu@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या 02/2025–2026

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू अंतर्गत अधीक्षक , मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू हेतु बाहयश्रोत से बोलेरो वाहन रखने हेतु निविदा दिनांक 31.10.2025 के अपराहन 05.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। विवरण इस प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | विवरण | बाहयश्रोत से बोलेरा वाहन रखने हेतु |
| 02. | DD एवं निविदा का हार्ड कापी कार्यालय में प्राप्ति की अंतिम तिथि | दिनांक 31.10.2025 के अपराहन 05.00 बजे तक |
| 03. | निविदा खोलने का स्थान/तिथि/समय | अधीक्षक, एम0एम0सी0एच0 का प्रकोष्ठ/ 03.11.2025/ अपराहन 03.00 बजे |
| 04. | अग्रधन की राशि जो अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल , पलामू के नाम से DD के रुप में संलग्न होगा | रु 50000.00 (पचास हजार) मात्र Refundable |
| 05. | निविदा आमंत्रण करने वाले का नाम एव पता | अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल , पलामू |
| 06. | निविदा शुल्क की राशि DD के रुप में जो अधीक्षक मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल , पलामू के नाम से देय होगा | रु 3000.00 (तीन हजार) मात्र Non Refundable |

उक्त निर्धारित स्थान एवं समय पर खोलने समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकि भाग के सफल निविदादाता का ही वितीय भाग खोला जाएगा।

निविदा की शर्त्त आदि की जानकारी www.palamu.nic.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

अधीक्षक
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू

PR 363512 District(25-26)#D


## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VII
## झारखण्ड सरकार , राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(जिला भू–अर्जन शाखा) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :–931A/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–06.10.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–हैदरनगर, थाना सं0–303, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ** निर्माण हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन यह भू–खण्ड है जो मानक मान से कमोवेश **2.8667 एकड़** यानि 1.1601 हेक्टेयर है। **ग्राम–हैदरनगर, थाना सं0–303, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू** में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

**ग्राम–हैदरनगर, थाना सं0–303, कुल रकबा–2.8667 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 349 | 253 | टांड़ दो | रैयती | 0.3855 | जगेसर सिंह, पिता–द्रारिका सिंह, सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामशीष सिंह व रामश्रय सिह व विनोद सिंह व प्रमोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह, पार्वती देवी पति–रामाशीष सिंह, अशरफ खान, पिता–अजमुद्दीन खान, मो. खुर्शीद, पिता–मैनुद्दीन खान, सेम्बुल तारा, पति–अशरफ खान | | | | | |
| 2 | 348 | 254 | टांड़ दो | रैयती | 0.1390 | सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरि सिंह, जाति– राजपुत एवं जगेसर सिंह, पिता–द्रारिका सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामशिष सिंह व रामश्रय सिंह व विनोद सिंह व प्रसोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह, | | | | | |
| 3 | 1087 | 255 | टांड़ दो | रैयती | 0.1427 | अमीना बीबी पति–अब्दुल रहीम खां, नौशर अली पिता–अफसर अली, नाजिया प्रवीन, पति–सलीम खां | | | | | |
| 4 | 349 | 251 | टांड़ दो | रैयती | 0.1475 | जगेसर सिंह, पिता द्वारिका सिंह, सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामशीष सिंह व रामश्रय सिह व विनोद सिंह व प्रमोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह, समसुल हक पिता–स्व0 अलीम अंसारी | | | | | |
| 5 | 348 | 257 | टांड़ दो | रैयती | 0.0282 | सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरि सिंह, जाति–राजपुत एवं जगेसर सिंह, पिता–द्रारिका सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामशिष सिंह व रामश्रय सिंह व विनोद सिंह व प्रसोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह, | | | | | |
| 6 | 334 | 278 | टांड़ दो | रैयती | 0.0910 | जगदिश, पिता–रामेसर विश्वकर्मा, मो0 प्रवेज अहमद, पिता–मो0 जुमराती अंसारी | | | | | |
| 7 | 349 | 279 | टांड़ दो | रैयती | 0.0600 | रोस्तम हवारी पिता–नईम हवारी | | | | | |
| 8 | 349 | 280 | टांड़ दो | रैयती | 0.0900 | रोस्तम हवारी पिता–नईम हवारी, अपसाना प्रवीन पति–कमरू अंसारी, सद्दाम हुसैन पिता–कमरुद्दीन अंसारी | | | | | |
| 9 | 1087 | 281 | टांड़ दो | रैयती | 0.1000 | रामाधार सिंह, पिता–देवा सिंह, बिहारी सिंह, पिता–प्रगास सिंह | | | | | |
| 10 | 349 | 282 | धनहर दो | रैयती | 0.1550 | जगेसर सिंह, पिता–द्वारिका सिंह, सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामशीष सिंह व रामश्रय सिह व विनोद सिंह व प्रमोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह, | | | | | |
| 11 | 349 | 283 | बांध | रैयती | 0.0225 | जगेसर सिंह, पिता–द्वारिका सिंह, सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामशीष सिंह व रामश्रय सिह व विनोद सिंह व प्रमोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह | | | | | |
| 12 | 1052 | 284 | धनहर दो | रैयती | 0.0865 | रामप्रशाद साह, पिता–शितल साह, मो0 हैदर अली पिता–मो0 अख्तर अली, आमना बीबी पति–सदरुद्दीन मियां | | | | | |
| 13 | 230 | 285 | धनहर दो | रैयती | 0.0680 | कोदु प्रसाद, पिता–धनेसर प्रसाद | | | | | |
| 14 | 230 | 286 | धनहर दो | रैयती | 0.0972 | कोदु प्रसाद, पिता–धनेसर प्रसाद | | | | | |
| 15 | 321 | 287/5438 | धनहर दो | रैयती | 0.0828 | छठनी देवी, पति–कुलदीपमिस्त्री | | | | | |
| 16 | 63 | 288 | धनहर दो | रैयती | 0.0340 | अब्दुल अहमद खां, पिता–अब्दुल गफार खां | | | | | |
| 17 | 752 | 386 | धनहर दो | रैयती | 0.2167 | वंशीधर सिंह वो ओमकार सिंह वो, पिता–रामबेलाश सिंह, वृज किशोर सिंह वो कुन्दन सिंह, पिता–रामबेलाश सिंह | | | | | |
| 18 | 68 | 407 | धनहर दो | रैयती | 0.0300 | अब्दुल अहद खां व अब्दुल समद खां व अब्दुल वारीफ खां, पिता–गफार खां | | | | | |
| 19 | 401 | 406 | धनहर दो | रैयती | 0.0800 | जुगल किशोर लाल, पिता–पचाना लाल | | | | | अधियाचना में प्लॉट नं0–406 के स्थान पर 405 दर्ज है। अंचल प्रतिवेदन 406 प्लॉट का आया है 405 अर्जित क्षेत्र से बाहर है। |
| 20 | 885 | 404 | धनहर दो | रैयती | 0.1809 | मंसुर खाँ वो मनीहर खाँ वो सुलेमान खाँ, पिता–कादीर खाँ, रेयासत खाँ, पिता–नाजीर खाँ, नसीर वीवी, पति–मंसुर खाँ | | | | | |
| 21 | 67 | 387 | धनहर दो | रैयती | 0.0182 | अब्दुल हक खान पिता–अब्दुल समद खां | | | | | |
| 22 | 760 | 388 | धनहर दो | रैयती | 0.0221 | फैयाज खान पिता–स्व0 मुमताज खान | | | | | |
| 23 | 356 | 389 | धनहर दो | रैयती | 0.0284 | जफरुदिन खां व शहीद खां व क्युम खां, पिता–सतार खां, मखमली बीबी, पिता–शहीद खां, हुसनआश बीबी, पति–क्यामुदिन खां | | | | | |
| 24 | 885 | 403 | धनहर दो | रैयती | 0.0784 | मंसुर खाँ वो मनीहर खाँ वो सुलेमान खाँ, पिता–कादीर खाँ, रेयासत खाँ , पिता–नाजीर खाँ, नसीर वीवी, पति–मंसुर खाँ,महमूद खां उर्फ लल्लू खां पिता–स्व. मंसूर खां | | | | | |
| 25 | 1396 | 390 | धनहर दो | रैयती | 0.0625 | हाजरा वीवी, पति–अब्दुल अहमद खाँ, जाति– पैठान एवं बदरुन निशा, पिता–गुलाम समद खाँ | | | | | |
| 26 | 68 | 391 | धनहर दो | रैयती | 0.0608 | अब्दुल अहद खां व अब्दुल समद खां व अब्दुल वारीफ खां, पिता–गफार खां, वसी आलम खां पिता–स्व0 समद खां यासमीन बानो पति–नूर सईद | | | | | |
| 27 | 1299 | 401 | धनहर दो | रैयती | 0.0923 | खदीजा एरम पति–मुमताज अहमद, नसीरुद्दीन अहमद, पिता–मो0 युनुस अहमद, सुमैला खातून, पति–शोहब अख्तर, तबस्सुम प्रवीण, पति–मोहसिन खान ,फरहान नाज, पति–बसीर खां वगैरह | | | | | |
| 28 | 68 | 392 | धनहर दो | रैयती | 0.0350 | अब्दुल अहद खां व अब्दुल समद खां व अब्दुल वारीफ खां, पिता–गफार खां | | | | | |
| 29 | 936 | 393 | धनहर दो | रैयती | 0.1300 | रहमतुल्ला खाँ वो करमतुल्ला खाँ, कुईसा वीवी, पिता–हीदायततुल्ला खाँ, चाँद प्रवीन पति–लेयाकत अली खां | | | | | |
| 30 | 869 | 400/5629 | धनहर दो | रैयती | 0.0205 | फुजैल अहमद, इरशाद अहमद पिता–स्व0 मो0 जउवाद | | | | | |
| 31 | 1216 | 394 | धनहर दो | रैयती | 0.0060 | सइदा वीवी, पति–मोहम्द रजा | | | | | |
| 32 | 177 | 593 | मकान | रैयती | 0.0275 | करामत अली खां, पिता–हेयाततुलाह खां, सलीम खां, पिता–जलील खां, | | | | | |
| 33 | 177 | 596 | टांड़ एक | रैयती | 0.0275 | जिशान अली पिता लेयाकत अली | | | | | |
| 34 | 177 | 597 | मकान | रैयती | 0.0200 | करामत अली खां, पिता–हेयाततुलाह खां, सलीम खां, पिता–जलील खां, जिशान अली पिता लेयाकत अली | | | | | |
| कुल :– | | | | | 2.8667 | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम.........×......... थाना.........×......... थाना सं0.........×......... अंचल.........×.........जिला.........×......... क्षेत्रफल .........×......... एकड़.........×......... यानि.........×......... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–

.........×.........×.........

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू | अपर समाहर्त्ता, पलामू | उपायुक्त, पलामू

PR 363407 Palamu(25-26).D

# मुरुमकेला में चाकू से हमला कर युवक की हत्या, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** कामडारा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरुमकेला में एक युवक की चाकू से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी गई। मृतक तेलसफोर केरकेट्टा, पिता स्व. फ्रांसिस केरकेट्टा, ग्राम ठेंगा टोली मुरुमकेला था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और परिजनों से संपर्क कर मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक अक्सर अपने माता-पिता और बहन के घर घूमता रहता था। उसकी मां कैची मोरे के होटल में काम करती हैं। 6 अक्टूबर को वह अपनी मां के पास था और अगले दिन सुबह बहन के घर ग्राम लप्पा से खाना खाकर निकला था। मृतक शराब का आदि था और नशे में अक्सर दूसरों से झगड़ा कर देता था।

परिजनों का कहना है कि यह हत्या अज्ञात अपराधियों द्वारा की गई प्रतीत होती है। घटना की जानकारी मृतक की बहन सुशीला केरकेट्टा को सुबह मिली। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय पुलिस घटनास्थल और आस-पड़ोस के सीसीटीवी फुटेज एवं गवाहों से जानकारी जुटाकर अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।



*मामले की त्वरित जांच की जा रही है और दोषियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।*

***पुलिस अधिकारी,** कामडारा*

## राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर पर कार्रवाई, सीएस गुमला ने तत्काल प्रभाव से हटाए दोषी कर्मी

# नवजात खरीद-फरोख्त कांड में 3 स्वास्थ्य कर्मियों की सेवा समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रकाशित "रायडीह में नवजातों की खरीद-फरोख्त" संबंधी सनसनीखेज खबर का गहरा असर जिले के स्वास्थ्य प्रशासन पर पड़ा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन, गुमला ने जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर तीन स्वास्थ्य कर्मियों को दोषी पाते हुए उनकी सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश (संख्या 285, दिनांक 06.10.2025) के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रायडीह में कार्यरत सुमन कुमारी, एएनएम, पार्वती देवी, सहायिका, मोंडालटोली रायडीह, निमिषा लकड़ा, सीएनडब्ल्यू, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बोंडांगे, रायडीह को जांचोपरांत नवजात शिशुओं की खरीद-बिक्री कांड में संलिप्त/दोषी पाया गया है। आदेश में कहा गया है कि उक्त कर्मियों की सेवा को "तत्काल प्रभाव से समाप्त" किया जाता है। सीएस डॉ. नीरज कुमार सिंह के हस्ताक्षर से जारी आदेश की प्रति अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, तथा सभी संबंधित वरीय अधिकारियों को भेजी गई है।




### क्या था मामला

रायडीह प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हाल में दो नवजातों की खरीद-बिक्री का मामला उजागर हुआ था। पुलिस ने छापेमारी कर दोनों नवजातों को सुरक्षित बरामद किया - एक को गुमला और दूसरे को रांची से। बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने दोनों शिशुओं को बाल संरक्षण गृह में सुरक्षित रखवाया है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र की एक एएनएम ने नवजातों को बचाने के नाम पर बाहरी व्यक्ति को गोपनीय रूप से सौंपा था, जिसके एवज में आर्थिक लेन-देन की बात भी सामने आई थी। पूरे मामले ने स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा दिया था।

### जिला प्रशासन सख्त

उपायुक्त के निर्देश पर गठित जांच टीम ने दोषी कर्मियों के विरुद्ध ठोस प्रमाण जुटाए। रिपोर्ट के आधार पर सिविल सर्जन ने सेवा समाप्ति की अनुशंसा करते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही या मानवता विरोधी कृत्य करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस संपन्न

# 50 से अधिक मामलों पर हुई त्वरित कार्रवाई : प्रेरणा दीक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 50 से अधिक लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं, जिन पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतें विविध थीं-जिनमें भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं के लाभ में बाधा, राशन कार्ड में नाम जोड़ने की समस्या, बिजली और पानी की आपूर्ति में खामियां, श्रमिक भुगतान में देरी, पेंशन निर्धारण, आवास सहायता, दुकान किराया वृद्धि तथा अनुकंपा नियुक्ति जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। चपका गांव के श्रमिकों ने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के भेड़ापाकड़ ग्राम स्थित संजय सिंह के ईंट भट्ठे में दिसंबर 2024 से जून 2025 तक कार्य किया, लेकिन उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं मिला। इस पर उपायुक्त ने श्रम विभाग को तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। ग्राम पुग्गू के प्रधान ने ग्राम सभा के निर्णय के अनुसार स्वर्गीय कार्तिक उरांव की प्रतिमा स्थापना की अनुमति मांगी, जिस पर उपायुक्त ने विधिक प्रक्रिया के तहत शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया। अनवरी खातून (गुमला नगर) ने वर्षा के कारण घर टूटने पर आवास सहायता की मांग की, वहीं ग्राम डीपाटोली के सुशील उरांव ने भूमि विवाद और प्रमाणपत्र से जुड़ी जटिलताओं को रखा। सेवानिवृत्त राजस्व उप निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय ने अपने पेंशन निर्धारण में देरी की शिकायत की, जबकि पंडरिया के हर्षवर्धन गोप ने अनुकंपा नियुक्ति आवेदन की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। दुकानदारों ने भी जनवरी 2025 में हुई किराया वृद्धि पर पुनर्विचार की मांग रखी। उपायुक्त ने कहा की जन शिकायत निवारण दिवस प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद का सशक्त माध्यम है। प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा ताकि हर नागरिक को न्याय मिले।"

### उपायुक्त ने चंदाली ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**गुमला।** मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने चंदाली स्थित ईवीएम वेयरहाउस हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा, सीसीटीवी और अन्य उपकरणों की स्थिति, विद्युत व्यवस्था, बैलट यूनिट हॉल, अग्निशमन प्रबंध, कमरों की सीलिंग और डबल लॉक प्रणाली सहित निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानदंडों का बारीकी से जायजा लिया। उपायुक्त ने पूरे परिसर का भ्रमण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि निर्वाचन उपकरणों की सुरक्षा और रख-रखाव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने और किसी भी तरह की चूक से बचने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा के लिए सभी प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन अनिवार्य है। उपायुक्त ने कहा-निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।"

# वर्षों से भटक रही वृद्धा का पेंशन स्वीकृत, हर्ष



- **बीडीओ अरुण कुमार सिंह की त्वरित कार्रवाई की सराहना**

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो।** मारासिली पंचायत, खरतंगा गांव की आझु उरांव और उनकी पत्नी झरियो उरांव कई वर्षों से वृद्धा पेंशन के लिए भटक रही थीं। सोमवार को बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने उनकी समस्या को त्वरित संज्ञान में लेते हुए मात्र 15 मिनट के भीतर पेंशन स्वीकृत कर पीपीओ जारी किया। वृद्धाओं ने बताया कि उन्होंने वर्षों तक ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाए, बिचौलियों के माध्यम से कई बार आवेदन किया, लेकिन कोई लाभ नहीं मिला। सोमवार को गांव के समाजसेवी बसंत बड़ाईक के माध्यम से बीडीओ से मिलकर अपनी समस्या बताई। बीडीओ ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की और पेंशन पारित कर दी।

बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि यदि वृद्धा पेंशन में कोई भी बिचौलिया संलिप्त पाया गया, तो उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी, चाहे इसमें हमारे स्टाफ की भी संलिप्तता क्यों न हो। पेंशन स्वीकृत होने के बाद दोनों वृद्धाओं ने बीडीओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा की आज हमारी लम्बे समय से चली आ रही परेशानी का समाधान हुआ। बीडीओ साहब की तत्परता ने हमारे जीवन में राहत दी।" इस कार्रवाई से प्रशासन की त्वरित एवं पारदर्शी सेवा का संदेश स्थानीय ग्रामीणों तक पहुंचा, जिससे लोगों में सरकार पर भरोसा और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के प्रति संतोष बढ़ा।

# लायंस क्लब ने वृद्ध आश्रम में आयोजित की मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला के तत्वावधान में मंगलवार को सीलम स्थित वृद्ध आश्रम में "मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक सोच का महत्व" विषय पर एक जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना और उनके भीतर जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना था। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जायसवाल, सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू, दामोदर कसेरा, और शंकर लाल जाजोदिया ने वृद्धजनों को संबोधित किया। अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि जीवन के इस पड़ाव में सकारात्मक सोच और मानसिक शांति सबसे बड़ी ताकत है। वहीं रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि "मन स्वस्थ रहेगा तो तन भी स्वस्थ रहेगा।" सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू ने वृद्धजनों से आग्रह किया कि वे नकारात्मक विचारों से दूर रहकर, आपस में बातचीत और मनोरंजन के माध्यम से मन को प्रसन्न रखें। दामोदर कसेरा ने कहा कि वृद्धजनों को खुले वातावरण में समय बिताना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर लायंस क्लब सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब के सदस्यों ने वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों के बीच गरम शॉल, फल और अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया। उन्होंने वृद्धजनों को यह भरोसा भी दिलाया कि क्लब आगे भी उनकी सहायता के लिए तत्पर रहेगा। इस अवसर पर क्लब के सदस्य सरस्वती प्रसाद, शशि किरण जायसवाल, रीता लाल, रेणु देवी, शिवकुमार लाल, सत्येंद्र प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल उपस्थित थे।



## अंजुमन कमेटी की अहम बैठक संपन्न

# सदस्यों ने निरस्तीकरण को बताया असंवैधानिक, 12 को फिर होगी बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो।** अमनपुर में मंगलवार को भरनो प्रखंड अंजुमन कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड के 27 अंजुमन कमेटियों के सदर, सेक्रेटरी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर जहांगीर आलम ने की, जबकि संचालन सेक्रेटरी मिर तबरेज़ ने किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से प्रखंड अंजुमन कमेटी को निरस्त किए जाने के निर्णय पर तीखी आपत्ति जताई और इसे असंवैधानिक व मनमाना कदम करार दिया। सदस्यों ने स्पष्ट कहा कि प्रखंड अंजुमन कमेटी का गठन वोटिंग प्रक्रिया के तहत संवैधानिक तरीके से हुआ था और इसकी वैधता को निरस्त करने का कोई अधिकार बिना सर्वसम्मति के नहीं है। बैठक में यह भी बताया गया कि कमेटी के विस्तार न होने के आरोप तथ्यों से परे हैं, क्योंकि प्रखंड स्तर से कई बार पत्र भेजे गए, किंतु कुछ ग्राम अंजुमनों द्वारा सदस्यों की सूची नहीं भेजे जाने के कारण विस्तार संभव नहीं हो सका। सभी 27 अंजुमन के सदर और सेक्रेटरी ने एक स्वर में निर्णय लिया कि प्रखंड अंजुमन कमेटी अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करेगी। साथ ही 12 अक्टूबर को फिर से बैठक बुलाने और रिक्त पदों को शीघ्र भरने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से नाइफ सेक्रेटरी अब्दुल्ला बक्श, शौकत मिरदाहा, साकिब मिरदाहा, कलाम अंसारी, सोबराती अंसारी, परवेज़ खान, सुलेमान अंसारी, कुर्बान खान, अजमत खान, अकबर खान, ऐनाईत अली, नदीम खान, यूसुफ कोटवार, रशीद अंसारी, संतु खान, महबूब खान, साबिर फरास, अमीन बक्श, और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



*प्रखंड अंजुमन कमेटी को निरस्त करना नियमों के खिलाफ है। हम सबकी सहमति के बिना ऐसा निर्णय मान्य नहीं होगा।"*

***जहांगीर आलम,** सदर, प्रखंड अंजुमन कमेटी, भरनो*

## आत्मनिर्भर भारत की दिशा में पहल : वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# किसानों के लिए प्रशिक्षण आयोजित, दिखा उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला एवं विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 8 अक्टूबर 2025 तक "वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड सरकार के जिला उद्यान विभाग, गुमला के वित्तीय सहयोग से संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना एवं उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना था।




उद्घाटन सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. बृजेश पाण्डेय ने कहा कि मधुमक्खी पालन कम लागत में अधिक लाभ देने वाली कृषि आधारित गतिविधि है। उन्होंने बताया कि मधुमक्खियाँ केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि परागण के माध्यम से फसलों की उत्पादकता में 25 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि करती हैं। यही कारण है कि मधुमक्खी पालन आज कृषि प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

विषय विशेषज्ञ अटल बिहारी तिवारी ने प्रतिभागियों को मधुमक्खियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके रख-रखाव, छत्तों की संरचना, रानी मधुमक्खी की पहचान, रोग प्रबंधन, मौसम अनुसार देखभाल, तथा शहद एवं मोम के प्रसंस्करण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड की जलवायु मधुमक्खी पालन के लिए अत्यंत अनुकूल है — यहाँ सरसों, तिल, करंज, मुनगा, सब्ज़ियाँ एवं जंगलों में पाई जाने वाली पुष्प प्रजातियाँ पराग और रस का समृद्ध स्रोत प्रदान करती हैं। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों को व्यावहारिक सत्र के तहत मधुमक्खी के छत्तों का निरीक्षण, फ्रेम बदलना, रानी मधुमक्खी की पहचान तथा मधु निष्कर्षण की तकनीक का प्रदर्शन किया गया। वहीं अंतिम दिन शहद की गुणवत्ता परीक्षण, ब्रांडिंग और विपणन की बारीकियों पर चर्चा हुई ताकि किसान अपने उत्पाद को बाजार में उचित मूल्य पर बेच सकें।

इस प्रशिक्षण में रायडीह, घाघरा, चैनपुर, कामडारा सहित गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 25 किसानों एवं महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों में फुल मनी ताना भगत, सुंदरी भगत, निर्मला देवी, छोटी कुमारी, उर्मिला देवी, कौशल्या देवी सहित 22 अन्य किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया और भविष्य में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया।

# न्यूज बॉक्स

## चैनपुर में बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, 7 लोगों पर बिजली चोरी का केस दर्ज

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में बिजली विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सहायक विद्युत अभियंता हरि उरांव के नेतृत्व में छापामारी दल ने विभिन्न गांवों में जांच अभियान चलाया और बिजली चोरी करते हुए लोगों को पकड़ा। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, चैनपुर के मड़ईकोना निवासी शशिकांत तुर्की पर 14,673 रुपये, डहुडढ़ गांव निवासी अमित केरकेट्टा पर 9,782 रुपये, महेशपुर निवासी शुभम भगत पर 12,716 रुपये, शिव कुमार साहू पर 12,716 रुपये, बीरेंद्र गिरी पर 9,782 रुपये और सिल्फरी निवासी अजीत केरकेट्टा पर 14,673 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इन सभी के खिलाफ चैनपुर थाने में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कराया गया है।सहायक विद्युत अभियंता हरि उरांव ने इस कार्रवाई पर बात करते हुए कहा, "बिजली चोरी एक गंभीर अपराध है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों के घरों में अभी तक मीटर नहीं लगा है, वे जल्द से जल्द आवेदन देकर मीटर लगवा लें। भविष्य में भी इस तरह की छापामारी जारी रहेगी और बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"इस कार्रवाई से प्रखंड में बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि वे बिजली का सही उपयोग करें और किसी भी प्रकार की बिजली चोरी की सूचना तुरंत विभाग को दें।

## आंगनबाड़ी सहायिका चयन में टकराव आमसभा में घंटों हंगामा, चयन प्रक्रिया स्थगित



**भरनो।** भरनो प्रखंड के मारासिली पंचायत अंतर्गत सिंगरौली गांव में मंगलवार को आंगनबाड़ी सहायिका चयन को लेकर आयोजित आमसभा हंगामे के बीच बिना निर्णय के समाप्त हो गई। यह आमसभा बाल विकास परियोजना कार्यालय, भरनो के तत्वावधान में बुलाई गई थी, जिसमें पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव, पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी, वार्ड सदस्य, महिला पर्यवेक्षिका उर्मिला जयसवाल, सुमन देवी तथा सिंगरौली और खटको गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र सिंगरौली गांव में स्थित है, किंतु इसका पोषक क्षेत्र सिंगरौली और खटको दोनों गांव हैं। चयन प्रक्रिया के दौरान जब सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा ने नियमावली पढ़कर सुनाई कि "सबसे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाली महिला का चयन किया जाएगा", तब विवाद उत्पन्न हो गया। बताया गया कि खटको गांव की महिला की शैक्षणिक योग्यता अधिक है, जबकि सिंगरौली के ग्रामीणों ने यह कहते हुए विरोध शुरू कर दिया कि "जहां केंद्र स्थित है, वहीं की महिला को चयनित किया जाना चाहिए।" दोनों गांवों के ग्रामीणों के बीच इस मुद्दे पर तीखी बहस और खींचतान होती रही। मुखिया सुकेश उरांव और सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा ने ग्रामीणों को समझाने का भरसक प्रयास किया कि चयन केवल सरकारी नियमों के अनुसार ही संभव है, परंतु ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। आखिरकार बढ़ते विवाद और असहमति के कारण बैठक को बिना सहायिका चयन के स्थगित कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी मांग को लेकर उच्च अधिकारियों तक मामला पहुंचाएंगे।

## चैनपुर बस स्टैंड पर एजेंट व ड्राइवर में झड़प समय को लेकर हुआ विवाद




**चैनपुर।** चैनपुर बस स्टैंड पर मंगलवार उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया जब मरियम और संध्या बस के एजेंटों और ड्राइवरों के बीच हिंसक झड़प हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद का मुख्य कारण बसों के खुलने के समय को लेकर हुई कहासुनी थी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों बसों के एजेंट अपनी-अपनी गाड़ी को पहले खोलने को लेकर बहस कर रहे थे। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के ड्राइवर और अन्य स्टाफ भी इसमें शामिल हो गए और एक दूसरे से भिड़ गए। इस दौरान बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप मच गया। झड़प की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया और मामले को संभाला। ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद माहौल तो शांत हो गया, लेकिन बस स्टैंड पर तनाव की स्थिति बनी हुई है।इस घटना के कारण बस स्टैंड पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड पर बसों के समय को लेकर इस तरह के विवाद अक्सर होते रहते हैं, लेकिन आज मामला मारपीट तक पहुंच गया। फिलहाल किसी भी पक्ष द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। ग्रामीणों द्वारा दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## बाक चालक के विरुद्ध महिला ने कराई प्राथमिकी दर्ज

**सिसई (गुमला)।** बीते दिनों सड़क दुर्घटना में सुरेन्द्र कुमार साहु का घटना स्थल पर ही मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की मां सुशीला देवी (40), पति किशुन साहु, ग्राम सिसई बस्ती, थाना सिसई, जिला गुमला निवासी के द्वारा दूसरे बाईक चालक संदीप कुमार कुजूर, पिता स्व परमेश्वर भगत ,ग्राम कोचा, थाना पुसो ,जिला गुमला निवासी के विरुद्ध तेजगति व लापरवाही से बाईक चलाते हुए टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मृतक की मां सुशीला देवी ने लिखित आवेदन में बताया है कि बीते दिनों 16 सितंबर 2025 को उनका 20 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र कुमार साहु किसी जरूरी काम से दूसरे का हीरो स्प्लेंडर बाईक जेएच 01 ए एक्स - 1712 से ग्राम पंडरानी की ओर गया था जहां शाम 4 बजे के करीब कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पंडरानी से कुछ दूर पहले विपरीत दिशा से आ रहे बाईक सवार संदीप कुमार कुजूर अपने अचीवर बाईक जेएच 05 ए एल - 5899 को तेजगति से चलाते हुए सुरेन्द्र कुमार साहु की बाईक में सीधी टक्कर मार दी। जिससे सुरेन्द्र कुमार साहु बाईक सहित सड़क पर गिर गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सुशीला देवी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि बाईक चालक संदीप कुमार कुजूर के द्वारा तेजगति एवं लापरवाही से बाईक चलाते हुए मेरे बेटे के बाईक को टक्कर मार देने के वजह से ही मेरे बेटे की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक पुत्र के क्रियाक्रम में व्यस्त होने के कारण 5 अक्टूबर 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बाईक चालक संदीप कुमार कुजूर के ऊपर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाय।

## स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के भेलवतला के समीप मंगलवार को एक स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।घटना के समय क्षेत्र भ्रमण से लौट रहे चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की नजर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति पर पड़ी। उन्होंने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए अपनी गाड़ी रोकी और घायल की मदद के लिए आगे आए। बीडीओ ने बिना देरी किए 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल कर घटना की सूचना दी।इसके साथ ही उन्होंने चैनपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार को भी फोन पर दुर्घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई अशोक कुमार, एएसआई नंदकिशोर कुमार और संतोष धर्मपाल लुगुन सहित पुलिस बल की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस और बीडीओ की संयुक्त मदद से घायल व्यक्ति को तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, गुमला रेफर कर दिया है।बीडीओ यादव बैठा और चैनपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है, जिनकी वजह से एक अज्ञात व्यक्ति को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। पुलिस घायल व्यक्ति की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

सुप्रभात विचार प्रवाह

मैं चैतन्य के विमान में उड़ान भरता हूँ, ऊपर, नीचे, बाएं, दाएं, अंदर में, बाहर, सभी तरफ, और देखता हूँ कि अपने अंतरिक्ष-घर के प्रत्येक कोने में मैं सदा ही अपने परमपिता के पवित्र सान्निध्य में रहा हूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# सबसे बड़ी प्रशासनिक सेवा में बड़ा बदलाव

संघ लोक सेवा आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर बताया कि वह प्रारंभिक परीक्षा की अंतरिम आंसर-की जारी करेगा। यह स्वागत योग्य कदम है, लेकिन एक दशक से ज्यादा पुराने हो चुके देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा के प्रारूप में बदलाव समय की मांग है। मौजूदा सिविल सेवा परीक्षा की जड़ें आजादी से पूर्व मैकाले समिति द्वारा तैयार की गई आईसीएस परीक्षा से जुड़ती हैं, जिसकी रिपोर्ट इस आधार पर थी कि 'शैक्षणिक प्रतिभा को प्रशासनिक प्रतिभा में बदला जा सकता है।' आजादी के बाद कुछ बदलाव के साथ वह योजना 1970 के दशक तक जारी रही। यद्यपि कुछ प्रतिभावान अभ्यर्थी सफल रहे, लेकिन ज्यादातर अभिजात्य वर्ग और अंग्रेजी माध्यम वाले अभ्यर्थी ही इससे लाभान्वित होते रहे। परीक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए सरकार ने 1974 में कोठारी समिति गठित की। समिति ने प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार की त्रिस्तरीय प्रक्रिया की अनुशंसा की। वर्ष 1988 में सतीश चंद्र समिति ने प्रारंभिक परीक्षा में निगेटिव मार्किंग, मुख्य परीक्षा में निबंध और व्यक्तित्व परीक्षण के अंक बढ़ाने जैसे आंशिक बदलाव के साथ कोठारी समिति की परीक्षा पद्धति को ही जारी रखने की सिफारिश की। यह योजना ग्रामीण, अर्धशहरी और मेट्रो शहरों यानी सभी तरह के अभ्यर्थियों के लिए सुलभ थी और कुछ हद तक सामान्य पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थी सफल भी हुए। वर्ष 2005 बैच के आईपीएस मनोज कुमार शर्मा, जिनके ऊपर 12वीं फेल फिल्म बनी, इसी योजना के जरिये सफल हुए। द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने 2009 में एसके खन्ना समिति गठित की। वर्ष 2011 में इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर वैकल्पिक पेपर को एक सामान्य पेपर से बदल दिया गया और प्रारंभिक परीक्षा को पुनर्गठित करके दो पेपरों को शामिल किया गया। इससे शहरी क्षेत्र और कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी ज्यादा लाभान्वित हुए। काफी विरोध के बाद कुछ परिवर्तनों के साथ 2013 में नया प्रारूप जारी हुआ, जो अब तक जारी है, लेकिन अब इस प्रारूप में कई सुधारों की आवश्यकता है। सबसे पहले, बीते एक दशक में अभ्यर्थियों की संख्या बढ़कर दोगुनी हो चुकी है, जबकि सीटें 750 से 1,000 के बीच ही हैं, जिनकी संख्या बढ़नी चाहिए। अभी प्रारंभिक परीक्षा में एक पेपर क्वालिफाइंग और दूसरा प्रतियोगी होता है। होना तो यह चाहिए कि सभी विषयों को दोनों पेपरों में समान रूप से बांटकर, दोनों के अंकों के आधार पर मुख्य परीक्षा की पात्रता मिलनी चाहिए। मुख्य परीक्षा में भी कुछ बदलाव की जरूरत है। निबंध में एक विषय दार्शनिक दृष्टिकोण, तो दूसरा समसामयिक विषयों से संबंधित होना चाहिए।

*आजादी के बाद कुछ बदलाव के साथ वह योजना 1970 के दशक तक जारी रही। यद्यपि कुछ प्रतिभावान अभ्यर्थी सफल रहे, लेकिन ज्यादातर अभिजात्य वर्ग और अंग्रेजी माध्यम वाले अभ्यर्थी ही इससे लाभान्वित होते रहे। परीक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए सरकार ने 1974 में कोठारी समिति गठित की।*

# भारतीय टैलेंट के विदेश से वापसी में रोड़ा हैं भ्रष्टाचार घूसखोरी, लालफीताशाही और संसाधनों का अभाव

आज की बात



**कृष्णमोहन सिंह**

अमेरिका में एच-1बी वीजा की फीस में भारी वृद्धि के साथ एक नई वैश्विक हलचल शुरू हुई। जैसे ही यह नीति लागू हुई, भारत में इसे लेकर सरकारी गलियारों में चर्चा शुरू हो गई कि मौका है अब हम विदेश गए टैलेंट को वापस बुला सकते हैं। नीति-निर्माता, सलाहकार व देश के विकास की बात करने वाले लोगों की इसे आपदा में अवसर बनाया जाए और इसे 'ब्रेन गेन' बनाया जाए। लेकिन क्या भारतीय टैलेंट को विशेषकर अमेरिका से वापस बुलाना इतना आसान है? अमेरिका दशकों से भारतीय टैलेंट का सबसे बड़ा गंतव्य रहा है। टेक्नोलॉजी, चिकित्सा, शोध, वित्त व उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भारतीयों ने खुद को सर्वोच्च साबित किया है। लेकिन इसके साथ ही अमेरिका की इमिग्रेशन नीति, खासकर एच-1बी और ग्रीन कार्ड प्रक्रिया, तमाम प्रतिभाशाली लोगों के लिए बेहतर अवसर व सपने को अपनी मेहनत के बदौलत सच करने सीढ़ी बन गई है। हालांकि अब भारत को दोस्त बतानेवाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीज़ा की फीस एक लाख डॉलर तक बढ़ा दी है, और ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया लगभग ठप हो गई, तो उनमें से कुछ ने लगभग उतने ही सहूलियत वाले देशों में जाने के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी, लेकिन कई जो कहीं और उन्नत देश जाने की स्थिति में नहीं हैं या वहाँ जाने के लिए जो अनुभव की माँग है उतनी पूरी नहीं करने की मजबूरी में भारत वापस लौटने के विकल्प पर चर्चा करने लगे हैं। इन हालात में सरकार की ओर से आधिकारिक रूप से कहा गया कि हम विदेशों में बसे भारतीयों को देश में लौटने और विकास में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद ने इसे एक अवसर बताया और कहा कि अमेरिका की नीति अब भारत को अपनी प्रतिभा लौटाने का ज़रिया बन सकती है।लेकिन सच्चाई यह है कि किसी को भावनात्मक अपील या 'देश के प्रति कर्तव्य' की याद दिलाकर अमेरिका जैसे व्यवस्थित जीवन से वापस बुलाना एक सरल प्रक्रिया नहीं। यहाँ बात सिर्फ पेशेवर अवसरों की नहीं, बल्कि उन सामाजिक और संरचनात्मक खाइयों की है जिनमें आज का भारत खुद फंसा हुआ है। नितिन हसन जैसे लोग विरले उदाहरण हैं। उन्होंने मेटा जैसी टेक दिग्गज में एक स्थिर व आकर्षक नौकरी छोड़ी और भारत लौटकर दो स्टार्टअप शुरू किए। उनका एक स्टार्टअप -B2I (बैक आफ इंडिया -विशेष रूप से उन भारतीयों की मदद के लिए है, जो अमेरिका से लौटने की सोच रहे हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म भारत लौटने की भावनात्मक, पेशेवर और कानूनी चुनौतियों का समाधान खोजता है।हसन के अनुसार, अमेरिका की इमिग्रेशन नीतियों में आए ताज़ा बदलावों और ग्रीन कार्ड के मिलने में हो रही देरी से B2I प्लेटफ़ॉर्म पर पूछताछ तीन गुना बढ़ गई है। बीते छह महीनों में ही 200 से ज्यादा प्रवासी भारतीय उनसे भारत लौटने के विकल्पों पर चर्चा कर चुके हैं।लेकिन यह विदेश में पढ़ाई करके रह रहे और बस गये भारतीयों की कुल संख्या से बहुत ही, बहुत ही कम है। केवल कार्यरत प्रोफेशनल्स ही नहीं, बल्कि आइवी लीग जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से पढ़ाई पूरी करने वाले भारतीय छात्र भी अब भारत को एक विकल्प के तौर पर देखने लगे हैं। लेकिन तब जब अमेरिका व विश्व के अन्य बहुत ही उन्नत व सुविधाओं वाले देश में नौकरी या व्यवसाय का अवसर नहीं बने। भारत में हाल के वर्षों में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCCs) की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। ये बहुराष्ट्रीय कंपनियों के ऐसे केंद्र हैं जो उत्पाद विकास, नवाचार और नेतृत्व का कार्य भारत से ही करते हैं। जो अमेरिका में दिये जाने वाले वेतन से बहुत ही कम सैलरी पर भारत में एक अपनी अलग कंपनी बना, भले ही पार्टनरशिप में हो, भारतीयों को नौकरी पर रखते हैं। लेकिन एआई के एक दम से बढ़े प्रभाव से यहाँ भी एक-एक कंपनी से कई -कई हज़ार आईटी व फाइनेंस कर्मचारी निकाले जा रहे हैं। टीसीएस, इन्फोसिस से लगायत अन्य देशी -विदेशी तमाम कंपनियां यह करने में आगे बढ़ गई हैं। उधर दूसरी तरफ जर्मनी, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, फिनलैंड, डेनमार्क, चीन, जापान जैसे देश इन प्रवासियों को आकर्षित करने के लिए नई योजनाएं पेश कर रहे हैं। गोल्डन वीजा, तेज़ रेजिडेंसी प्रोसेस व स्थायी नागरिकता की संभावना उन्हें भारत के मुकाबले कहीं ज्यादा व्यवस्थित विकल्प प्रदान करती है।

**भारत से पलायन को प्रेरित करने वाले कारण-** भारत में रहकर काम करने की सोच को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले तत्व हैं – घूसखोरी, लालफीताशाही, नीति अस्थिरता, टैक्स का आतंक, आरक्षण,जातिवाद, सत्ताधारी नेताओं , दलों द्वारा उद्यमियों को फंसा कर अघोषित वसूली या चंदा वसूली, सरकारी एजेसियों से नोटिस दिलवा , फँसा कर जेल में डलवा देना, सत्ताधारी नेताओं के एस मैन की नियुक्तियाँ और खराब इंफ्रास्ट्रक्चर ।ये तमाम में से कुछ वे कारण हैं जिनकी वजह से पहले प्रतिभा बाहर गई और अब लौटने में हिचकती है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2020 के बाद से 5 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। हाई-नेट वर्थ इंडिविजुअल्स (HNIs) की संख्या में भारत से पलायन लगातार तेज हो रहा है।

**सवाल सिर्फ सुविधाओं का नहीं, भरोसे का भी है-** इस बारे में मनमोहन सिंह के पीएम रहने के दौरान उनके मीडिया सलाहकार व रणनीतिकार रहे संजय बारू के अनुसार( जो उन्होंने बीबीसी से बातचीत में कहा है), यदि सरकार वास्तव में गंभीर है तो उसे टॉप-लेवल प्रयास करने होंगे — जैसे पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने किया था, जब उन्होंने दुनिया भर से वैज्ञानिकों व शिक्षाविदों को वापस बुलाकर भारतीय विज्ञान संस्थानों की नींव रखी। संजय बारू यह भी कहते हैं कि जब तक शोध, शिक्षा और संस्थागत स्वतंत्रता को बढ़ावा नहीं मिलेगा, तब तक टैलेंट केवल मजबूरी में लौटेगा — उत्साह में नहीं।

**इन हालात में भारत को यदि 'रिवर्स ब्रेन ड्रेन' का सपना साकार करना है, तो इसके लिए कुछ बुनियादी बदलाव करने होंगे-**

1. **स्पेशल स्टार्टअप वीजा:** विदेश से लौटने वाले लोगों के लिए तेज़, सरल व लाभकारी वीज़ा व्यवस्था।
2. **कर में रियायत:** एनआरआई के लिए टैक्स स्लैब और कानूनों में लचीलापन।
3. **शहरी सुधार:** भीड़भाड़, ट्रैफिक और प्रदूषण की समस्या का ठोस समाधान।
4. **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य:** जिससे परिवारों को दीर्घकालिक भविष्य की सुरक्षा महसूस हो।
5. **पारदर्शी नीति और भ्रष्टाचार मुक्त प्रणाली:** जिससे निवेश व नौकरी का माहौल सुरक्षित हो।

लेकिन यह होता तो देश की प्रतिभा अमेरिका आदि संसाधन व अवसर वाले देशों में जाती ही क्यों? नीचे एक तथ्य-आधारित तालिका दी गई है जो भारत की तुलना में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान जैसे देशों में शिक्षा, नौकरी, स्टार्टअप, व्यवसाय शुरू करने में सहूलियत और संस्थागत बाधाओं की तुलना करती है। इसके बाद मैं एक उदाहरण स्वरूप अमेरिका बनाम भारत पर तुलना भी करूँगा।

## भारत बनाम विकसित देशों में प्रमुख क्षेत्रों की तुलनात्मक तालिका (2024-25)

| पैरामीटर | भारत | अमेरिका (USA) | कनाडा | जर्मनी | चीन | ऑस्ट्रेलिया | जापान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| R&D खर्च (% GDP) | 0.7% | 3.45% | 1.7% | 3.1% | 2.4% | 1.8% | 3.3% |
| PhD स्टाइपेंड / फंडिंग | सीमित, अनियमित | $25,000–$35,000/वर्ष | $20,000–$30,000/वर्ष | €20,000–€30,000/वर्ष | ¥100,000–¥200,000/वर्ष | AUD 28,000–AUD 35,000/वर्ष | ¥1.5 मिलियन–2.5 मिलियन/वर्ष |
| Ease of Doing Business (Rank) | 63 (2020, बंद रिपोर्ट) | 6 | 23 | 22 | 31 | 14 | 29 |
| नया स्टार्टअप शुरू करने में औसत दिन | 18–30 दिन | 4–5 दिन | 2–4 दिन | 3–5 दिन | 9–10 दिन | 2–3 दिन | 4–6 दिन |
| भ्रष्टाचार रैंक (CPI 2024) | 96वीं | 24वीं | 7वीं | 9वीं | 76वीं | 14वीं | 18वीं |
| औसत सैलरी (Tech इंडस्ट्री) | ₹10–₹25 लाख/वर्ष | $90,000–$150,000/वर्ष | $75,000–$120,000/वर्ष | €60,000–€100,000/वर्ष | ¥250,000–¥500,000/वर्ष | AUD 80,000–AUD 130,000/वर्ष | ¥6–9 मिलियन/वर्ष |
| सामाजिक सुरक्षा व सुविधा | सीमित, असमान वितरण | उच्च स्तर, सार्वभौमिक | सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा | सरकारी बीमा + पेंशन | आंशिक कवरेज | मेडिकेयर, पेंशन, NDIS | सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा |
| नियंत्रण/अनुपालन जटिलता | अधिक, लालफीताशाही | कम, पारदर्शी | कम | मध्यम | उच्च | कम | मध्यम |
| जाति/नस्ल/कोटा आधारित नीति | हाँ (जाति आधारित आरक्षण) | नहीं (DEI पर जोर) | नहीं (Equal Opportunity) | नहीं (मूल रूप से मेरिट आधारित) | नहीं | नहीं | नहीं |

## भारत बनाम अमेरिका : तुलना

| पक्ष | भारत | अमेरिका |
|---|---|---|
| शिक्षा | IITs, IIMs की गुणवत्ता है, लेकिन संसाधनों की कमी, गैर-रोजगारोन्मुख डिग्रियां आम हैं | विश्व के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में कई, R&D फंड भरपूर, industry-academia link मजबूत |
| नौकरी व वेतन | सैलरी कम, विशेषकर टैक्स और जीवन-स्तर के हिसाब से | उच्च वेतन, स्टॉक ऑप्शंस, हेल्थ व रिटायरमेंट बेनिफिट्स |
| स्टार्टअप वातावरण | स्टार्टअप भारत में बढ़ रहे हैं, लेकिन निवेशकों तक पहुँच, नियमों की जटिलता बाधक | Silicon Valley, VC ecosystem, सरल कानून, IP प्रोटेक्शन |
| नौकरशाही/अनुपालन | लाइसेंस, मंजूरी में महीनों लग सकते हैं | ऑनलाइन फाइलिंग, स्पष्ट डेडलाइन, जवाबदेही तय |
| भ्रष्टाचार व रिश्वत | नीति स्तर पर सुधार के बावजूद स्थानीय स्तर पर समस्या बनी हुई है | न्यूनतम, कानूनों का सख्त पालन |
| सामाजिक पूर्वाग्रह (जाति, आरक्षण) | जाति आधारित भेदभाव व आरक्षण विवादित | कोई आरक्षण नहीं, Diversity पर ध्यान |
| जीवन स्तर | महानगरों में सुविधा, लेकिन भीड़, प्रदूषण, असमानता | उच्च गुणवत्ता जीवन, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा |
| पारिवारिक / सामाजिक कारण | परिवार को साथ लाना आसान, लेकिन शिक्षा महंगी | परिवार के साथ बेहतरीन जीवन शैली संभव, स्कूलिंग बेहतर |
| वापसी के लिए आकर्षण | संस्कृति, परिवार, योगदान की भावना | स्थायित्व, प्रोफेशनल ग्रोथ, वैश्विक सम्मान |




इस तुलना से हर आपदा में अवसर देखने वालों को ज़मीनी सच्चाई का अहसास हो जाएगा।

# आसमान की ढाल, देश का गर्व : भारतीय वायु सेना दिवस

देश की बात



**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

8 अक्टूबर : भारतीय वायु सेना दिवस

आसमान को चीरती गर्जना, बादलों को भेदती उड़ान और सीमाओं पर अटल प्रहरी बनकर खड़े जांबाज-यह है भारतीय वायु सेना की अमर गाथा। हर साल 8 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि साहस, बलिदान और देशभक्ति की उस अनमोल विरासत का उत्सव है, जो हर भारतीय के दिल में गर्व की ज्वाला प्रज्वलित करती है। यह दिन उन नायकों को नमन करने का है, जो अपनी जान जोखिम में डालकर आकाश में उड़ान भरते हैं, ताकि धरती पर हम चैन की साँस ले सकें। 1932 में स्थापित यह वायु सेना आज विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली वायु सेना बन चुकी है-देश की सुरक्षा की रीढ़, शान का प्रतीक और हर भारतीय की आकांक्षाओं का आलम। छोटे से दस्ते से शुरू हुई यह गौरवशाली यात्रा आज विश्वस्तरीय सैन्य शक्ति का पर्याय है। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में वायु सेना ने अपनी रणनीतिक कुशलता और अदम्य साहस से दुश्मनों को धूल चटाई। 1971 के युद्ध में मात्र 13 दिनों में 2,000 से अधिक उड़ानें भरकर, दुश्मन के हवाई ठिकानों को तबाह कर और बांग्लादेश की मुक्ति में निर्णायक भूमिका निभाकर वायु सेना ने इतिहास रचा। 1999 के कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के दौरान 6,000 मीटर की ऊँचाई पर सटीक हमलों ने दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया, जिससे भारतीय सेना को जमीनी बढ़त मिली। इन युद्धों में पायलटों ने न केवल अपनी तकनीकी महारत दिखाई, बल्कि प्राणों की आहुति देकर देशभक्ति की अमर कहानियां लिखीं। युद्ध के मैदानों से इतर, भारतीय वायु सेना मानवीय संकटों में भी देश की ढाल बनी है। 2004 की सुनामी, 2013 की उत्तराखंड बाढ़ और 2020 की कोविड-19 महामारी जैसे कठिन समय में वायु सेना ने राहत और बचाव कार्यों में अपनी तत्परता साबित की। ऑपरेशन राहत



(2013) में 20,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकालकर और 3,80,000 किलोग्राम राहत सामग्री पहुँचाकर वायु सेना ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में फंसे लोगों को जीवनदान दिया। चाहे प्राकृतिक आपदा हो या महामारी, वायु सेना के जवान हर बार सबसे आगे खड़े रहते हैं, जो हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। भारतीय वायु सेना की ताकत इसके आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जवानों में निहित है। राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 और स्वदेशी तेजस जैसे लड़ाकू विमान विश्व के सर्वश्रेष्ठ विमानों में शुमार हैं। सी-17 ग्लोबमास्टर, चिनूक हेलीकॉप्टर और ड्रोन जैसे मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) इसकी शक्ति को और बढ़ाते हैं। स्वदेशी तेजस और डीआरडीओ की मिसाइल प्रणालियों के साथ भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी कमांड के साथ वायु सेना चौबीसों घंटे सीमाओं की रक्षा करती है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और वायु सेना प्रशिक्षण अकादमी जैसे संस्थान जवानों में तकनीकी कौशल के साथ-साथ नेतृत्व, अनुशासन और देशभक्ति की भावना का संचार करते हैं। हर साल 8 अक्टूबर को नई दिल्ली के विजय चौक पर गूंजती विमानों की गर्जना और भव्य परेड भारतीय वायु सेना दिवस की शान को चार चाँद लगाती है। राफेल, सुखोई-30 और स्वदेशी तेजस जैसे विमानों का हवाई प्रदर्शन हर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह न केवल वायु सेना की अजेय शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि युवाओं में देशसेवा की ज्वाला प्रज्वलित करने वाला प्रेरणा स्रोत भी है। देशभर के वायु सेना अड्डों पर आयोजित कार्यक्रमों में स्कूली बच्चे और नागरिक उत्साह के साथ शिरकत करते हैं, जिससे नई पीढ़ी में वायु सेना के प्रति सम्मान और जोश का संचार होता है। यह उत्सव केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि देश की एकता और गौरव का जीवंत प्रतीक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

और जोर से बात कर, और अधिक दे सीख।
ढंग अलग होंगे मगर, सभी मांगते भीख।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# कफ सिरप खांसी नहीं मौत की डोज!

## क्या बेगुनाह बच्चों के जीवन की कोई भरपाई हो सकती है?

अलग बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

हमारे सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार मिलावट और मुनाफाखोरी का तंत्र किस सीमा तक विकसित हो चुका है यह मध्यप्रदेश और राजस्थान में एक खांसी की दवा के सेवन से 18 बेगुनाह बच्चों की मौत से पता चलता है। यह स्थिति देश में दवाओं के कारोबार में भ्रष्ट सरकारी मशीनरी के संरक्षण में पनपे दवा सिंडिकेट का खुलासा करती है जो अपने मुनाफे और रिश्वतखोरी के लिए आमजन के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। जांच के नाम पर लीपापोती की कवायद शुरू हो चुकी है। सरकारी मशीनरी अपनी खाला बचाने के लिए जांच का खेला कर रही है जबकि इस सबके लिए भ्रष्टाचार ही जिम्मेदार हैं तमाम सरकारी अस्पतालों में जिस तरह से दोयम दर्जे की दवा सप्लाई हो रहीं हैं वह किसी से छिपा नहीं है। खांसी की दवा के नाम पर कफ सीरप पीने के बाद 18 बच्चों की मौत के बाद 'कोल्डरिफ' नामक सीरप पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और इस सीरप का प्रिस्क्रिप्शन लिखने वाले डाक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं डाक्टर और कम्पनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ये कफ सीरप तमिलनाडु की श्री सन फार्मास्यूटिकल्स फार्मा कंपनी से बनकर आए थे। मध्यप्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु, केरल, उत्तर प्रदेश, झारखंड और अन्य राज्यों ने भी इस कफ सीरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, 2022 में कफ सिरप पीने के बाद तीन देशों में 300 बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे। इसके पहले मध्यप्रदेश ने नेक्स्ट्रो जीएस और कोल्ड्रिफ सीरप पर रोक लगाई थी। स्थितियों की गम्भीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार की ओर से दो वर्ष से कम के बच्चों को सीरप देने पर रोक लगाई गई थी। सीरप पीने के बाद हुई बच्चों की मृत्यु के बाद उनकी बायोप्सी रिपोर्ट में सीरप में डायएथिलीन ग्लायकॉल मिलने की पुष्टि हुई। जिससे बच्चों की किडनी फेल हो गई और उनकी मृत्यु हो गई। छिंदवाड़ा में तो 24 अगस्त को यह मामला आया जिसमें 20 दिनों में नौ बच्चों की सीरप पीने से मृत्यु हुई थी। इसके बाद भरतपुर में भी यह प्रकाश में आया कि यही सीरप पीने से वहां भी बच्चों की मृत्यु हुई। छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन नांदुलकर की मानें तो उनका कहना है कि ज्यादातर कार के इंजन में डाले जाने वाले कूलेंट, पेंट्स या ग्रीस बनाने में इस का इस्तेमाल किया जाता है। यह कितना दुखद है कि जीवन रक्षा या उपचार के लिये दी जाने वाली दवा ही मौत का कारण बन गयी। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निर्माता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को बयान करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। जबकि इस मामले में जांच चल रही है, यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। खासकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही मानकों पर खरी उतरी थी। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जनस्वास्थ्य के प्रति कितनी गैरजिम्मेदार स्थिति है।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अंतरराष्ट्रीय कीर्तन दिवस पर निकली शोभायात्रा




**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** अंतरराष्ट्रीय कीर्तन दिवस पर आयोजित अष्ट दिवसीय अखंड कीर्तन के अवसर पर अमझरिया आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से चंदवा के मुख्य सड़क में मंगलवार को शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बाबा नाम केवलम् महामंत्र का जाप किया गया। मानव-मानव एक है, मानव का धर्म एक है। एक चूल्हा एक चौका एक है मानव समाज। विश्व के नैतिकवादियों एक हो जैसे नारे लगाए गये। आनंद मार्ग प्रचारक संघ के आचार्य मंत्रजपानंद अवधूत ने कहा कि कीर्तन नगर, अमझरिया,सम्पूर्ण ब्रह्मांड के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अष्टाक्षरी सिद्ध महामंत्र ₹बाबा नाम केवलम्₹ का उद्गम स्थल है, जिसे सद्गुरु श्री आनंदमूर्ति जी ने 8 अक्टूबर 1970 को अमझरिया में स्थापित किया था। आठ अक्षरों वाला यह शक्तिशाली और सार्वभौमिक मंत्र,सार्वभौमिक प्रेम का सार है और दुनिया भर के आध्यात्मिक साधकों द्वारा इसका अभ्यास किया जाता है। अमझरिया में हुई इस ऐतिहासिक घटना ने इस गहन मंत्र के प्रवर्तन को चिह्नित किया,जिसने एकता,प्रेम और आनंद के अपने संदेश को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाया।

# लातेहार में वनाधिकार आंदोलन: पट्टा न मिलने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन फिर से तेज होगा

- जमीन पर अधिकार के लिए आदिवासी किसानों ने कठोर रुख अपनाया, जिला प्रशासन पर दबाव तेज

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** वनाधिकार कानून के तहत पट्टा जारी नहीं किए जाने पर जिले के दूर-दराज के आदिवासी और मूलवासी सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय में अनिश्चितकालीन ₹घेरा डालो, डेरा डालो₹ आंदोलन से वापस लौटे, लेकिन शर्तों के साथ चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तीखा होगा। आन्दोलनकारियों ने अनुमंडल स्तर पर व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों के अभिलेख तैयार करने के लिए 7 से 14 अक्टूबर तक कैंप लगाने की मांग की है, जिसमें वनाधिकार समिति के अध्यक्ष-कार्यकारिणी ऑन-स्पॉट दस्तावेजों की गलतियों को सुधारेंगे और अभिलेखों को मान्यता देंगे। इसके साथ ही, महुआडाड अनुमंडल में भी ऐसे कैंप आयोजित करने का निर्देश जारी होगा।अनुमंडल अधिकारी एवं वनाधिकार समिति के अध्यक्ष ने कहा है कि अभिलेखों के सही होने पर जिला स्तरीय समिति आगे के कार्रवाई के लिए दावों की सिफारिश करेगी। आंदोलनकारियों को हर रोज प्रगति का अवगत कराना और हर बैठक की प्रति उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी। यदि जल्द पट्टा जारी नहीं हुआ, तो आंदोलन और तेज होगा।आंदोलन के दौरान जिला प्रशासन आंदोलनकारियों के तीखे तेवर से घबराया रहा। छह दौर की कड़ी वार्ता के बाद ही आंदोलन स्थगित किया गया। प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों को रात में बसों और कमांडर गाड़ियों से उनके गांवों तक पहुंचाने का प्रबंध किया गया। बावजूद इसके, सैकड़ों लोग आंदोलन के जोश में डटे रहे। आंदोलनकारियों के पास जलाने के लिए लगभग एक-एक ट्रक लकड़ी और पत्तल थे, जो उनके संघर्ष और समर्पण की गवाही देता है।यह आंदोलन स्पष्ट संदेश देता है कि जल, जंगल और जमीन के अधिकार के लिए आदिवासी लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं और उनकी प्रतीक्षा अब खत्म हो चुकी है। यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो आंदोलन फिर से और भी कड़ा होगा।

# न्यूज बॉक्स

## नाबालिग ने कुआं में कूदकर की आत्महत्या

**महुआडांड़ (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के मेढारी गांव में सोमवार को एक नाबालिग लड़की ने कुआं में कुदकर आत्महत्या कर लिया। इस घटना के संबंध में मेढारी गांव के लोगों ने बताया कि कंचन कुमारी, पिता स्व छोटन महतो उम्र 15 वर्ष का किसी लड़के से प्रेम प्रसंग वाला मामला चल रहा था। इसकी जानकारी जब घर में हुई, तब युवती की मां एवं घर के अन्य सदस्यों के द्वारा युवती को डांट-डपट्ट किया गया। रविवार देर रात तक समझाया गया। सोमवार की सुबह घर के सभी लोग अपने-अपने कार्य में लगे हुए थे। तब लड़की चुपके से घर से निकलकर कुछ दूरी पर स्थित कुआं में कुदकर आत्महत्या कर ली। हालांकि कुएं में कूदने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़कर पहुंचे। कुआं से युवती को निकाला गया, लेकिन युवती की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी महुआडांड़ थाना को दी गई। वहीं सअनि मो. शमशेर दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया।

## सेवानिवृत प्रधानाध्यापक ललन सिंह का निधन

**लातेहार।** राजकीयकृत उच्च विद्यालय, लातेहार (अब एसओई) के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक ललन प्रसाद सिंह का 86 वर्ष की आयु में मंगलवार की अहले सुबह निधन हो गया। दिवगंत सिंह उच्च विद्यालय में रसायन शास्त्र के शिक्षक थे। उनका अंतिम संस्कार शहर के पंपुकल स्थित औरंगा नदी मुक्ति धाम में किया गया।स्व सिंह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। यहां बताते चले कि स्व ललन प्रसाद सिंह अनुशासन वाले शिक्षक के रूप में चर्चित थे।उनके समक्ष आते ही छात्र बिल्कुल अनुशासित नजर आते थे। उनके निधन पर सांसद कालीचरण सिंह, विधायक प्रकाश राम व रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, प्रमोद प्रसाद सिंह, शिक्षक रामजनम सिंह, नारायण प्रसाद, डा विशाल शर्मा, जय कुमार सिंह, राजू सिंह, विनीत मधुकर, अमरजीत सिंह, गुड्डु सिंह, विशाल भास्कर, केदार पाठक, रविंद्र प्रसाद, बसंत भगत, अनिल सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, विशाल सिंहा, रामदेव सिंह, नरेंद्र पांडेय, लाल आशीष नाथ शाहदेव, प्रमोद प्रसाद, पंकज सिंहा समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## अफीम की खेती रोकथाम को लेकर चला जागरूकता अभियान




**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सिक्कीदाग पंचायत कार्यालय में मादक पदार्थ पोस्ता (अफीम) की खेती रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुंदा पुलिस ने आम लोगों से पोस्ता की खेती नहीं करने की अपील की। पुलिस ने लोगों को बताया कि पोस्ता की खेती करना गैर-कानूनी है। इसमें संलिप्ता पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत दस साल तक की सजा और एक लाख तक जुर्माना का प्रावधान है। उन्होंने लोगों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी और इससे दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस अभियान में सहयोग करने और क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। जागरूकता कार्यक्रम में बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा सिक्कीदाग मुखिया अनीता देवी, एएसआई नागेश्वर पंडित समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## चावल गबन का आरोपी पंचायत सेवक गिरफ्तार




**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह थाना अंतर्गत सहायक गोदाम बंधक द्वारा पांच सौ छेयासी /586 /सरकारी एफ सीआई गोदाम से खाद्यान चावल गबन के आरोप में बरवाडीह थाना कांड संख्या 30/2025. दिनांक 30-5-2025 को406/409/420/ भा,द,वी,के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। जिसके बाद अभियुक्त को बरवाडीह पुलिस त्वरीत कार्रवाई करते हुए इस कांड के अभियुक्त सर्वेश सिंह पिता उम्र 37 वर्ष पिता युगोल किशोर सिंह ग्राम डाढा थाना बारियातू जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियुक्त के द्वारा सहायक गोदाम बंधक द्वारा 586.पांच सौ छेयासी किवंटल गबन का प्रकाश में आया है। जिसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार बरवाडीह पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते न्यायालय लातेहार में भेज दिया गया।

## विक्षिप्त टीलमनी देवी को भेजा गया रिनपास

**चंदवा।** प्रखंड के चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत गुरीटांड गांव निवासी टीलमनी देवी (पति बुधन मुंडा) को प्रशासनिक पहल पर रविवार को सूरत से सकुशल चंदवा लाया गया। बताया गया कि टीलमनी देवी मानसिक रूप से कमजोर हैं और करीब तीन माह पूर्व भटकते हुए सूरत पहुंच गई थीं। सूचना मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन व सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से उनकी घर वापसी संभव हो पाई। मंगलवार को लातेहार विधायक प्रकाश राम के स्वास्थ्य प्रतिनिधि विजय दुबे व आदर्श रविराज ने गुरीटांड स्थित उनके घर पहुंचकर दिलवंती देवी व परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवारजनों से कुशल-क्षेम पूछा और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विजय दुबे ने बताया कि महिला मानसिक रूप से कमजोर हैं, इसलिए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची स्थित रिनपास भेजा जा रहा है। इस कार्य में रांची के समाजसेवी त्रिभुवन तिवारी का भी विशेष सहयोग रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि शीघ्र ही टिलमनी देवी स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच वापस लौटेंगी।

### प्रखंड समन्वय समिति, स्वास्थ्य निगरानी समिति व शिक्षा विभाग की हुई बैठक

# सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य प्रचार व साइकिल वितरण पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**




**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वय समिति, स्वास्थ्य निगरानी समिति और शिक्षा विभाग की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए। बैठक की शुरुआत सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षा से प्रारंभ हुई। जहां बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लाभुकों का आधार सिडिंग कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। साथ ही बिरहोर जनजाति के पात्र परिवारों का आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके। स्वास्थ्य निगरानी समिति की बैठक में बीडीओ ने सभी सीएचओ एवं एमपीडब्ल्यू को निर्देशित किया कि बारीखाप स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का वृहद प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करना आवश्यक है। शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान विद्यालयों में साइकिल वितरण योजना पर भी चर्चा की गई। बीडीओ ने निर्देश दिया कि विभाग के पास उपलब्ध सभी साइकिलें शीघ्रता से पात्र विद्यार्थियों के बीच वितरित की जाएं, ताकि छात्र-छात्राओं को समय पर सुविधा मिल सके और विद्यालय उपस्थिति में सुधार हो। बैठक में प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर बीपीओ केतन गुप्ता, बीसी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, सीआरपी समेत कई प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# निद्रा में बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड के डुमारो पंचायत अंतर्गत निद्रा गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में सोमवार को बजरंगबली मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम धार्मिक माहौल में संपन्न हुआ। भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुजारी मदन कुमार पांडेय द्वारा कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि गांव में बनने वाला बजरंगबली मंदिर भव्य और आकर्षक स्वरूप का होगा। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर निर्माण में पूरा गांव एकजुट होकर सहयोग करेगा ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह धार्मिक स्थल श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन सके। भाजपा नेता रोहित यादव ने कहा कि बजरंगबली का यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनेगा, बल्कि सामाजिक एकता और गांव की पहचान को भी सशक्त करेगा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और पूरे वातावरण में जय बजरंगबली के जयघोष गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान मुखदेव गोप,नरेश गोप, कोलेश्वर टाना भगत,रंका टाना भगत,सुशील उरांव,मधु यादव सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# सरजामातु में लक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर कमिटी गठित, अवधेश यादव बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** सरजामातु में लक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बिमलेश कुमार ने की व संचालन रजनीश कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से लक्ष्मी पूजा कमिटी का गठन किया गया, जिसमें अवधेश कुमार यादव को अध्यक्ष, मिथलेश कुमार को सचिव और रूपेश कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अवधेश कुमार यादव ने बताया कि सरजामातु में वर्ष 2017 से लगातार माता की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना होते आ रहा है। इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से पूजा-अर्चना तैयारी की जा रही है, उन्होंने बताया कि कमिटी द्वारा पूजा की तैयारी जोरों पर है और सभी सदस्यों को अपने-अपने कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। ज्ञात हो की हिन्दू मान्यताओं के अनुसार धन और समृद्धि प्राप्ति के लिए देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। इस पूजा के माध्यम से भक्तगण अपने जीवन में सुख-समृद्धि और धन की कामना करते हैं। बैठक में कमिटी के पूर्व अध्यक्ष सतीश कुमार, मनोज कुमार, सुरेंद्र यादव, राकेश कुमार, अमिन्द्र भोक्ता, प्रकाश भारती और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने नवनियुक्त कमिटी को बधाई दी और पूजा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# आरपीएस सेवा संस्थान चैरिटेबल अनाथ आश्रम का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** प्रखंड के ग्राम रामपुर में आरपीएस सेवा संस्थान चैरिटेबल अनाथ आश्रम का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रमुख कंचन कुजुर एवं महुआडांड़ हिंदू महासभा उपाध्यक्ष भानू प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत संस्थान के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया गया। इस दौरान मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। वहीं अपने संबोधन में सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर सिंह ने कहा इस तरह की संस्थान का खुलना महुआडांड़ के लिए सौभाग्य की बात है। अनाथ और बेसहारा बच्चों का सहारा बनना नेक कार्य है। हम लोगों के द्वारा इस संस्थान को जितनी मदद संभव हो किया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि द्वारा संस्थान को 31 सौ रुपए का दान भी दिया गया। वहीं आरपीएस सेवा संस्थान चैरिटेबल अनाथ आश्रम के संस्थापक कमलेश यादव ने बताया कि अब तक हमारे पास 63 अनाथ बच्चे हैं। हमारे संस्थान का उद्देश्य है। मानवता का संदेश देता है, अनाथ का सहारा बनना एवं सामाजिक रूढ़िवादी एवं सुसंस्कार के भावना को जागृत करना है । असहाय गरीबों लोगों के बच्चों बच्चियों की शादी विवाह में आ रही बाधा को दूर कर विवाह करने में भरपूर सहयोग करना, बच्चों में जो प्रतिभा है और गरीबी के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहा वैसे बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सहारा देना गरीब असहाय लोगों के लिए एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराना है। मौके पर सभी पंचायत के मुखिया एवं हिन्दू महासभा के उपाध्यक्ष भानु प्रसाद ,मोहन यादव, अजय प्रसाद, अजय उरांव, वीरेंद्र प्रसाद भारी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# मनरेगा के तहत जारी जॉब कार्डों का भौतिक सत्यापन कराया जायेगा : डीडीसी

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सह अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक सैय्यद रियाज अहमद ने मनरेगा के तहत निर्गत सभी जॉब कार्डों का भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया है। अखबारों में छपी खबर के बाद संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त ने यह निर्देश जारी किया है।बता दें कि तीन अक्टूबर तक जिले में कुल 1,96,101 जॉब कार्ड निर्गत किए गए हैं। इनमें बालूमाथ में 35621, बरियातू में 14946, बरवाडीह में 21340, चंदवा में 26276, गारू में 7282, हेरहंज में 9975, लातेहार में 32604, महुआडांड़ में 17079, मनिका में 26888 और सरयू प्रखंड में 4090 जॉब कार्ड निर्गत किये गये हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा है कि इन निर्गत जॉब कार्डों में फर्जी या डुप्लिकेट जॉब कार्ड की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने सभी जॉब कार्डधारियों का भौतिक सत्यापन ग्राम स्तर पर कराने का निर्देश दिया।

### राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

# ओबीसी को 27% आरक्षण के समर्थन में एकजुट होना होगा : सुनील साहू

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ लातेहार जिला की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक का आयोजन राजद नेता बलराम प्रसाद साहू ने किया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , पार्टी जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय चन्द्रवंशी एवं सुरेश राम, पार्टी के प्रदेश सचिव मोहर यादव एवं रंजीत यादव ने बैठक को संबोधित किया। राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि एकीकृत बिहार में पिछड़ों का आरक्षण 27% था जबकि झारखंड अलग होने के बाद भाजपा सरकार ने इसे शुन्य कर दिया। पिछड़ों को उनका 27% आरक्षण दिलाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल संघर्ष करेगी। पिछड़ा समाज को भी आरक्षण प्राप्त करने के लिए एक बार फिर से एकजुट होने की आवश्यकता है। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजनकर्ता बलराम प्रसाद साहू को राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ लातेहार जिला का अध्यक्ष नियुक्त करने पर जोर दिया गया । प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि रांची लौटते ही इनकी घोषणा विधिवत रूप से करुंगा। बैठक में बली यादव , भोला सिंह , राजु रंजन प्रसाद , राजद जिला महासचिव अजीत कुमार , कमलेश प्रसाद, शंभू प्रसाद, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव , लातेहार प्रखंड अध्यक्ष नेजाम अंसारी , हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष जितेन्द्र यादव , चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल रसीद , पंचम प्रजापति , पंकज सिन्हा , संतोष यादव उमेश यादव वहाब मियां चंद्रदेव सिंह राजकिशोर प्रसाद , सुघराम उरांव , आनंद प्रसाद , गोपाल प्रसाद , श्याम बिहारी प्रसाद इत्यादि सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति रहे।

### भाजपा की आत्मनिर्भर भारत मिशन: लातेहार में जोश व संकल्प की मंडलीय कार्यशाला

# स्थानीय स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर नए भारत के निर्माण का किया गया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से मंगलवार को लातेहार के एक स्थानीय होटल में ग्रामीण मंडल और नगर मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने की, जबकि संचालन नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से आरंभ हुआ है और यह अभियान पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान जिला और मंडल स्तर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों, स्थानीय शिल्पकारों तथा कारीगरों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनका लोकल फॉर वोकल का संदेश आज देशभर में प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से न केवल देश की आर्थिक मजबूती बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। विदेशी लाइटिंग और सजावटी सामानों की जगह देसी उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ाना आवश्यक है ताकि हर घर 'स्वदेशी' बन सके। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि आत्मनिर्भर भारत का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ सरकारी योजना नहीं बल्कि एक जनभागीदारी आंदोलन है, जिसमें "हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी" का नारा साकार होगा। कार्यक्रम के बाद नेक्स्ट जेन जीएसटी अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना चौक से वैष्णो मंदिर तक व्यवसायियों और दुकानदारों से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी कर में दी गई राहत के लिए आभार जताया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि राकेश दुबे, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि (मनरेगा) पिंटू कुमार रजक, जिला सह मीडिया प्रभारी मुकेश पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, नगर महामंत्री उत्तम प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज प्रसाद, युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य अश्विनी सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भारत ने खोजी ट्रंप के 100% टैरिफ की काट, सारा माल रूस की तरफ मोड़ा

- भारतीय दवा कंपनियों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि
- डॉ. रेड्डीज़ ने रूस में 565 करोड़ का निवेश किया




**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने ऐलान किया कि भारत समेत कई देशों से आने वाली दवाओं पर 100 % टैरिफ लगाया जाएगा। मतलब कि अगर कोई दवा अमेरिका जाएगी तो उसकी कीमत दोगुनी हो जाएगी। ट्रंप ने इसे मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने की चाल बताई। लेकिन असल में ये फैसला भारत की बढ़ती फॉर्मा ताकत पर एक आर्थिक हमला था। लेकिन भारत ने इस वॉर को आर्थिक युद्ध नहीं बल्कि रणनीति के खेल में बदल दिया और आपदा को अवसर में तब्दील कर दिया। भारत सरकार और फॉर्मा इंडस्ट्री ने तुरंत चार दिशा में काम शुरू किया। नए बाजार में पहुंच बनाने से लेकर देश की उत्पादन को बढ़ावा देने तक। सप्लाई चेन को मजबूत करने से लेकर ग्लोबल पार्टनर को मजबूत करने तक। भारत ने अपने सप्लाई लाइन को घुमा दिया। जो जहाज पहले अमेरिका जाते थे। वही जहाज अब यूरोप, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और रूस की ओर निकल पड़े हैं। सन फॉर्मा, डॉक्टर रेडीज, सिप्ला और लुपिन जैसी भारतीय कंपनियां अब सीधे अफ्रीका, रूस और साउथ अमेरिका में दवाओं की सप्लाई करने उतर चुके हैं।

यानी अमेरिका की बंद दीवार के सामने भारत ने नए दरवाजे खोल दिए हैं। अमेरिका ने जब भारत पर टैरिफ लगाया, चाल चली तो बाकी दुनिया ने भारत को गले लगा लिया। सबसे पहले भारत के यार रूस, फिर यूरोप और अब अफ्रीका ने भारत के साथ नई डील साइन कर ली। फ्रांस, जर्मनी, ब्राजील, मिस्त्र और इंडोनेशिया ने तो यहां तक कह दिया कि अगर दवा चाहिए तो रास्ता नई दिल्ली से होकर जाएगा। भारत की दवा कंपनियों ने अपनी क्षमता बढ़ा ली। डॉ रेड्डीज़ लैबोरेटरीज ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी डॉ रेड्डीज़ लैबोरेटरीज एलएलसी, रूस (डीआरएल रूस) में 565 करोड़ का निवेश किया और 45.19 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल की। यह लेन-देन हैदराबाद स्थित कंपनी के बोर्ड द्वारा नवंबर 2024 में रूसी शाखा में 600 करोड़ तक निवेश करने के निर्णय का परिणाम है।

बीएसई को सूचित किया गया कि यह निवेश 25 जुलाई, 2025 को नकद भुगतान पर पूरा हुआ। कंपनी द्वारा डीआरएल रूस में निवेशित धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा।

## भारत में स्वागत करने को इच्छुक पीएम मोदी ने पुतिन को कुछ इस अंदाज में दी 73वें जन्मदिन की बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फ़ोन पर बात की और उन्हें उनके 73वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति



पुतिन को उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और भविष्य में उनके सभी प्रयासों में निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को हार्दिक बधाई दी और अपने व्यक्तिगत संबंधों और दीर्घकालिक मित्रता की पुष्टि की, जो भारत और रूस के बीच मज़बूत द्विपक्षीय संबंधों का आधार बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने इस अवसर पर भारत-रूस "विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी" के अंतर्गत सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, अंतरिक्ष सहयोग और लोगों के बीच संबंधों से जुड़ी चल रही पहलों के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की। चर्चा में द्विपक्षीय संबंधों की दृढ़ता के प्रति पारस्परिक प्रशंसा भी परिलक्षित हुई, जो बदलती वैश्विक गतिशीलता के बावजूद स्थिर बनी हुई है। बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के अपने साझा दृष्टिकोण की पुष्टि करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# अब दो घरेलू किट से टीबी की जांच होगी तेज ढाई घंटे में संक्रमण का पता चल जाएगा

### देश में टीबी से एक वर्ष में लगभग 3 लाख लोगों की होती है मौत

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली** । भारत में टीबी से हर साल 3 लाख लोगों की मौत होती है। देश में 2022 में 24.2 लाख टीबी के मामले सामने आये , जो 2019 के कोविड-पूर्व स्तर से ज़्यादा हैं। 2023 में, कुल 25.5 लाख टीबी रोगी थे ।ऐसी स्थिति में देश में टीबी (क्षय रोग) की समय रहते पहचान अब और आसान हो सकेगी, वो भी बेहद कम खर्च पर , इसकी उम्मीद कुछ नये बने जाँच किट के वजह से उम्मीद है। देश के शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने ऐसे दो जांच किटों को मान्यता दी है, जो टीबी रोग के तेजी से और भरोसेमंद निदान का रास्ता खोलती हैं। इनमें से एक प्रमुख किट है 'क्वांटिप्लस एमटीबी फास्ट डिटेक्शन किट', जिसे तेलंगाना स्थित ह्यूवेल लाइफसाइंसेज ने विकसित किया है। यह भारत में पहली ऐसी 'ओपन सिस्टम' आरटी-पीसीआर किट है जो किसी भी सामान्य पीसीआर मशीन पर काम कर सकती है, यानी इसे चलाने के लिए महंगे या खास उपकरणों की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका सीधा फायदा यह होगा कि देशभर की हजारों लैब्स



— विशेषकर ग्रामीण व छोटे शहरों में — इस तकनीक को अपनाकर टीबी जांच को व्यापक स्तर पर पहुंचा सकेंगी। जहां परंपरागत तरीकों से टीबी की पुष्टि में कई दिन लगते हैं, वहीं ये नई किट महज ढाई घंटे में संक्रमण की पहचान कर सकती है। इससे न केवल मरीजों का समय रहते इलाज शुरू हो पाएगा, बल्कि रोग के फैलाव पर भी रोक लग सकेगी ।इसके अलावा, क्वांटिप्लस तकनीक एक साथ 96 नमूनों की जांच करने में सक्षम है, जिससे बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग करना संभव होगा — वो भी कम लागत में। आईसीएमआर ने दूसरी किट 'यूनीएएमपी एमटीबी न्यूक्लिक एसिड टेस्ट कार्ड' को भी मान्यता दी है, जिसे वेल लाइफसाइंसेज नामक भारतीय कंपनी ने बनाया है। यह भी एक कम लागत, कम समय में परिणाम देने वाली तकनीक है जो टीबी के शुरुआती लक्षणों की पहचान में मददगार साबित हो सकती है। आईसीएमआर की संचारी रोग प्रभाग की प्रमुख डॉ. निवेदिता गुप्ता ने बताया कि इन तकनीकों को मान्यता देने से पहले इन्हें कठोर वैज्ञानिक परीक्षणों और प्रक्रिया से गुजारा गया। उन्होंने कहा, "हमारे उद्देश्य हैं — समय पर निदान, व्यापक परीक्षण और घरेलू नवाचार को बढ़ावा देना। ये सभी मिलकर भारत के टीबी उन्मूलन मिशन को गति देंगे।" स्वदेशी किट का सबसे बड़ा लाभ यह है कि ये आयातित तकनीकों की तुलना में कई गुना सस्ती हैं।

साथ ही, देश में पहले से उपलब्ध बुनियादी प्रयोगशालाएं भी इनका उपयोग कर सकती हैं — जिससे किसी नए निवेश की आवश्यकता नहीं पड़ती। थूक के नमूनों से जांच करने की सुविधा ने इसे और भी सुलभ और रोगी-मित्रवत बना दिया है। भारत सरकार द्वारा टीबी मुक्त भारत 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वैसे तो इसके लिए वर्ड बैंक व टीबी उन्मूलन के लिए वैश्विक संगठन से बहुत रक़म आती है , और सरकार के मार्फत ही अलग -अलग जगह खर्च कराया जाता है, लेकिन इसमें बहुत ही धांधली की शिकायत है ।इन हालात में ये दोनों स्वदेशी किट समय की मांग पूरी कर सकेंगे ऐसी उम्मीद किया जा रहा है , देखिए क्या होता है।

## रूस ने दुनिया के सामने निकाला 3000 किमी तहलका मचाने वाला फाइटर जेट

**नई दिल्ली** । रूस के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन द्वारा हाल ही में जारी की गई तस्वीर में उसके निर्माणाधीन सुखोई Su-75 चेकमेट पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर



ने वैश्विक रक्षा हलकों में उत्साह पैदा कर दिया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उपस्थिति में MAKS 2021 में पहली बार प्रदर्शित किए गए इस विमान ने अभी तक अपनी पहली उड़ान नहीं भरी है। हालाँकि, नई छवि, बताती है कि Su-75 का फील्ड परीक्षण जल्द ही शुरू हो सकता है।3 अक्टूबर, 2025 को यूएससी द्वारा अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट की गई तस्वीर ने विमान की तत्परता के बारे में अटकलों को तेज कर दिया है। एक तकनीशियन एसयू-75 के पास एक नारंगी व्हील चॉक पकड़े हुए दिखाई दे रहा है। यूएसी पोस्ट ने विमान के वर्तमान परीक्षण चरण की पुष्टि नहीं की, लेकिन संकेत दिए कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के दबाव के बावजूद रूस का रक्षा उद्योग आगे बढ़ रहा है। एसयू-75 अपनी पहली उड़ान की कई समय-सीमाओं से चूक गया है।

## पाकिस्तान में फिर जाफर एक्सप्रेस पर हमला, ब्लास्ट में कई घायल

**नई दिल्ली** । सिंध-बलूचिस्तान सीमा के पास सुल्तानकोट इलाके में मंगलवार को जाफ़र एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ, जब पटरियों पर एक विस्फोटक उपकरण लगा दिया गया। विस्फोट के बाद क्वेटा जा रही ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। शुरुआती बचाव कार्यों की रिपोर्टों में कई लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है, हालाँकि नुकसान और हताहतों की पूरी संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। बचाव दल और सुरक्षा बल राहत कार्य कर रहे हैं, चिकित्सा दल घायलों का इलाज कर रहे हैं और अधिकारी हमले के कारणों की जाँच कर रहे हैं। हाल के महीनों में जाफ़र एक्सप्रेस को कई बार निशाना बनाया गया है, जिससे इस क्षेत्र में लगातार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अगस्त 2025 में, बलूचिस्तान के मस्तुंग ज़िले में एक आईईडी विस्फोट में इसी ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस घटना में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं और सेवाएँ अस्थायी रूप से रुक गईं।

## बलूचिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा व इस्लामिक स्टेट खुरासान का नया आतंकी गठजोड़

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई, आतंकवादी संगठनों को क्षेत्रीय नीतियों के साधन के रूप में इस्तेमाल करते आए हैं। पाकिस्तान की यह नीति अब और भी गहराती जा रही है। ताजा रिपोर्ट्स से पता चला है कि पाकिस्तान अब इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) को अपने हाइब्रिड वॉरफेयर उपकरण के रूप में प्रयोग कर रहा है। वह ऐसा इसलिए कर रहा है ताकि बलूच राष्ट्रवादियों और अफगान तालिबान के उन गुटों को निशाना बनाया जा सके, जो इस्लामाबाद के नियंत्रण में नहीं हैं। हाल ही में आईएसकेपी की प्रचार पत्रिका 'यलगार' में प्रकाशित लेखों ने एक चिंताजनक संकेत दिया है। इस संगठन ने अब जम्मू-कश्मीर में अपनी आतंकी गतिविधियों का विस्तार करने का खुला इरादा जताया है। सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम पाकिस्तान की 'डीप स्टेट' की प्रत्यक्ष प्रेरणा और संरक्षण में उठाया गया है। इस खतरनाक



योजना की ताजा कड़ी के रूप में, पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा और आईएसकेपी के बीच गुप्त गठजोड़ के प्रमाण सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार, आईएसआई ने दोनों संगठनों को एक साथ लाकर उनके नेटवर्क, फंडिंग और हथियार आपूर्ति को साझा कराने का नया ढांचा तैयार किया है। हाल ही में सामने आई एक तस्वीर ने इस आतंकी गठबंधन को उजागर कर दिया है। इसमें आईएसकेपी के बलूचिस्तान समन्वयक मीर शफीक को लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर राणा मोहम्मद अशफाक को पिस्तौल भेंट करते देखा गया है।

## अमेरिकियों पर किस बात का गुस्सा उतार रहे ट्रंप? विद्रोह कानून लागू करने की दे दी धमकी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इस बात से तो अब पूरी दुनिया अवगत हो गई है कि ट्रंप की फॉरेन पॉलिसी पूरी तरह से फेल हो गई है। चाहे उनके 24 घंटे के अंदर रूस और यूक्रेन की लड़ाई रुकवाने के लंबे चौड़े दावे हो या हमास और इजरायल के बीच में झट से शांति करवाकर बंधकों की शीघ्र वापसी हो। इससे इतर भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की झड़प रही हो उसके सीजफायर को लेकर झूठे दावे से दुनिया को बरगलाने की कोशिश रही हो। हर मोर्चे पर ट्रंप बुरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं और कोई उनकी सुनता नहीं है और दुनिया में हंसी के पात्र बनकर रह गए हैं। अब वो अपना गुस्सा अमेरिका के ही लोगों पर निकाल रहे हैं।



पहले तो उन्होंने लोगों को झूठ बोला कि 50 % का टैरिफ भारत के ऊपर लग रहा है। लेकिन उन्होंने ये नहीं बताया कि इसकी भरपाई कौन करेगा। जो भारत का सामान खरीदेगा उसे 50 % का टैरिफ देना पड़ेगा। ट्रंप की बात छोटा सा देश इजरायल भी नहीं मान रहा। रूस, चीन और भारत तो पहले से ही अपनी स्वतंत्र और बेबाक नीति से ट्रंप का सिर दर्द बढ़ा रखा है।

# अमेरिका में भी अरबपतियों का स्वर्ण युग, असमानता की जड़ें होती गहरी

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** भारत की तरह अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी एक दोमुंही तलवार बन गयी है —एक तरफ आम आदमी की जेबें खाली, दूसरी तरफ अरबपतियों -खरबपतियों की तिजोरियां लबालब। 2025 में, जब महंगाई की आग में मध्यम वर्ग झुलस रहा है, अमेरिका के 902 अरबपतियों की कुल संपत्ति 7.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुकी है, जो पिछले साल से 1 ट्रिलियन डॉलर की उछाल है। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी व्यवस्था का नतीजा है, जहां शीर्ष 10% आबादी के पास शेयर बाजार की 90% हिस्सेदारी है, जबकि नीचे के 50% के पास महज 1%। असमानता विशेषज्ञ चक कॉलिन्स अपनी 2025 की किताब "बर्न्ड बाय बिलियनेयर्सः हाउ कंसंट्रेटेड वेल्थ एंड पावर आर रूइनिंग आवर लाइव्स एंड प्लैनेट" में इस विषैले चक्र को बेनकाब करते हैं—एक व्यवस्था जो धनवानों को देवता बनाती है, और बाकियों को गुलाम ।यह असमानता की जड़ें गहरी हैं। 2025 में, शीर्ष 1% के पास देश की 30.9% संपत्ति है, जबकि नीचे के 50% के पास महज 3%। नस्लीय खाई और गहरीः ब्लैक घरानों की मध्य संपत्ति 24,000 डॉलर, हिस्पैनिक की 36,000, जबकि व्हाइट की लाखों में। कॉलिन्स इसे "रिचिस्तान" के रूप में चित्रित करते हैं—काल्पनिक गाँव जहां धन के स्तर अलग-अलग दुनिया रचते हैं। सबसे नीचे "समृद्ध शहर": 10 मिलियन परिवार, 110,000 डॉलर सालाना आय, 1.5 मिलियन संपत्ति। ऊपर "निचला रिचिस्तान": 2.6 मिलियन परिवार, 6-13 मिलियन संपत्ति। फिर मध्य और ऊपरी रिचिस्तान, जहां निजी जेट सामान्य हैं। शिखर पर "बिलियनेयरविले": 902 अरबपति, जिनकी शक्ति राजनीति से पर्यावरण तक सबकुछ निगल रही है। यहां के निवासी वाणिज्यिक उड़ानों से बेखबर, जबकि आम अमेरिकी हवाई अड्डों की अव्यवस्था में फंसे। धन का यह संचय चार चरणों में होता है—एक क्रूर लय जो असमानता को अमर बनाती है। पहलाः धन प्राप्ति, जहां उद्यमिता से समृद्ध शहर तक पहुंचा जा सकता है। दूसराः धन रक्षा, जहां कर वकील, अपतटीय खाते व शेल कंपनियां करों को चुराती हैं। तीसराः राजनीतिक कब्जा, जहां 40 मिलियन डॉलर से ऊपर की संपत्ति




वोट खरीदती है। 2010 का "सिटिज़न्स यूनाइटेड" फैसला इसकी कुंजी—असीमित चुनावी दान से धनवान कांग्रेस को कठपुतली बनाते हैं। चौथाः अति-निष्कर्षण, जहां निजी इक्विटी स्वास्थ्य सेवा, आवास और पालतू देखभाल तक सबकुछ निचोड़ती है। मार्स परिवार का उदाहरणः कैंडी से पालतू उद्योग तक, 2,500 सुविधाएं—किराए बढ़ाओ, सेवाएं महंगी करो, मुनाफा चूसो। परिणाम? आम अमेरिकी बिना वेतन वृद्धि के बढ़ते बिलों में दबे, जबकि अरबपतियों का साम्राज्य फैलता जाता। इसका विष राजनीति में घुला है। रिपब्लिकन "नकली लोकलुभावनवाद" से फायदा उठाते—ट्रंप के मंत्रिमंडल में रहने के दौरान मस्क जैसे अरबपति, जिन्होंने संघीय कटौतियां कीं। कर कटौतियां अमीरों को स्थायी लाभ देतीं, जबकि आव्रजन और व्यापार को दोषी ठहराया जाता। डेमोक्रेट्स भी कुलीनों के जाल में—2021 का "बिल्ड बैक बेटर" बिल, 4.3 ट्रिलियन डॉलर का, कर सुधारों से वित्त पोषित, मैनचिन-सिनेमा के विरोध में धराशायी। नतीजाः पर्यावरण तबाह, आवास संकट, सामाजिक असंतोष। कॉलिन्स चेताते हैं—यह व्यवस्था ग्रह को जला रही है, लेकिन व्यक्तिगत अरबपतियों से नहीं, नियमों से लड़ो। फिर भी, आशा की किरण है। उच्च कर, न्यूनतम वेतन वृद्धि, यूनियन मजबूती—ये हथियार हैं। 2025 में, कुलीनों की शक्ति अवरोध पैदा करती है, लेकिन जन आंदोलन इसे तोड़ सकता। कॉलिन्स का संदेश धारदार है- "हम इसे ठीक कर सकते हैं।" लेकिन सवाल कायम है —क्या अमेरिका जागेगा, या अरबपतियों की आग में झुलसेगा? यह असमानता का युद्ध है, जहां जीत आम आदमी की एकजुटता में छिपी है ।लेकिन आम आदमी तो किसी तरह अपनी रोजमर्रा की जिंदगी जीने की जद्दोजहद में ही खपता जा रहा है?

# मालती चाहर ने बिग बॉस में आते ही मचाया बवाल

## कहा- इन **तीन कंटेस्टेंट्स** को कर दो बाहर!...




***मालती चाहर ने 'बिग बॉस 1' में अपना ग्रुप बनाने पर कहा :*** *फ़िलहाल घर दो ग्रुपों में बंटा हुआ है, लेकिन मालती ने स्वीकार किया कि वह अभी किसी एक पक्ष को चुनने के मूड में नहीं हैं। "मैं किसी टीम में शामिल नहीं होना चाहती। लेकिन मैं अपने लोगों का एक ग्रुप बनाना चाहती हूं। मैं कोई तीसरा ग्रुप नहीं बनाना चाहती। मैं सबके साथ बातचीत करूंगी और फिर तय करूंगी कि क्या करना है। हालाँकि, मैं अमाल और उनकी टीम को ज़रूर बेहतर तरीके से जानना चाहूँगी।*

भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर हाल ही में सलमान खान के शो, बिग बॉस 19 में नज़र आए। हालांकि, शो में उनकी उपस्थिति किसी प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं, बल्कि अपनी बहन मालती चाहर को सीज़न की दूसरी वाइल्डकार्ड प्रतिभागी के रूप में पेश करने के लिए थी। मालती ने रविवार को घर में प्रवेश किया और तब से ही घरवाले इस बात को लेकर कयास लगा रहे हैं कि वह किस ग्रुप में शामिल हो सकती हैं। हालाँकि, एक प्रतिभागी जो उनके प्रवेश के बाद विशेष रूप से असहज लग रही हैं, वह हैं तान्या मित्तल। सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस रियलिटी शो में प्रवेश करने से कुछ मिनट पहले, इस अभिनेत्री-लेखिका ने इंडिया टुडे से विशेष बातचीत की और अपनी रणनीतियों पर चर्चा की। दिलचस्प बात यह है कि यह पहला सीज़न है जिसे मालती ने देखा है, लेकिन यह उन्हें अपना प्रशंसक बनाने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा, "मैंने 'बिग बॉस' का सिर्फ़ यही सीज़न देखा है और मुझे यह बहुत पसंद आया। इसलिए जब मुझे वाइल्डकार्ड के तौर पर शो में आने का प्रस्ताव मिला, तो मैंने तुरंत हाँ कर दिया। कई लोग जो सीज़न के बीच में शो में शामिल होने को लेकर चिंतित रहते हैं।



## दीपक वर्मा ने आईजी का पदभार संभाला

**रांची।** सीआईएसएफ पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय रांची के महानिरीक्षक के रूप में दीपक वर्मा ने पदभार ग्रहण किया।



महानिरीक्षक के रूप में नियुक्त होने से पहले उन्होंने पूर्वी और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के हवाई अड्डा क्षेत्र में उप महानिरीक्षक के रूप में कार्य किया। जिसमें 20 हवाई अड्डों की देखरेख की गई। उनकी कड़ी मेहनत और प्रयासों के दौरान गुवाहाटी हवाई अड्डे पर एक विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान एएसटीआई स्थापित किया गया। सीआईएसएफ ने पटना हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का प्रभार संभाला और मिजोरम के लेंगपुई आइजोलमें सीआईएसएफ को शामिल किया गया। वह 1993 में सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से सीआईएसएफ में शामिल हुए थे। अपने 32 वर्षों के विशिष्ट करियर में उन्होंने बंदरगाह, तेल, बिजली, इस्पात क्षेत्र, करेंसी नोट प्रेस, प्रशिक्षण अकादमी और हवाई अड्डा क्षेत्र में यूनिट कमांडर के रूप में कार्य किया।

# थैलेसीमिया पीड़ितों पर सरकार व संसद में बात रखूंगी : डॉ महुआ माजी

नवीन मेल संवाददाता



● थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों के साथ हूं मैं जल्द इस मुद्दें पर सीएम साथ चर्चा करुंगी




**रांची।** झारखंड में थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया को झारखंड से भगाओ अभियान के तहत आज दूसरे दिन झारखंड राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत आज "लहू बोलेगा" रक्तदान संगठन एवं शोनित फाउंडेशन के सौजन्य से अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली के द्वारा थैलेसीमिया/सिकल सेल एनीमिया का बोन मैरो ट्रांसप्लांट हेतु झारखंड राज्यस्तरीय निःशुल्क मैचिंग टेस्ट कैम्प/एचएलए स्क्रीनिंग टेस्ट/शिबलिंग टैस्टिंग/मार्गदर्शन/परामर्श कैम्प रांची प्रेस क्लब में सुबह से शाम तक में 12 वर्ष के अंदर पीड़ितों का 39 थैलेसीमिया पीड़ितों सहित कुल 100 पीड़ितों के परिजनों के डोनर का एचएलए स्क्रीनिंग टेस्ट निःशुल्क हुआ। जिसकी रिपोर्ट तीन महीनें के अंदर आएगी,उसके बाद शत प्रतिशत मैच करने पर सरकारी/सीसीएल/एनजीओ/परोपकारी लोगों के सहयोग से निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट/ब्लड ट्रांस्फूशन होगा। जिसमें नई दिल्ली से आए अपोलो नई दिल्ली के निदेशक, बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग/सीनियर पीडियाट्रिक, ऑनकोलॉजी, हेमेटोलॉजी के देश के मशहूर डॉक्टर डॉ गौरव खारिया के नेतृत्व में अपोलो की टीम आई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ महुआ माजी एवं विशिष्ट अतिथि में डॉ अनुराधा वत्स, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट/दीपशिखा एवं इंजीनियर राजीव राजू, दिव्यंजनों पर कार्यरत सहित कार्यक्रम में अपोलो दिल्ली के रवि कुमार, एबी, शोनित फाउंडेशन के डेविड, अभिषेक चौधरी, अरशद एवं लहू बोलेगा के नदीम खान, मो बब्बर एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के देवकी देवी, सीमा देवी, सोना सिंह, सोनम, साक्षी, प्रगति शामिल थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं झारखंडी अंगवस्त्र देकर थैलेसेमिक पीड़ित बच्चों ने स्वागत किया। सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों के साथ हूँ मैं जल्द आपके मुद्दें पर मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन महोदय से आपके साथ चर्चा करूँगी। सांसद में आपकी आवाज़ उठाऊंगी। जो संभव होगा अविलंब गंभीर पहल करूंगी। डॉ गौरव खारिया जी ने कहा कि थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पर झारखंड राज्यस्तरीय यह कैम्प आप आयोजक का बेहद सरहनीय और ऐतिहासिक प्रयास है जिसका नतीजा भी बोन मैरो ट्रांसप्लांट का शत प्रतिशत होगा।

### रांची के विभिन्न अंचलों में जनता दरबार का आयोजन

## कई लोगों की शिकायतों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार जिले के सभी अंचलों में प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना और राजस्व संबंधित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करना है। आज भी जिला के सभी अंचलों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के राजस्व एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया गया। भू-राजस्व संबंधित कार्य जैसे -दाखिल-खारिज, करेक्शन स्लिप निर्गमन, सीमांकन, भूमि विवाद निपटारा तथा भूमि अभिलेख का सत्यापन एवं सुधार, जाति, आय, निवास, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य जनता दरबार में किया गया।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनता दरबार को नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनाया जाए। किसी भी नागरिक को बेवजह कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनता दरबार के माध्यम से नागरिकों को उनके अधिकारों और सरकारी सेवाओं तक सरल, त्वरित एवं पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। यह पहल सुशासन, जवाबदेही और जन-सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 'हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी' अभियान, 12 को मोराबादी में होगा आयोजन

# स्वदेशी के प्रति संकल्पों को दृढ़ता प्रदान करेगा यह मैराथन : सेठ

नवीन मेल संवाददाता

### विकसित भारत 2047 मैराथन में दौड़ेगी रांची




**रांची।** "हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी" अभियान के तहत विकसित भारत 2047 मैराथन का आयोजन आगामी 12 अक्टूबर 2024 को रांची में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वदेशी संकल्प के आह्वान पर आयोजित यह मैराथन रांची का एक ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा है, जिसमें लगभग 25,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। यह मैराथन झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसमें केवल खिलाड़ी ही नहीं बल्कि समाज के सभी वर्ग-विद्यार्थी, स्वयंसेवक, महिलाएं, माताएं, बहनें, सामाजिक संगठन और आम नागरिक-अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। आज माननीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि यह केवल दौड़ नहीं, बल्कि स्वदेशी के प्रति हमारे संकल्प को और दृढ़ बनाने वाला ऐतिहासिक अभियान है। मैं रांचीवासियों से आह्वान करता हूं कि वे स्वदेशी के इस संकल्प को सशक्त करने के लिए मैराथन में अवश्य भाग लें।

इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री के "आत्मनिर्भर भारत" और "स्वदेशी अपनाओ" अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। रांची के सभी वर्गों में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है, और अब तक हजारों प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इस अवसर पर उपस्थित झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक ने कहा की झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन राज्य में खेलों के विकास के प्रति समर्पित है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को एक नया मंच और प्रेरणा मिलेगी।

भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मैराथन स्वदेशी की भावना को जन-जन में प्रज्वलित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इस अवसर पर झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे एवं उदय साहू भी उपस्थित थे।

**मैराथन मार्ग**

मोरहाबादी मैदान से प्रारंभ होकर यह दौड़ एसएसपी आवास, कांके रोड, प्रेमसंस मोटर्स, श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय होते हुए पुन: मोरहाबादी मैदान पर संपन्न होगी। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठन जैसे मारवाड़ी युवा मंच, माहेश्वरी सभा आदि पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का अभिनंदन करेंगे। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, प्रमाणपत्र एवं अल्पाहार भी प्रदान किया जाएगा।

## युवकों को अगवा कर बदमाशों ने मारपीट की

**रांची।** चुटिया निवासी अनमोल मिश्रा और उसके साथी को अगवा कर जगन्नाथपुर इलाके में ले जाकर बदमाशों ने मारपीट की। इस वारदात को बदमाशों ने रविवार की शाम अंजाम दिया है। इस संबंध में अनमोल मिश्रा ने निशांत सिंह, शुभम कुमार समेत अन्य के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अनमोल ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की शाम हेहल अंचल पुल के पास अपनी कार से गए थे। इस दौरान दोनों आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचे और उन्हें व उनके दोस्त बलवंत नारायण को जबरन अपनी स्कॉर्पियो वाहन में बैठकर विवेकानंद स्कूल के समीप ले गए। वहां पर आरोपियों ने उन्हें जमकर पीटा। उनके भाई को फोन कर उन्हें ले जाने की बात कही। इसके बाद उनका भाई आया और घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले गया। बाद में थाने में मामला दर्ज कराया गया।

## ब्लॉक सड़कों व गार्ड हाउस का निर्माण शुरू

**पिठौरिया।** राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा के कोष से मंगलवार को पिठौरिया में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज,मंडल भाजपा अध्यक्ष गोपाल महतो ने किया। इस अवसर पर पिठौरिया महाराणा प्रताप चौक स्थित सन्तोष कुशवाहा के घर से जोड़ा तालाब तक पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण,अरविंद महतो के घर से विवेकानंद केशरी के घर तक पेवर ब्लॉक से सड़क निर्माण तथा किसान उच्च विद्यालय में गार्ड हाउस का निर्माण आदि योजनाओं का शिलान्यास किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांवों के मूलभूत समस्याओं का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। मौके पर अभिषेक कुमार,सुखदेव साहु,अनिल केशरी,जगरनाथ मिश्रा,श्रवण गोप,मुन्नी मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

## युवक से 4.39 लाख ठगे, केस दर्ज

**रांची।** पिस्कामोड़ हेहल निवासी राजकुमार सिंह से साइबर अपराधियों ने अधिक मुनाफे का लालच देकर 4.39 लाख रुपए ठग लिए। इस संबंध में सिंह ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। राजकुमार की ओर से थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि टेलीग्राम के जरिये उनका संपर्क अर्पिता वर्मा नामक युवती हुई। उसने उन्हें एक ऐप भेजा और कहा गया कि इस एप्लिकेशन को पंजीकृत करने और निवेश करने पर उन्हें 17 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा। इसके बाद ऐप के जरिये उनसे एक एप्लिकेशन को पंजीकृत कराया। साइट पर यह दिखा कि पैसा डॉलर में कनवर्ट हो रहा है। उसमें 17 प्रतिशत मुनाफा भी हो रहा है। सात से 27 सितंबर के बीच करीब 4.39 लाख रुपए निवेश किया। राशि की जब निकासी की तैयारी की तो उनसे सिक्योरिटी के तौर पर 2.56 लाख रुपए और मांगे गए। तब उन्हें साइबर ठगी का अहसास हुआ।

## सांसद ढुलू महतो की याचिका पर हाईकोर्ट ने केस डायरी मांगी

**रांची।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो से जुड़े वर्ष 2022 के केंदुआडीह थाना कांड में झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सरकार को मामले की केस डायरी पेश करने और शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला एक कथित हत्या की साजिश से संबंधित है। इस मामले में धनबाद की निचली अदालत ने सांसद ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। प्राथमिकी के अनुसार, सूचक ने चार-पांच लोगों को बातचीत करते सुना था कि ढुल्लू महतो ने उन्हें राम रहीम नामक व्यक्ति की हत्या करने का निर्देश दिया है।

## घनी आबादी वाले मधुकम क्षेत्र के पुनर्विकास को बनेगा मास्टर प्लान

**रांची।** रातू रोड में घनी आबादी वाले मधुकम क्षेत्र के पुनर्विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार होगा। रांची नगर निगम ने जल्द ही इसका प्रस्ताव पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है। खादगढ़ा सब्जी बाजार का जीर्णोद्धार होगा। इसके लिए निगम प्रशासक सुशांत गौरव ने मंगलवार को निगम की 11.62 डिसमील जमीन पर बने खादगढ़ा सब्जी बाजार, पास की खाली जमीन और आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस बीच उन्होंने सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था को भी देखा। निरीक्षण में बताया गया कि क्षेत्र में निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों की आबादी सबसे ज्यादा है। कई मलीन बस्तियों में रह रहे लोग अब भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस पर प्रशासक ने क्षेत्र का तेजी से विकास करने का निर्देश दिया। अतिक्रमण को जल्द हटाया जाएगा मौके पर प्रशासक ने सब्जी बाजार के अंदर व बाहर की अवैध दुकान के साथ अन्य कब्जों को जल्द हटाने के निर्देश दिए। बाजार में नियमित सफाई, डस्टबिन लगाने, जमींदोज नालियों को फिर से चालू करने और स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के निर्देश भी दिए।

## पृष्ठ एक के शेष

**रांची विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय सम्मेलन में...**

जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक आयोजन नए विचारों को जन्म देते हैं और युवाओं को जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। वित्त मंत्री ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, भूगोल विभाग और नागी की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मेलन न केवल अकादमिक जगत के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि राज्य और देश की विकास नीतियों में भी सार्थक योगदान देगा।

**माओवादी के प्रतिरोध सप्ताह और बंद के...**

रघुनाथ हेंब्रम उर्फ चंचल और जोनल कमेटी सदस्य कॉमरेड रामखेलावन गंजू उर्फ वीरसेन को कोबरा और झारखंड पुलिस ने मुठभेड़ में मार डाला है। इसके विरोध में प्रतिरोध सप्ताह और बंद का ऐलान किया गया है। इसके पहले नक्सली संगठन ने प्रेस नोट जारी कर केंद्र सरकार से शांति वार्ता की पेशकश की थी, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किसी भी वार्ता से साफ इनकार कर दिया। शाह ने नक्सलियों से अपील की थी कि वे हथियार डालें। सरकार मुख्यधारा में उनका स्वागत करेगी, लेकिन इसके पहले उनसे कोई बातचीत नहीं हो सकती।

**अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों को फिजिक्स का...**

क्योंकि ये इतने छोटे होते हैं कि सामान्य माइक्रोस्कोप से भी दिखाई नहीं देती। लेकिन अब इन वैज्ञानिकों ने पहली बार बिजली के सर्किट में "बड़े पैमाने" (मैक्रोस्कोपिक) पर क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज की है। बता दें, (नोबेलप्राइज डॉट ओआरजी के अनुसार) 1901 से अब तक 118 वैज्ञानिकों को भौतिकी पुरस्कार प्रदान किए जा चुके हैं। इनमें सबसे कम उम्र के विजेता 25 साल के लॉरेंस ब्रैग (1915) थे तो 96 साल के आर्थर अश्किन (2018) ये सम्मान हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज वैज्ञानिक थे। पहले भारतीय जिन्हें इस श्रेणी में पुरस्कृत किया गया, वो सर सीवी रमन थे। उन्हें ये सम्मान 1930 में दिया गया। उनकी खोज ने बताया था कि जब प्रकाश किसी पदार्थ से टकराता है, तो उसका रंग बदल सकता है। इसे रमन इफेक्ट कहते हैं। यह खोज आज लेजर और मेडिकल तकनीकों में इस्तेमाल होती है। वहीं दूसरे भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर थे। इन्हें 1983 में तारों (स्टार्स) के जीवन और मृत्यु की खोज के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने ही बताया कि बड़े तारे अंत में ब्लैक होल बन सकते हैं। 6 से 13 अक्टूबर के बीच विभिन्न श्रेणियों में नोबेल प्राइज दिए जाते हैं। 6 अक्टूबर 2025 को मेडिसिन के लिए मैरी ई. ब्रंकॉ, फ्रेड राम्सडेल और शिमोन साकागुची को दिया गया है। इन्हें यह प्राइज पेरीफेरल इम्यून टॉलरेंस के क्षेत्र में किए गए रिसर्च के लिए दिया गया है। विजेता को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेंगे। अगर एक से ज्यादा वैज्ञानिक जीतते हैं, तो यह प्राइज मनी उनके बीच बंट जाती है। पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में दिए जाएंगे।

**अब फेस, फिंगरप्रिंट से...**

को तेज और अधिक सुरक्षित बनाना है। प्रत्येक लेनदेन को जारीकर्ता बैंक द्वारा मजबूत क्रिप्टोग्राफिक जांच का इस्तेमाल कर स्वतंत्र रूप से सत्यापित किया जाता है, जिससे अनुभव सरल और सहज रहते हुए उच्चतम स्तर की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। यूपीआई में आधार आधारित फेस प्रमाणीकरण उपयोगकर्ताओं को यूपीआई ऐप्स में सीधे अपना यूपीआई पिन सेट या रीसेट करने का एक नया और सुरक्षित तरीका प्रदान करता है। अब तक, यूपीआई पिन बनाने के लिए डेबिट कार्ड डिटेल्स दर्ज करना या आधार ओटीपी वेरिफिकेशन से गुजरना पड़ता था। यूपीआई पिन के लिए आधार आधारित फेस प्रमाणीकरण के साथ, ऑनबोर्डिंग तेज, सरल और अधिक समावेशी हो गई है।


**कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार**

Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

**जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के तहत Eye Screening Centre का संचालन हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0–03/2025 (DMFT) से संबंधित आवश्यक सूचना।**

DMFT के तहत जिला लातेहार के अंतर्गत प्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्र प्रखण्ड लातेहार में Eye Screening Centre का संचालन हेतु विभिन्न पदों पर Competency based interview के आधार पर सेवाएँ प्राप्त करनें हेतु विज्ञापन का प्रकाशन किया गया था। उक्त विज्ञापन के तहत दिनांक–18.09.2025 को आयोजित साक्षात्कार एवं शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंक के आधार पर मेधा सूची एवं चयन सूची का प्रकाशन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट https://latehar.nic.in में प्रकाशित किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

PR 363392 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला– लातेहार**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 25/2025–26**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत, लातेहार को जलापूर्ति तथा साफ–सफाई मद अन्तर्गत प्राप्त आवंटन से व्यय के उपरान्त बची राशि कुल मो0 500000.00 ( पॉच लाख) रूपये की राशि से चापानल सामाग्रीयों के क्रय हेतु निर्माता अथवा अधिकृत बिक्रेताओं से **दिनांक 16.10.2025 के 3.00 बजे अपराहन् तक** ही इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते है, जो नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। साथ ही चापानल सामाग्रीयों के निविदा **दिनांक 16.10.2025 को अपराहन् 3.30** बजे निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष नगर पंचायत, लातेहार के निविदा समिति (Procurement Committeee) द्वारा खोला जायेगा। क्रय किये जाने वाले चापानल सामाग्रीयों की सूची नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में **दिनांक 14.10.2025 तक** प्राप्त किया जा सकता है। तथा निविदा हेतु निर्धारित नियम एवं शर्त्त कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर देखा जा सकता है, या लातेहार जिला के वेवसाईड **www.latehar.nic.in** पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है । साथ ही इस संबंध में विशेश जानकारी अमित कुमार कनीय अभियंता, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 363495 (Urban Development)25-26*D



**कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार**

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 23/2025–26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लातेहार द्वारा पथ प्रकाश हेतु संचालित पोलों एवं अन्य कार्य हेतु निम्नाकित सामग्रियों का क्रय किया जाना है। जो निम्नवत है।

| क.सं. | सामग्रियों का विवरण | मात्रा | सभी कर सहित दर |
|---|---|---|---|
| 01 | 10 MM Aluminium Single Core with Length & ISI Mark | Per Coil | |
| 02 | 6 MM Aluminium Single Core with Length & ISI Mark | Per Coil | |
| 03 | 2.5 MM Aluminium Single Core with Length & ISI Mark | Per Coil | |

इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता/संवेदक उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति हेतु अपना कोटेशन सभी कर सहित दर दिनांक 16.10.2025 को अपराहन् 2:00 बजे तक नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में अध्यतन आयकर प्रमाण पत्र (आयकर एकनॉलेजमेन्ट एवं पैन कार्ड), अध्यतन GST से संबंधित रजिस्ट्रेशन ,3B Return का प्रमाण पत्र, रंगीन कैटलॉग, प्रतिष्ठान का निबंधन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ जमा कर सकते है। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में अमित कुमार, कनीय अभियंता, नगर पंचायत लातेहार से ली जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 363476 Urban Development(25-26)#D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 25/2025-26

पत्रांक– 713 | लातेहार/दिनांक–06.10.2025

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | DMFT मद अन्तर्गत प्रखण्ड–लातेहार के पंचायत ईचाक के ग्राम लावागाड़ा में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन का मरम्मति कार्य। | 14.807 | 6 माह | |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 13.10.2025 | | |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.10.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.10.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>9939182470 | | |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 363404 Water Resource(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (डी०एम०एफ०टी० मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/24/2025-26/Gr_2(2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ पंचायत नेतरहाट के ग्राम आधेकोरगी में आँगनबाड़ी केन्द्र आधेकोरगी का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.10.2025 से दिनांक 14.10.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.10.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 363402 Rural Development (25-26)_D

कसाई से बना आईपीएल कमेंटेटर, भोजपुरी एक्टर...

# अब रेप व धर्म परिवर्तन के आरोप में मनी मेराज गिरफ्तार

**एजेंसी । गाजियाबाद**

बिहार के मशहूर यूट्यूबर और भोजपुरी अभिनेता मनी मेराज, जो कभी मुर्गा काटने का काम करते थे और IPL कमेंट्री से स्टार बने, अब गंभीर आपराधिक आरोपों में फंस चुके हैं. गाजियाबाद की खोड़ा पुलिस ने उन्हें पटना से गिरफ्तार कर लिया है। बिहार के मशहूर यूट्यूबर और भोजपुरी अभिनेता मनी मेराज, जो कभी मुर्गा काटने का काम करते थे और IPL कमेंट्री से स्टार बने, अब गंभीर आपराधिक आरोपों में फंस चुके हैं. गाजियाबाद की खोड़ा पुलिस ने उन्हें पटना से गिरफ्तार कर लिया है. एक महिला यूट्यूबर ने उन पर रेप, जबरन गर्भपात, धर्म परिवर्तन का दबाव, धोखाधड़ी और आर्थिक शोषण के आरोप लगाए हैं. पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड लेकर उन्हें गाजियाबाद लाया, जहां कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. यह मामला सोशल मीडिया सितारे की चमकदार जिंदगी पर काला धब्बा बन गया है.

**कसाई से करोड़ों फॉलोअर्स तक :** मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले मनी मेराज (असली नाम अनीस मेराज) ने अपने करियर की शुरुआत मुर्गा काटने के काम से की.गरीबी से जूझते हुए उन्होंने यूट्यूब पर कॉमेडी वीडियो बनाना शुरू किया. उनके भोजपुरी स्टाइल के वीडियो वायरल हो गए. एक वीडियो को 1.4 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिले. आज उनके चैनल पर करोड़ों फॉलोअर्स हैं. वे IPL मैचों की भोजपुरी कमेंट्री के लिए मशहूर हैं. यूट्यूब की सफलता के बाद वे भोजपुरी फिल्मों में एक्टिंग करने लगे, जहां उनकी कॉमिक टाइमिंग को खूब सराहा गया.

**शादी का झांसा, रेप और धर्म परिवर्तन :** पीड़िता, जो खुद एक महिला यूट्यूबर हैं, ने 18 सितंबर को गाजियाबाद के खोड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई. आरोप है कि दो साल पहले दिल्ली में मनी ने झूठी पहचान बनाकर दोस्ती की और शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए. रेप के अलावा, मनी ने उन्हें बीफ खाने, कलमा पढ़ने और इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर किया. जब महिला गर्भवती हुई, तो जबरन गर्भपात कराया. साथ ही, लाखों रुपये ऐंठे और पहले से शादीशुदा होने तथा दो बच्चों का पिता होने की बात छिपाई. पीड़िता ने बताया कि तीन साल से यह शोषण चल रहा था. विरोध करने पर मारपीट की धमकी दी गई. पुलिस ने आरोपों की जांच में सच्चाई पाई और पटना के अनीसाबाद इलाके से उन्हें गिरफ्तार किया।



## पटना से गाजियाबाद तक का ऑपरेशन

गाजियाबाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर मनी की पटना में मौजूदगी का पता लगाया. शनिवार रात दोस्त के फ्लैट से गिरफ्तारी हुई. रविवार को ट्रांजिट रिमांड लेकर गाजियाबाद लाए गए.एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने पुष्टि की कि मामले की गहन जांच चल रही है. मनी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है.पुलिस का कहना है कि अन्य संभावित पीड़िताओं की तलाश भी की जा रही है, क्योंकि मनी के कई अन्य महिलाओं से संबंध होने के आरोप हैं.

### पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप

महिला ने बताया कि मनी मेराज ने अपनी असली पहचान छुपाकर दोस्ती की और नशीला पदार्थ देकर उसे बेहोश किया. इसके बाद शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया और अप्राकृतिक संबंध बनाए. आरोपी ने महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला और गर्भपात करवाने को मजबूर किया. पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी और उसके परिवार ने बीफ खाने और कलमा पढ़ने के लिए दबाव डाला. महिला ने कहा कि यह सिलसिला पिछले तीन सालों से चल रहा था और मनी मेराज ने उससे लाखों रुपये ठग लिए. एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने पुष्टि की कि खोड़ा पुलिस टीम ने गहन जांच के बाद आरोपी को पटना से गिरफ्तार किया.

## 8 से 18 अक्टूबर तक स्कूल बंदकर जातीय जनगणना

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीएम सिद्धारमैया**

**एजेंसी। कर्नाटक**



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कई ज़िलों में काम में देरी के चलते, चल रहे सामाजिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण, जिसे आमतौर पर जाति जनगणना कहा जाता है, को आगे बढ़ाने की घोषणा की है। 22 सितंबर से शुरू होकर 7 अक्टूबर को समाप्त होने वाला यह सर्वेक्षण अब 19 अक्टूबर तक चलेगा। सिद्धारमैया ने कहा कि कोप्पल जैसे कुछ ज़िलों ने 97 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है, जबकि दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जैसे अन्य ज़िलों ने केवल लगभग 60 प्रतिशत ही हासिल किया है। पूरे राज्य में सर्वेक्षण हमारी उम्मीदों के मुताबिक़ आगे नहीं बढ़ पाया है। इसे शुरुआती समय सीमा के भीतर पूरा करना संभव नहीं है। शिक्षा विभाग ने स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग के साथ विचार-विमर्श के बाद सर्वेक्षण अवधि बढ़ाने का आदेश जारी किया है। इस कार्य में लगभग 1.6 लाख कर्मचारी भाग ले रहे हैं, जिनमें 1.2 लाख शिक्षक और 40,000 अन्य कर्मचारी शामिल हैं। शिक्षक संघ के अनुरोध पर, सरकार ने सर्वेक्षण कार्य को सुगम बनाने के लिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 8 से 18 अक्टूबर तक अवकाश घोषित किया है।

**चुनाव का ऐलान होते ही बोले - लालू यादव**

## '6 और 11, को एनडीए हो जाएगा नौ दो ग्यारह'

**एजेंसी। पटना**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा। राजग में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) शामिल हैं। लालू यादव ने चुनाव आयोग द्वारा बिहार में दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान की घोषणा के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि छह और ग्यारह, एनडीए नौ दो ग्यारह। चुनाव आयोग ने सोमवार को सभी 243 विधानसभा सीटों के लिए तारीखों की घोषणा कर दी, और मतगणना 14 नवंबर को होगी। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव तिथियों की घोषणा के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को एक बार फिर निर्णायक जनादेश मिलेगा।

**हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट**

# पीड़ित अदालत नहीं आएंगे तो आप किसके लिए ये सब कर रहे : कोर्ट

- आयोग से पूछा गया कि कितनी शिकायतें या आपत्तियां प्राप्त हुईं और उन पर क्या कार्रवाई हुई
- आयोग ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया नियमित रूप से चल रही है
- कोर्ट ने पारदर्शिता बढ़ाने और हटाए गए मतदाताओं को उचित जानकारी देने का निर्देश दिया





**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बाहर किये गये मतदाताओं का ब्यौरा 9 अक्टूबर तक प्रस्तुत करने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जो 6 नवंबर से शुरू होने वाला है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने सुनवाई 9 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी है।

अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि अंतिम मतदाता सूची, जिसमें 21 लाख से ज़्यादा नए नाम शामिल हैं और 3.66 लाख नाम बाहर हैं। एसआईआर से पहले जनवरी 2025 की मूल मतदाता सूची से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग यह काम बस एक बटन दबाकर कर सकता है। इस पर न्यायमूर्ति कांत पूछते हैं कि याचिकाकर्ता यह किसके लिए कर रहे हैं? ऐसे लोग हैं जो मतदाता सूची से अपने नाम हटाए जाने के ख़िलाफ़ आवाज़ नहीं उठाएँगे। वे अदालत का दरवाज़ा नहीं खटखटाएँगे। तो फिर आप यह किसके लिए कर रहे हैं। न्यायमूर्ति कांत ने कगा कि अधिवक्ता कांत बिहार के किसी एक निर्वाचन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करके देख सकते हैं कि कितने लोगों के नाम काटे गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर, 2025 को दोपहर 3:30 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित की है ताकि चुनाव आयोग एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा लगाए गए आरोपों पर अपना मूल जवाब दे सके। मामले की विस्तृत सुनवाई 14 अक्टूबर को फिर से होगी। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार (30 सितंबर, 2025) को बिहार में अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी, जिसमें सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के पूरा होने पर लगभग 7.42 करोड़ नाम शामिल हैं। 15 सितंबर, 2025 को हुई पिछली सुनवाई में, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि वह यह मानकर चल रहा है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते, निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान कानून का पालन कर रहा है और आगाह किया था कि किसी भी अवैधता की स्थिति में, इस प्रक्रिया को रद्द कर दिया जाएगा।

**खड़गे ने की रायबरेली घटना की निंदा की बोले-**

## यह सामाजिक न्याय के खिलाफ अपराध

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या की कड़ी निंदा की है। पार्टी की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर उन्होंने इस घटना को संविधान और सामाजिक न्याय के खिलाफ अपराध बताया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर कांग्रेस की तरफ से जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य का पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया कि रायबरेली में दलित युवक की हत्या निंदनीय है। यह घटना देश के संविधान का अपमान है, जो सभी नागरिकों को समानता और सुरक्षा का अधिकार देता है। यह दलित समुदाय के खिलाफ अपराध होने के साथ-साथ पूरे समाज पर कलंक है।

पार्टी ने कहा कि देश में दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चाहे हाथरस और उन्नाव में महिलाओं पर अत्याचार, रोहित वेमुला की हत्या, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर यूरिन करने की अमानवीय घटना, ओडिशा और मध्य प्रदेश में दलितों की पिटाई या फिर हरियाणा के पहलू खान और उत्तर प्रदेश के अखलाक की हत्या हो, ये सभी मामले समाज और प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाते हैं। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर की कार्रवाई और भीड़तंत्र जैसी घटनाएं आम हो गई हैं, जो किसी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हैं। हरिओम की हत्या हमारे समाज की नैतिकता पर सवाल उठाती है। कांग्रेस पार्टी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा गांधी के सपनों के भारत की बात की, जो सामाजिक न्याय, समानता और संवेदना पर आधारित है।

कांग्रेस ने जोर देकर कहा कि हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए और मानवता ही एकमात्र रास्ता है। संयुक्त वक्तव्य में लोगों से अपील की गई कि वे इस तरह के अन्याय के खिलाफ एकजुट हों। कांग्रेस वंचित और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी ने मांग की कि हर भारतीय के अधिकारों और सम्मान की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, रायबरेली पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**कफ सिरप से बच्चों की मौत का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट**

## सीबीआई जांच और कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने की मांग

**एजेंसी। मध्य प्रदेश**

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दूषित कफ सिरप पीने से कम से कम 14 बच्चों की मौत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर इस याचिका में देश भर में सभी दूषित कफ सिरप बैचों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें वापस मंगाने तथा सभी सिरप-आधारित फ़ॉर्मूलेशनों की अनिवार्य जाँच की भी माँग की गई है। अन्य राज्यों में हुई ऐसी ही घटनाओं का हवाला देते हुए, तिवारी ने आग्रह किया कि जाँच सर्वोच्च न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए। याचिका में शोक संतप्त परिवारों को मुआवज़ा देने और दवा सुरक्षा अलर्ट की वास्तविक समय पर निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस पोर्टल बनाने की मांग की गई है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का भी हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है यह अधिकार सुनिश्चित करता है कि उपचार के लिए बनाई गई कोई भी दवा मौत का कारण न बने। यह मामला छिंदवाड़ा में हुई उस त्रासदी से जुड़ा है जहाँ कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से 15 साल से कम उम्र के 14 बच्चों की मौत हो गई थी।



राज्य सरकार द्वारा किए गए परीक्षणों में पाया गया कि तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) पाया गया था - एक ज़हरीला औद्योगिक विलायक जो दवाइयों में इस्तेमाल के लिए प्रतिबंधित है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला कि सिरप पीने के बाद कई बच्चों को गंभीर गुर्दे की विफलता का सामना करना पड़ा और कुछ ही दिनों में मरने वालों की संख्या चौदह हो गई। बाद में महाराष्ट्र के नागपुर से भी इसी तरह के मामले सामने आए। याचिका में केंद्र सरकार और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की निष्क्रियता पर सवाल उठाया गया है।

और आरोप लगाया गया है कि दूषित पदार्थों की पुष्टि होने के बावजूद कोई प्रतिबंध या चेतावनी जारी नहीं की गई।

### एसआईआर के बिना बंगाल में शांति बहाल नहीं होगी: दिलीप घोष



**कोलकाता।** बंगाल के बाढ़ क्षेत्रों का दौरा करने गए भाजपा विधायक और सांसद पर हुए हमले पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बंगाल की स्थिति के लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं। हमारे विधायक, सांसद दौरा करने गए तो उन पर हमला हुआ। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल में एसआईआर के बिना शांति बहाल नहीं हो सकती है। इसलिए, जरूरी है कि यहां पर भी एसआईआर कराया जाए। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी ने रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को यहां पर वोट बैंक बनाकर रखा है, जिसकी वजह से वे चुनाव जीतती रही हैं। उन्होंने कहा कि जो स्थिति बंगाल में है, यहां पर तो राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमले की कोशिश पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। अदालत के अंदर इस तरह की चीजें बर्दाश्त से बाहर हैं।

## छांगुर बाबा गिरोह पर शिकंजा, विदेशी फंडिंग से फैलाई जा रही थी साज़िश

**एजेंसी। उत्तर प्रदेश**



उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी करीबी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन समेत छह आरोपियों के खिलाफ लखनऊ से मुंबई तक फैले एक राष्ट्रव्यापी अवैध धर्मांतरण नेटवर्क को चलाने के आरोप में आरोपपत्र दाखिल किया है। जांच के अनुसार, इस रैकेट में विदेशी फंडिंग, करोड़ों की संपत्ति और हिंदू व सिख महिलाओं को छल-कपट, धमकी और डरा-धमकाकर धर्म परिवर्तन के लिए लुभाने की एक सुनियोजित साजिश शामिल थी। चौंकाने वाली बात यह है कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत का एक कर्मचारी भी आरोपियों में शामिल है।

**विदेशी फंडिंग और भारी संपत्ति का पता**

एटीएस की जाँच से पता चला है कि दुबई स्थित कंपनियों से करोड़ों रुपये भारतीय खातों में भेजे गए। यह धनराशि नीतू नसरीन और उनके पति नवीन रोहरा तक पहुँचाई गई, जिन्होंने कथित तौर पर इस पैसे से बलरामपुर और आसपास के जिलों में करोड़ों रुपये की कई संपत्तियाँ खरीदीं। कथित तौर पर अदालत के कर्मचारी राजेश उपाध्याय ने इनमें से कई लेन-देन में मदद की।

- यूपी एटीएस ने अवैध धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़ किया।
- छांगुर बाबा और नीतू नसरीन समेत छह आरोपियों पर आरोपपत्र दाखिल।

### लोकतंत्र को कमज़ोर करने की कट्टरपंथी साज़िश

जांचकर्ताओं का दावा है कि छांगुर बाबा का गिरोह सिर्फ़ लोगों का धर्मांतरण ही नहीं कर रहा था, बल्कि एक बड़े लक्ष्य की ओर काम कर रहा था: भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमज़ोर करना और शरिया कानून स्थापित करना। इस समूह ने चरमपंथी विचारधारा फैलाने और देश को अस्थिर करने के लिए एक प्रशिक्षण केंद्र बनाने की भी योजना बनाई थी।

### ईडी की जांच से दुबई से संबंधों की पुष्टि

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी जाँच में शामिल हो गया है और उसे इस रैकेट से जुड़े करोड़ों रुपये के विदेशी धन के ठोस सबूत मिले हैं। अब तक, लग्जरी कारों और बहुमूल्य ज़मीन सहित ₹13 करोड़ से ज़्यादा की संपत्ति ज़ब्त की जा चुकी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आएगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपकी सेहत ठीक रहेगी। घरेलू कामों में रुचि बनी रहेगी और रिलैक्स महसूस करने के लिए मनोरंजन संबंधी योजनाएं भी बन सकती हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज व्यवस्थित दिनचर्या तथा खान-पान सही रखने से आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। आप अपने दम पर हर काम को करने की क्षमता रखेंगे। व्यवसायिक उथल-पुथल और आर्थिक स्थिति की वजह से परिवार के सदस्यों के खर्चों में कटौती करनी पड़ सकती है।

**मिथुन :** आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। माता-पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे, आपके कामों में आपकी मदद भी करेंगे। आज आपको घर के किसी वरिष्ठ सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर उलझन बनी रहेगी।

**कर्क :** आज आपका दिन नई उमंग के साथ शुरु होगा। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। आज मीडिया और कम्युनिकेशन से संबंधित व्यवसाय में उपलब्धियों के योग बन रहे हैं। इस उचित समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। व्यावसायिक पार्टियों के साथ रिश्ते मधुर बनाने का प्रयास करेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा। आज आप जरूरत से ज्यादा किसी भी व्यक्ति के ऊपर विश्वास करने से बचें और खुद पर यकीन करें। आज बच्चों के साथ उनके क्रियाकलापों में रुचि लेना और सहयोग करना।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको घर से संबंधित किसी समस्या का समाधान मिलने वाला है। बेहतर होगा कि आप वरिष्ठ सदस्य की सलाह और मार्गदर्शन पर ध्यान दें। आप उलझन से मुक्त होकर अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे। बच्चों की शिक्षा और करियर से रिलेटिड भी कोई काम हो सकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। इस समय आप अपने बढ़ते खर्चों में कटौती करने का प्रयास करेंगे। लेकिन आप धैर्य और संयम बनाये रखें, जल्द ही सब ठीक होगा। फालतू बातों में ध्यान ना दें, और अपने काम में ही व्यस्त रहें। आज दोपहर बाद परिस्थितियां सकारात्मक रहेंगी।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज काफी हद तक आप खुद को पॉजिटिव महसूस करेंगे। आज आप ध्यान रखेंगे कि आपकी बात से किसी को आघात ना पहुंचे। अपनी महत्वपूर्ण चीजों की देखभाल खुद करेंगे। आज व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय पर अधिक ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज मौजूदा बिजनेस में नई उपलब्धियां मिलने की संभावना है। अपने कार्यक्षेत्र में जो बदलाव किए हैं, उसके भी भविष्य में बेहतर परिणाम हासिल होंगे। कोई ऑफिशियल जर्नी भी करनी पड़ सकती है। साथ ही प्रमोशन की भी संभावनाएं बन रही हैं।

**मकर :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज ऑफिस के काम में आप थोड़े बिजी होंगे और आपको थोड़ी थकान महसूस होगी, अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें। आज राजनैतिक और अनुभवी व्यक्ति की सलाह और मदद आपके व्यवसाय को नई दिशा देगी। आर्थिक स्थिति आज अच्छी बनी रहेगी।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस समय अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ज्यादा ध्यान दें। पिछले कुछ समय से चल रही उलझनों से राहत मिलेगी। आज अचानक ही आपको कहीं से सहयोग और उचित सलाह भी हासिल होगी। इस राशि के विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे व्यक्तियों को शुभ सूचना मिल सकती हैं।

**मीन :** अ आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज योजनाबद्ध तरीके से अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें, इससे आपके कार्य सफल होंगे। नजदीकी रिश्तों से चल रहे मन-मुटाव दूर होने से रिश्तों में मधुरता आएगी। साथ ही परिवार के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम भी बनेगा।

**राहुल पर सवाल** राहुल गांधी को विदेश में कौन बुलाता है? यह रहस्य है : सुधांशु त्रिवेदी

# भारतीय विश्वविद्यालय क्यों नहीं बुलाते राहुल को ?

- राहुल ने विश्वविद्यालय में केंद्र सरकार की आलोचना की थी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को सवाल उठाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को विदेशी विश्वविद्यालयों में क्यों आमंत्रित किया जाता है, जबकि उन्हें किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय में बोलने के लिए आमंत्रित नहीं किया जाता। त्रिवेदी की यह टिप्पणी कोलंबिया के ईआईए विश्वविद्यालय में गांधी की हालिया टिप्पणियों के बाद आई है, जहाँ उन्होंने केंद्र सरकार की आलोचना की थी। एएनआई से बात करते हुए, भाजपा नेता ने विदेश में व्याख्यान देने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की और दावा किया कि वह भारत की छवि खराब करते हैं और देश की उपलब्धियों को नज़रअंदाज़ करते हैं। उन्होंने आगे कहा, "उन्हें कौन आमंत्रित करता है, यह एक रहस्य है?"त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस में कई विद्वान नेता हैं। लेकिन कोई उन्हें विदेशी विश्वविद्यालयों में क्यों नहीं बुलाता, सिर्फ़ राहुल गांधी को ही क्यों बुलाता है? अगर वह इतने विद्वान हैं, तो देश का कोई भी विश्वविद्यालय उन्हें क्यों नहीं बुलाता? उन्हें कौन बुलाता है, यह एक रहस्य है। वह वहाँ जाते हैं और कुछ न कुछ कहते हैं। यह राहुल गांधी द्वारा 2 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधने के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती लोकतंत्र पर हमला है। गांधी ने कहा कि भारत में इंजीनियरिंग और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में मज़बूत क्षमताएँ हैं, इसलिए मैं देश को लेकर बहुत आशावादी हूं।

**राहुल गांधी के पिछले दस वर्षों के विदेश दौरों की जांच हो : निशिकांत दुबे**



**नई दिल्ली।** झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य सांसदों के विदेश दौरे को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी और कुछ अन्य सांसद बिना भारत सरकार की अनुमति के विदेशों का दौरा कर रहे हैं, जो ठीक नहीं है और इसकी जांच होनी चाहिए। सांसद दुबे ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया कि राहुल गांधी और अन्य सांसद जो विदेशों में अध्ययन भ्रमण (स्टडी टूर) के नाम पर घूमते हैं, वे सरकार को जानकारी दिए बिना विदेश यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से इस मामले की जानकारी लेने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है।निशिकांत दुबे ने एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उदाहरण भी पेश किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1986 में जब राजीव गांधी सरकार सत्ता में थी, तब बिना अनुमति के विदेश दौरे के कारण दो केंद्रीय मंत्री चंदूलाल चंद्राकर (राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास) और केपी सिंह देव (राज्य मंत्री, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति) को इस्तीफा देना पड़ा था। इसके साथ ही उस समय के इलेक्ट्रॉनिक्स आयोग के अध्यक्ष एमएस संजीवी राव को भी पद छोड़ना पड़ा था। उन्होंने कहा कि उस दौर में एक व्यक्ति रामस्वरूप ने इन्हें चीन, ताइवान, कोरिया और हांगकांग का मुखबिर बनाकर देश के खिलाफ जासूसी करने का आरोप लगाया था। यह घटना उस समय के लिए बेहद गंभीर थी और इसे लेकर कड़ा रुख अपनाया गया था।